किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक-श्री कृष्णराज अरुण अध्यक्ष,नॉर्थ जोन- न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92.

वर्ष: 1 अंक: 174 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 09 अप्रैल 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया

'कोई भी हमारी भ्रष्टाचार की जांच न करे..., विपक्ष पर PM मोदी का तंज,

बोले– उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने भी झटका दिया

हैदराबाद. पीएम नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए ईडी-सीबीआई की जांच पर सवाल उठाने वाले विपक्षी नेताओं पर कटाक्ष भी किया है. पीएम मोदी ने कहा कि वह हमेशा से ही जांच एजेंसियों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते रहे हैं. केंद्रीय जांच एजेंसियों के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाने वाले कुछ राजनीतिक दलों को तो अब कोर्ट ने भी झटका दे दिया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद पहुंचकर तेलंगाना में 11,360 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया. पीएम मोदी ने हैदराबाद में सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई. इसी दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित कर सरकार की योजनाएं गिनाईं तो वहीं विपक्ष पर भी निशाना साधा. पीएम ने कहा कि विपक्ष ने जांच एजेंसियों के गलत इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां भी उन्हें कुछ हाथ नहीं लगा.

पीएम नरेंद्र मोदी ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ दिन पहले कुछ राजनीतिक दल कोर्ट में सुरक्षा मांगने गए थे. उनका कहना था कि कोई हमारी भ्रष्टाचार से भरी किताबों की जांच करने की मांग न करे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें झटका दे दिया. पीएम ने कहा कि इन किताबों की जांच तो होकर रहेगी.

...तो भगवान राम की धरती अयोध्या में पर्यटकों को मिलेगा फ्लाई रेस्टोरेंट में भोजन

–हेलीकॉप्टर से यात्रा के साथ ही पर्यटकों को मिल सकती है यह यूनिक सेवा भी

–160 फीट आसमान में भोजन देने की सेवा फ्लाइ रेस्टोरेंट अभी है नोएडा में

शशिकांत ओझा ब्यूरोचीफ समाज जागरण

मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान राम का प्रसिद्ध मंदिर तो बन ही रहा है। देश दुनिया के पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग विशेष तैयारी करने की कार्ययोजना पर काम कर रहा है। शीघ्र ही अयोध्या में पर्यटकों को आसमान में भोजन की सेवा फ्लाई रेस्टोरेंट की सुविधा मिल सकती है। अयोध्या की हेलीकॉप्टर से सैर की योजना पर तो काम चल ही रहा है।

अयोध्या में बनेगा फ्लाई रेस्टोरेंट, पर्यटक 160 फीट ऊपर आसमान में लेंगे स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद। यह योजना अभी नोएडा में है।



अयोध्या में हेलीकॉप्टर से हवाई यात्रा करने के साथ ही पर्यटक आसमान में स्वादिष्ट खाने का स्वाद ले सकेंगे। पर्यटन विभाग इसके लिए फ्लाई रेस्टोरेंट खुलवाने की तैयारी में हैं। जो गोवा और नोएडा की तर्ज पर होगा। जहां लोग जमीन से 160 फीट ऊपर खाना स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। यह रेस्टोरेंट पब्लिक, प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगा। जिसके लिए विभाग ने पूरे देश के निवेशकों से आवाहन किया है। इच्छुक उद्यमियों को विभाग 20% सब्सिडी के साथ उनके इच्छा के अनुरूप जमीन भी मुहैया कराएगा। अयोध्या में पर्यटक फ्लाई रेस्टोरेंट में स्वादिष्ट खाने का स्वाद ले सकेंगे। श्रीराम की नगरी अयोध्या में एक तरफ मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है, तो दूसरी तरफ पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसे देखते हुए केंद्र और यूपी सरकार अयोध्या आने वाले पर्यटक के लिए हर सुविधा मुहैया कराने का प्रबंध कर रही है। सरकार गोवा, अहमदाबाद, मुंबई, नोएडा और बंगलौर की तर्ज पर अयोध्या में भी फ्लाई रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी में है। जो यूपी का दूसरा रेस्टोरेंट होगा। इससे पहले नोएडा के सेक्टर-38 में फ्लाई रेस्टोरेंट 2019 में खुला था। फ्लाई रेस्टोरेंट में बैठकर अयोध्या को आसमान से देखने को मिलेगा मौका।

नयाघाट और गुप्तारघाट निवेशकों की पसंद

अयोध्या आने वाले हर निवेशकों की पहली पसंद नया घाट और गुप्तारघाट है। उद्यमी जहां तैयार होंगे, वहां फ्लाई रेस्टोरेंट स्थापित करने के लिए जमीनें दी जाएगी। रेस्टोरेंट स्थापित करने की समय सीमा अभी निर्धारित नहीं की गई है।

निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से निवेश प्रक्रिया में आएगी तेजी

दैनिक समाज जागरण चंडीगढ़ CPH एडिटर के आर अरुण राजधानी शिमला ब्यूरो टीना ठाकुर



हिमाचल में 10 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े प्लांट

शिमला- हिमाचल राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को सक्षम आदर्श और शसक्त उद्यमिता के रास्ते मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य के भीतर निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में ह्यनिवेश प्रोत्साहन ब्यूरोह्ल की स्थापना का प्रस्ताव है।बता दें कि यह ब्यूरो हिमाचल को देश का आदर्श निवेश अनुकूल राज्य बनाएगा और निवेशकों को ह्यप्लग-एंड-प्ले इंटरफेसह्ल प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार पर्यटन, आईटी, सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने में निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से न केवल राज्य में निवेश आने से राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि उद्योग क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए 90 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देश पर निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो पुरानी एकल खिड़की प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसमें निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां निहित होंगी।

इस निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जा रही है और सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से सम्बंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा।

प्रदेश सरकार विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने लिए निवेश नीति की दिशा में भी कारगर प्रयास कर रही है। भविष्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार ने समग्र निवेश नीति तैयार करके राज्य में लागू करने का निर्णय लिया है। इससे निवेशकों को तीव्र और बहुआयामी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा सुक्खू राज्य सरकार प्रदेश में रेल सम्पर्क और सड़कों के विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इससे उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा होगी।

पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, फार्मा इकाइयों आदि से सम्बंधित इकाइयों पर विशेष बल दिया जा रहा है।

पर्यटन और सम्बंधित क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने पर भी बल दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है क्योंकि इसमें निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

हिमाचल सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों से लेकर बड़े उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और लाभ समय-समय पर प्रदान किए जा रहे हैं। ऊना में बल्क ड्रग पार्क और फार्मा सेक्टर के कार्यान्वयन के लिए उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क के लिए 2110 करोड़ रुपये के समझौते ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए है।

बूथ कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता : लालजी वर्मा

दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के 73 लोकसभा जौनपुर व 74 लोकसभा मछलीशहर के बूथ गठन हेतु नगर के हिन्दी भवन में आयोजित कार्यकर्ता बैठक के मुख्य अतिथि बूथ गठन प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव, विधायक लालजी वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता हमारा बूथ पर है जो समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने और अपना बूथ जिताने का काम करता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश है कि हमारे बूथों कार्यकताओं का सम्मान हमारे लिए सर्वप्रिय है। जो नेता उनका सम्मान नहीं करेगा, उसे कभी सम्मान नहीं मिलेगा। आप लोगों की बदौलत ही देश से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जायेगा। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है। श्री वर्मा ने कहा कि अब 2024 का चुनाव देखकर वोट के लिए भाजपा सरकार शिलान्यास कर रही है। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार ने अब तक 17 बजट प्रस्तुत किये हैं लेकिन आम जनता की आर्थिक स्थिति में सुधार होने के बजाय और दयनीय होती जा रही है।

सपा जिलाध्यक्ष डा. अवध नाथ पाल ने कहा कि बूथ स्तर तक का गठन समाजवादी पार्टी हर जाति व धर्म के लोगों को साथ जोड़कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। हमारे बूथों नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है।

इस अवसर पर विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव, लाल बहादुर यादव, राम यादव, राज नरायन बिन्द, मो. अरशद खान, सुषमा पटेल, दीपचंद्र सोनकर, कैलाश सोनकर, बिरजू राम, राज बहादुर यादव, यशवंता यादव, राकेश मौर्या, राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, राजेंद्र टाइगर, श्रवण जायसवाल गांधी, राजेश यादव, दीपचंद राम, भानु प्रताप मौर्या, शिवजीत यादव, नीरज पहलवान, सोचन राम विश्कर्मा, रमेश साहनी, कमालुद्दीन अंसारी, इरशाद अंसारी, अली मंजर डेजी, दिनेश यादव फौजी, अनिल फौजी, मालती निषाद, शबनम नाज, मनोज मौर्या सहित तमाम सपाजन उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

कार्यकताओं के सवाल पर हुआ बवाल, हुई धक्का–मुक्की, भड़का आक्रोश

समाजवादी पार्टी की लोकसभा सदर एवं मछलीशहर के बूथ कमेटी के गठन एवं सुझाव हेतु हिंदी भवन में कार्यकर्ता बैठक हुई जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव एवं विधायक लालजी वर्मा मौजूद थे। जौनपुर जिलाध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल के आश्वासन के बाद भी कार्यकताओं को मंच से बोलने नहीं दिया गया। जब वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र यादव टाइगर, अली मंजर डेजी जैसे वरिष्ठ कार्यकताओं ने सवाल उठाया तो उनके

साथ धक्का–मुक्की की गयी। इतना ही नहीं, मंच से कहा गया कि सभी लोग अपने मोबाइल का स्विच ऑफ कर दें। इस घटना का वीडियो और फोटो न बनायें। इससे कार्यकताओं में बड़ा रोष देखा गया। वहीं इसको लेकर जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीणांचलों तक चचाओं का बाजार भी गर्म हो गया।

दैनिक समाज जागरण नोएडा ग्रुप एडिटर्स बोर्ड के चेयरमैन बनाए गए श्री कृष्णराज अरुण

नोएडा दैनिक समाज जागरण डेस्क- देश में तेजी से फैल रहे कई राज्यों में २ं संस्करणों में नोएडा से संचालित दैनिक समाज जागरण के सलाहकार संपादक श्री कृष्ण अरुण को ग्रुप एडिटर्स बोर्ड में चेयरमैन के रूप में अधिकृत किया गया है।

श्री अरुण प्रसिद्ध समाचार पत्रों की संस्था न्यूजपेपर्स ऐसोसिएशन आफ इंडिया दिल्ली के उत्तरी भारत एवम वेस्ट जोन मुंबई के चेयरमैन होने के साथ साथ दैनिक समाज जागरण के हरियाणा में सीपीएच एडिशन के एडिटर भी हैं। वे पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा के परमशिष्य एवम गुलजारीलाल नन्दा फाउंडेशन के चेयरमैन भी हैं।

दैनिक समाज जागरण पब्लिकेशन के प्रमुख एवम प्रधान संपादक श्री रमन कुमार झा ने श्री अरुण को समाचार पत्र की विकास यात्रा को सभी स्तरों पर भूमिका निर्वाह के लिए अधिकृत किया है।

श्री अरुण ने दैनिक समाज जागरण के प्रबंधन के निर्णय का स्वागत करते हुए ग्रुप एडिटर्स बोर्ड चेयरमैन के दायित्व को पूरी निष्ठा से कर्तव्य निर्वाह का भरोसा दिलाया।

उन्होंने यह भी कहा कि देश के हर हिस्से में समाचार पत्र के हर एडिशन में संसाधन सम्पन्न श्रेष्ठ व्यक्तिव सुयोग्य पात्रों को बोर्ड आफ डायरेक्टर चयनित करेंगे। सभी सहकारिता सदस्य उद्यमी होंगे जिनमें श्री रमन कुमार झा, श्री कृष्णराज अरुण, डा ज्योत्सना जुली झा, विष्णु सिकरवार, हरकेश सैनी, उषा नेनवाल, अनिल पांडे, अभिनेत्री दीप्ति,सहित 11सदस्यीय समिति बोर्ड आफ डायरेक्टर सूची में शामिल हैं।

श्री अरुण ने कहा कि अब यह समाचार पत्र भारत रत्न नंदा के मीडिया मिशन नैतिक शक्ति के रूप में समाज जागरण के दायित्व निर्वाह को पूरा करेगा।

उन्होंने आज समाचार पत्र की प्रबंध निदेशक ज्योत्सना जुली एवम अन्य सदस्यों के समक्ष घोषणा में कहा कि वे केवल अपने सीपी एच संस्करण हरियाणा से ही मीडिया उद्योग व्यवसाय के हक दार होंगे अन्य किसी संस्करण से या नोएडा से कोई कमाई वेतन नहीं लेंगे यह पद खुद त्यागपत्र देने तक स्थाई रहने का जो सम्मान मिला है उसका हम पूरा सम्मान रखेंगे।

दैनिक समाज जागरण डिजिटल चैनल हो या प्रिंट मीडिया दोनो ही समाज के हकों के लिए जन आंदोलित मीडिया मिशन रहेगी। सहकारिता मिशन का रूप होगा दैनिक समाज जागरण

अपने घोषणा पत्र में उन्होंने कहा कि देनिक समाज जागरण भारत रत्न नंदा जी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर केवल उनका पद जनसेवा पत्र-ाकरिता के रूप में स्वैच्छिक योगदान पद रहेगा।

8 उम्मीदवार पात्रों में से महिला उद्यमी को बनाएंगे पात्र-

"राजधानी दिल्ली संस्करण स्वाधीनता दिवस से दैनिक समाज जागरण प्रकाशन की तैयारी

डिजिटल चैनल भी होगा समाज जागरण का दिल्ली में-

हरियाणा कालाआम से भी संचालित होगा डिजिटल चैनल-

बता दें कि श्री कृष्णराज अरुण को उनके

(दैनिक समाज जागरण नोएडा प्रकाशन के ग्रुप आफ एडिटर्स चेयरमैन चयनित श्री कृष्णराज अरुण)

घोषणा पत्र में स्वैच्छिक योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रकाशन की प्रबंध निदेशक जुली ज्योत्सना झा ने देनिक समाज जागरण ग्रुप एडिटर्स बोर्ड चेयरमैन पद की सहमति देने के बाद यह सबसे खास रहा कि श्री अरुण जी के घोषणा पत्र अनुसार अवेतनिक रहेंगे उनका प्रकाशन सीपीएच एडिशन ही उनका मीडिया उद्यम व्यवसाय उद्योग होगा।

उन्होंने कहा कि हम पूर्ण समर्थन के साथ उनके गुरुत्व मार्गदर्शन में नोएडा राष्ट्रीय मुख्यालय उनके निदेर्शों के पालन का संकल्प ले चुका है ताकि पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा जी के सपने साकार किए जा सकें।

निमार्णाधीन थाना भवन के ठेकेदार व मुंशी से रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

जमुई/ जमुई के चकाई थानाक्षेत्र के बीचकोड़वा में निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार व मुंशी से रंगदारी की मांग किये जाने के मामलें में पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।जानकारी देते हुए चकाई पुलिस ने बताया कि निर्माणधीन थाना भवन के ठेकेदार और मुंशी से रंगदारी मांगे जाने की सूचना चकाई थाना में प्राप्त हुआ. जिसमें रंगदारी नहीं देने पर काम बंद करने एवं जान मारने की धमकी भी दिया।जिसके बाद आवेदक मृत्युंजय कुमार सिंह ने चकाई थाना में लिखित आवेदन दिया।पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के दिशा निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई जिसमें पुअनि विजय कुमार,डीआईयू एवं पदाधिकारी बल शामिल होकर त्वरित कार्रवाई करते हुये रंगदारी मांगने वाले अभियुक्त छोटू कुमार यादव को उसके घर रंगनियां थाना चकाई से गिरफ्तार किया।जिसमें उसने स्वीकार किया कि अरबिंद यादव के नाम पर ठेकेदार एवं मुंशी से रंगदारी मांगा।वही अभियुक्त ने पुलिस के डर से अपना मोबाईल एवं सीम को तोड़कर एक कुंआ में फेंक दिया।साथ ही बताया कि पकड़े गये अभियुक्त पर चकाई थाना में कई मामला दर्ज है और कुछ दिन पूर्व एक मामलें में वह जेल जा चुका है. जिसके बाद वह सप्ताह पूर्व जेल से निकला और निकलते ही रंगदारी मांगा। वही पकड़े गये अभियुक्त पर कागजी कार्रवाई करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया।

राहुल सांकृत्यायन

जीवन परिचय

राहुल सांकृत्यायन जी का जन्म 9 अप्रैल, 1893 को पन्दहा ग्राम, ज़िला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में हुआ। राहुल सांकृत्यायन के पिता का नाम गोवर्धन पाण्डे और माता का नाम कुलवन्ती था। इनके चार भाई और एक बहिन थी, परन्तु बहिन का देहान्त बाल्यावस्था में ही हो गया था। भाइयों में ज्येष्ठ राहुल जी थे। पितृकुल से मिला हुआ उनका नाम 'केदारनाथ पाण्डे' था। सन् 1930 ई. में लंका में बौद्ध होने पर उनका नाम 'राहुल' पड़ा। बौद्ध होने के पूर्व राहुल जी 'दामोदर स्वामी' के नाम से भी पुकारे जाते थे। 'राहुल' नाम के आगे 'सांस्कृत्यायन' इसलिए लगा कि पितृकुल सांकृत्य गोत्रीय है।

बाल्य काल

राहुल जी का बाल्य जीवन ननिहाल अर्थात पन्दहा ग्राम में व्यतीत हुआ। राहुल जी के नाना का नाम था पण्डित राम शरण पाठक, जो अपनी युवावस्था में फौज में नौकरी कर चुके थे। नाना के मुख से सुनी हुई फौजी जीवन की कहानियाँ, शिकार के अद्भुत वृत्तान्त, देश के विभिन्न प्रदेशों का रोचक वर्णन, अजन्ता-एलोरा की किवदन्तियों तथा नदियों, झरनों के वर्णन आदि ने राहुल जी के आगामी जीवन की भूमिका तैयार कर दी थी। इसके अतिरिक्त दर्जा तीन की उर्दू किताब में पढ़ा हुआ 'नवाजिन्दा-बाजिन्दा' का शेर

सैर कर दुनिया की गाफिल
ज़िन्दगानी फिर कहाँ,
ज़िन्दगी गर कुछ रही तो नौजवानी फिर कहाँ

राहुल जी को दूर देश जाने के लिए प्रेरित करने लगा। कुछ काल पश्चात घर छोड़ने का संयोग यों उपस्थित हुआ कि घी की मटकी सम्भाली नहीं और दो सेर घी जमीन पर बह गया। अब नाना की डाँट का भय था, नवाजिन्दा बाजिन्दा का वह शेर और नाना के ही मुख से सुनी कहानियाँ इन सबने मिलकर केदारनाथ पाण्डे (राहुल जी) को घर से बाहर निकाल दिया।

जीवन यात्रा

राहुल जी की जीवन यात्रा के अध्याय इस प्रकार हैं-

पहली उड़ान वाराणसी तक
दूसरी उड़ान कलकत्ता तक
तीसरी उड़ान पुनः कलकत्ता तक

इसके बाद पुनः वापस आने पर हिमालय की यात्रा पर गये, सन् 1990 ई. से 1914 ई. तक वैराग्य से प्रभावित रहे और हिमालय पर यायावर जीवन जिया। वाराणसी में संस्कृत का अध्ययन किया। परसा महन्त का सहचर्य मिला, आगरा में पढ़ाई की, लाहौर में मिशनरी कार्य किया, इसके बाद पुनः 'घुमक्कड़ी का भूत' हावी रहा। कुर्ग में भी चार मास तक रहे।

राजनीति में प्रवेश (1921-27)

राहुल सांकृत्यायन ने छपरा के लिए प्रस्थान किया, बाढ़ पीड़ितों की सेवा की, स्वतंत्रता आंदोलन में सत्याग्रह में भाग लिया और उसमें जेल की सजा मिली, बक्सर जेल में छः मास तक रहे, ज़िला कांग्रेस के मंत्री रहे, इसके बाद नेपाल में डेढ़ मास तक रहे, हजारी बाग जेल में रहे। राजनीतिक शिथिलता आने पर पुनः हिमालय की ओर गये, कौंसिल का चुनाव भी लड़ा।

लंका के लिए प्रस्थान (1927)

राहुल सांकृत्यायन ने लंका में 19 मास प्रवास किया, नेपाल में अज्ञातवास किया, तिब्बत में सवा बरस तक रहे, लंका में दूसरी बार गये, इसके बाद सत्याग्रह के लिए भारत में लौटकर आये। कुछ समय बाद लंका के लिए तीसरी बार प्रस्थान किया।

यात्राएँ (1932-33)

राहुल सांकृत्यायन ने इंग्लैण्ड और यूरोप की यात्रा की। दो बार लद्दाख यात्रा, दो बार तिब्बत यात्रा, जापान, कोरिया, मंचूरिया, सोवियत भूमि (1935 ई.), ईरान में पहली बार, तिब्बत में तीसरी बार 1936 ई. में, सोवियत भूमि में दूसरी बार 1937 ई. में, तिब्बत में चौथी बार 1938 ई.में यात्रा की।

आंदोलन (1938)

किसान मजदूरों के आन्दोलन में 1938-44 तक भाग लिया, किसान संघर्ष में 1936 में भाग लिया और सत्याग्रह भूख हड़ताल किया।

सजा, जेल और एक नये जीवन का प्रारम्भ

राहुल सांकृत्यायन जी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने। जेल में 29 मास (1940-42 ई.) रहे। इस-

के बाद सोवियत रूस के लिए पुनः प्रस्थान किया। रूस से लौटने के बाद राहुल जी भारत में रहे और कुछ समय के पश्चात चीन चले गये, फिर लंका चले गये।

महान पर्यटक

राहुल जी की प्रारम्भिक यात्राओं ने उनके चिंतन को दो दिशाएँ दीं। एक तो प्राचीन एवं अवार्चीन विषयों का अध्ययन तथा दूसरे देश-देशान्तरों की अधिक से अधिक प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त करना। इन दो प्रवृत्तियों से अभिभूत होकर राहुल जी महान् पर्यटक और महान् अध्येता बने।

धर्म

कट्टर सनातनी ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर भी सनातन धर्म की रूढ़ियों को राहुल जी ने अपने ऊपर से उतार फेंका और जो भी तर्कवादी धर्म या तर्कवादी समाजशास्त्र उनके सामने आते गये, उसे ग्रहण करते गये और शनैः शनैः उन धर्मों एवं शास्त्रों के भी मूल तत्वों को अपनाते हुए उनके बाह्य ढाँचे को छोड़ते गये।

सनातन धर्म से, आर्य समाज से और बौद्ध धर्म से साम्यवाद-राहुल जी के सामाजिक चिन्तन का क्रम है, राहुल जी किसी धर्म या विचारधारा के दायरे में बँध नहीं सके। 'मज्झिम निकाय' के सूत्र का हवाला देते हुए राहुल जी ने अपनी 'जीवन यात्रा' में इस तथ्य का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है-

ह्लबड़े की भाँति मैंने तुम्हें उपदेश दिया है, वह पार उतरने के लिए है, सिर पर ढोये-ढोये फिरने के लिए नहीं-तो मालूम हुआ कि जिस चीज को मैं इतने दिनों से ढूँढता रहा हूँ, वह मिल गयीह्व।

मेधावी व्यक्तित्व के धनी

यद्यपि राहुल जी के जीवन में पर्यटक वृत्ति सदैव प्रधान रही, परन्तु उनका पर्यटन केवल पर्यटन के लिए ही नहीं रहा। पर्यटन के मूल में अध्ययन की प्रवृत्ति सर्वोपरि रही। अनेक धार्मिक एवं राजनीतिक वलयों में रहने के बाद भी उनके अध्ययन एवं चिन्तन में कभी जड़ता नहीं आने पायी। राहुल जी बाल्यकाल से ही मेधावी थे। समूचे दर्जे में अव्वल होना उनके लिए साधारण बात थी। परिस्थितियों के अनुसार जिस विषय के सम्पर्क में वे आये, उसकी पूरी जानकारी प्राप्त करना उनका व्यक्तिगत धर्म बन गया। वाराणसी में जब संस्कृत से अनुराग हुआ, तो सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य एवं दर्शनादि को पढ़ लिया। कलकत्ता में अंग्रेजी से पाला पड़ा तो कुछ समय में अंग्रेजी के ज्ञाता बन गये। आर्य समाज का जब प्रभाव पड़ा तो वेदों को मथ डाला। बौद्ध धर्म की ओर जब झुकाव हुआ तो पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, तिब्बती, चीनी, जापानी, एवं सिंहली भाषाओं की जानकारी लेते हुए सम्पूर्ण बौद्ध ग्रन्थों का मनन किया और सर्वश्रेष्ठ उपाधि 'त्रिपिटिका चार्य' की पदवी पायी। साम्यवाद के क्रोड़ में जब राहुल जी गये तो कार्ल मार्क्स, लेनिन तथा स्तालिन के दर्शन से पूर्ण परिचय हुआ। प्रकारान्तर से राहुल जी इतिहास, पुरातत्त्व, स्थापत्य, भाषाशास्त्र एवं राजनीति शास्त्र के अच्छे ज्ञाता थे।

घुमक्कड़ी स्वाभाव

राहुल सांकृत्यायन प्रतिमा

राहुल सांकृत्यायन का मानना था कि घुमक्कड़ी मानव-मन की मुक्ति का साधन होने के साथ-साथ अपने क्षितिज विस्तार का भी साधन है। उन्होंने कहा भी था कि- "कमर बाँध लो भावी घुमक्कड़ों, संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।" राहुल ने अपनी यात्रा के अनुभवों को आत्मसात करते हुए ह्यघुमक्कड़ शास्त्रह्व भी रचा। वे एक ऐसे घुमक्कड़ थे जो सच्चे ज्ञान की तलाश में था और जब भी सच को दबाने की कोशिश की गई तो वह बागी हो गये। उनका सम्पूर्ण जीवन अन्तर्विरोधों से भरा पड़ा है।

बड़े की भाँति मैंने तुम्हें उपदेश दिया है, वह पार उतरने के लिए है, सिर पर ढोये-ढोये फिरने के लिए नहीं-तो मालूम हुआ कि जिस चीज को मैं इतने दिनों से ढूँढता रहा हूँ, वह मिल गयीह्व।-राहुल सांकृत्यायन

वेदान्त के अध्ययन के पश्चात जब उन्होंने मंदिरों में बलि चढ़ाने की परम्परा के विरुद्ध व्याख्यान दिया तो अयोध्या के सनातनी पुरोहित उन पर लाठी लेकर टूट पड़े। बौद्ध धर्म स्वीकार करने के बावजूद वह इसके ह्यपुनर्जन्मवादह्व को नहीं स्वीकार पाए। बाद में जब वे मार्क्सवाद की ओर उन्मुख हुए तो उन्होंने तत्कालीन सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी में घुसे सत्तालोलुप सुविधापरस्तों की तीखी आलोचना की और उन्हें आन्दोलन के नष्ट होने का कारण बताया। सन् 1947 में अखिल भारतीय साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रूप में उन्होंने पहले से छपे भाषण को बोलने से मना कर दिया एवं जो भाषण दिया, वह अल्पसंख्यक संस्कृति एवं भाषाई सवाल पर कम्युनिस्ट पार्टी की नीतियों के विपरीत था। नतीजन पार्टी की सदस्यता से उन्हें वंचित होना पड़ा, पर उनके तेवर फिर भी नहीं बदले। इस कालावधि में वे किसी बंदिश से परे प्रगतिशील लेखन के सरोकारों और तत्कालीन प्रश्नों से लगातार जुड़े रहे। इस बीच मार्क्सवादी विचारधारा को उन्होंने भारतीय समाज की ठोस परिस्थितियों का आंकलन करके लागू करने पर जोर दिया। अपनी पुस्तक ह्यवैज्ञानिक भौतिकवादह्व एवं ह्यदर्शन-दिग्दर्शनह्व में इस सम्बन्ध में उन्होंने सम्यक प्रकाश डाला। अन्ततः सन् 1953-54 के दौरान पुनः एक बार वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बनाये गये।

साहित्यिक जीवन

अपनी 'जीवन यात्रा' में राहुल जी ने स्वीकार किया है कि उनका साहित्यिक जीवन सन 1927 से प्रारम्भ होता है। वास्तविक बात तो यह है कि राहुल जी ने किशोरावस्था पार करने के बाद ही लिखना शुरू कर दिया था। जिस प्रकार उनके पाँव नहीं रुके, उसी प्रकार उनके हाथ की लेखनी भी कभी नहीं रुकी। उनकी लेखनी से विभिन्न विषयों पर प्रायः 150 से अधिक ग्रन्थ प्रणीत हुए हैं। प्रकाशित ग्रन्थों की संख्या सम्भवतः 129 है। लेखों, निबन्धों एवं वक्तृतताओं की संख्या हजारों में हैं।

विषम परिस्थितियों में मनोबल संयम और साहस ही मनुष्य के सच्चे साथी'

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,

पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊजार्वान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊजार्वान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए'

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है ।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्त्रोत होता है। किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मस्तिष्क मदद करता है फिर चिंतन करता है और कार्य योजना सुनियोजित कर, अन थक परिश्रम कर उस दुरूह लक्ष्य को प्राप्त करता है ।आपका मन यदि हताश या निराश है तो आप किसी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं। इसीलिए मन को सदैव प्रफुल्लित उत्साहित एवं सकारात्मक सोच के साथ ताजा रखें,जिससे आने वाली परिस्थितियों का सामना कर एक नए युग का सूत्रपात कर सकते हैं।

जीवन में दूसरे व्यक्तियों से पिछड़ने के कई कारण भी हो सकते हैं जिनमें से अपनी क्षमता तथा मानसिक शक्ति पर अविश्वास करना भी एक बड़ा कारण है, इसके साथ ही किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सुनियोजित योजना,अपनी क्षमताओं का आकलन एवं कार्य के साथ कठोर श्रम भी अत्यंत आवश्यक सफलता के स्तंभ हैं, अति संपन्नता के बावजूद मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को असफलता का स्वाद चखना पड़ता है। इसीलिए जीवन में सफलता के लिए मानसिक स्थिति में दृढ़ता, कठोर संकल्प

,एवं निरंतर श्रम अत्यंत आवश्यक तत्व हैं। अपने जीवन को सफल बनाने एवं श्रेष्ठ जीवन की निर्मात्रि आपकी इच्छा शक्ति ऊर्जा और मानसिक संतुलन ही है। यदि मानसिक संतुलन में हताशा आई तो परिणाम ऋणआत्मक भी हो सकते हैं,और यही कारण है कि चिंतकों दार्शनिकों और महान अध्यापकों ने कहा है कि मन को सदैव ऊजार्वान और सकारात्मक सोच से परिपूर्ण रख लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

संजीव ठाकुर,चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

भारतीय संस्कृति

परिचय इतिहास भूगोल संविधान धर्म कृषि वन्य जीवन भाषा शिक्षा कला संस्कृति खानपान रक्षा राज्य पर्यटन आलेख

भारतीय संस्कृति

भारतीय संस्कृति के विभिन्न रूप

विवरण भारतीय संस्कृति भारत के विस्तृत इतिहास, साहित्य, विलक्षण भूगोल, विभिन्न धर्मों तथा उनकी परम्पराओं का सम्मिश्रण है। भारतीय संस्कृति को 'देव संस्कृति' कहकर भी सम्मानित किया गया है।

मुख्य भाषाएँ असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, मराठी, मलयालम, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, कोंकणी, मणिपुरी, बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली आदि

साहित्य-दर्शन वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, जैन साहित्य, बौद्ध साहित्य, वैशेषिक दर्शन, सांख्य दर्शन, दर्शन शास्त्र, जैन दर्शन, बौद्ध दर्शन आदि

धर्म हिन्दू, इस्लाम, जैन, बौद्ध, पारसी, सिक्ख धर्म, ईसाई

कला स्थापत्य कला, मूर्तिकला, चित्रकला, नृत्यकला, भारतीय संगीत (गायन, वादन)

प्रतीक ॐ, तुलसी, गाय, स्वस्तिक, पीपल, सूर्य, दीपक, तिलक, शिवलिंग, कमल, शंख आदि

मुख्य त्योहार दीपावली, रक्षाबंधन, होली, ईद-उल-फितर, लोहड़ी, पोंगल, वैशाखी, विशु, बिहू

उत्सव और मेले कुम्भ मेला, यम द्वितीया, गुरु पूर्णिमा, जगन्नाथ रथयात्रा, खजुराहो नृत्य महोत्सव, अम्बुवासी मेला, पुष्कर मेला आदि

खान-पान भारतीय भोजन (निरामिष एवं सामिष)

मुख्य खेल कबड्डी, शतरंज, हॉकी, क्रिकेट, खो-खो, गुल्ली डंडा, निशानेबाजी, कुश्ती, मुक्केबाजी आदि

भारत के बहु-सांस्कृतिक भण्डार और विश्वविख्यात विरासत के सतत अनुस्मारक के रूप में भारतीय इतिहास के तीन हजार से अधिक वर्ष की जानकारी और अनेक सभ्यताओं के विषय में बताया गया है। भारत के निवासी और उनकी जीवन शैलियाँ, उनके नृत्य और संगीत शैलियाँ, कला और हस्तकला जैसे अन्य अनेक विधाएँ भारतीय संस्कृति और विरासत के विभिन्न वर्णों को प्रस्तुत करती हैं, जो देश की राष्ट्रीयता का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस खण्ड में उन सभी तत्वों को शामिल किया गया है जो भारत की संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। भारत की संस्कृति कई चीजों को मिला-जुलाकर बनती है जिसमें भारत का लम्बा इतिहास, विलक्षण भूगोल और सिन्धु घाटी की सभ्यता के दौरान बनी और आगे चलकर वैदिक युग में विकसित हुई, बौद्ध धर्म एवं स्वर्ण युग की शुरूआत और उसके अस्तगमन के साथ फली-फूली अपनी खुद की प्राचीन विरासत शामिल हैं। इसके साथ ही पड़ोसी देशों के रिवाज, परम्पराओं और विचारों का भी इसमें समावेश है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्रधान संस्कृति है, यह कोई गर्वोक्ति नहीं, बल्कि वास्तविकता है। हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक प्रथाओं, भाषाओं, रीति-रिवाजों आदि में विविधता बनी रही है जो कि आज भी विद्यमान है और यही अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की महान् विशेषता है।

सिंधु घाटी सभ्यता कालीन बर्तन

800 ई. से 1200 ई. का काल आर्थिक और सामाजिक जीवन तथा धर्म के लिए उपयुक्त है। आर्थिक व्यवस्था, समाज, धार्मिक विश्वास तथा मानव विचार राजनीति से कहीं कम परिवर्तनशील है। इसीलिए ऐसी कई विशेषताएँ जो नौवीं शताब्दी के पूर्व पायी जाती थीं, अभी भी जारी थीं। पर साथ ही कुछ ऐसी भी बातें थीं, जिससे इस काल को पहले के युग से भिन्न माना जाता है। सामान्यतः इस ऐतिहासिक काल में नए तत्वों के साथ पुराने तत्त्व भी विद्यमान रहते हैं, पर परिवर्तन की दिशाएँ भिन्न रहती हैं।

वाणिज्य और व्यापार

उत्तर काल में यह काल सामान्यतः जड़ता तथा ह्रास का काल माना जाता है। इसका मुख्य कारण यह था कि सातवीं शताब्दी और दसवीं शताब्दी के बीच वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध आ गया था। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में नगरों तथा नागरिक जीवन का ह्रास हुआ। वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध का मुख्य कारण पश्चिम में रोमन साम्राज्य का पतन था। जिसके साथ भारत का बड़े पैमाने पर तथा मुनाफे का व्यापार होता था। भारत में कभी भी बड़ी मात्रा में सोने और चाँदी के खनन का काम नहीं हुआ। सोना और चाँदी जिसके लिए भारत विख्यात था, वह भारत के लाभकारी व्यापार के कारण था क्योंकि मुनाफे के रूप में यहाँ सोना और चाँदी आते थे। इस्लाम के उदय से भी, जिससे सासानीद (ईरानी) जैसे प्राचीन साम्राज्यों का पतन हो गया, भारत के व्यापार और विशेष कर जमीन के रास्ते होने वाले व्यापार पर बहुत असर पड़ा। परिणामस्वरूप उत्तरी भारत में आठवीं और दसवीं शताब्दी के बीच नई स्वर्ण मुद्राओं की बहुत कमी हो गई। पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका में विस्तृत और शक्तिशाली अरब साम्राज्य में ऐसे कई क्षेत्र शामिल थे जिनमें बड़ी मात्रा में खानों से स्वर्ण निकाला जाता था। अरब स्वयं भी समुद्र प्रेमी व्यक्ति थे। भारतीय कपड़ों, मसालों तथा लोबान के लिए अमीर अरब शासकों की माँग के कारण भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपों को मसालों के द्वीप के नाम से जाना जाता था। नौवीं और दसवीं शताब्दी के बीच कई अरब यात्री पश्चिमी तट के नगरों में आए और उन्होंने देश की तत्कालीन स्थिति का विवरण किया है। दसवीं शताब्दी के बाद उत्तर भारत में विदेश व्यापार और वाणिज्य में धीरे-धीरे फिर वृद्धि हुई। व्यापार के इस पुनरुत्थान से सबसे अधिक लाभ मालवा और गुजरात को पहुँचा। गुजरात में चंपानेर और अंकिलेश्वर जैसे कई नगरों की नींव इसी काल में पड़ी। उन दिनों भारत की जनसंख्या दस करोड़ से भी कम थी, अर्थात आज की तुलना में, छटे हिस्से से भी कम थी। देश का एक बड़ा भाग जंगलों से ढका था जिनमें जंगली पशुओं के अलावा ऐसे कबीले थे जो राहगीरों को लूट लेते थे। नदियों पर पुल नहीं थे और बरसात के मौसम में सड़कें बहुत खराब हो जाती थीं। इन कारणो से उन दिनों यात्रा, चाहे व्यापार हो या फिर शौक के लिए, कभी भी खतरे से खाली नहीं थी। सुरक्षा के ध्यान से व्यापारी तथा अन्य लोग कारवों में चलते थे जिसकी सुरक्षा उनके अपने सैनिक करते थे। इसके बावजूद कभी-कभी साहसी लुटेरे उन्हें लूट लेते थे।

बच्चे के साथ महिला, मोन, नागालैंड उपजातियों का रूप

उस समय की कहानियों की किताबों में यात्रा के खतरों का बड़ा रोचक वर्णन मिलता है। गाँवों में जीवन और सम्पत्ति की असुरक्षा से यात्रा और भी कठिन थी और इस कारण भी वाणिज्य और व्यापार का ह्रास हुआ। इससे एक नये समाज का उदय हुआ जिसमें ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक दृष्टि से अधिक आत्म-निर्भर होते गए। कुछ लोग समाज के इस विकास को सामंतवाद के विकास के साथ जोड़ते हैं। आंतरिक व्यापार के ह्रास से उत्तर भारत में व्यापार संघ, जिन्हें श्रेणी और संघ कहा जाता था, भी कमजोर पड़े। इन व्यापार संघों में अधिकतर विभिन्न जाति के लोग थे पर श्रेणियों के आचरण के अपने नियम थे जो इसके सभी सदस्यों को मानने पड़ते थे। वे पैसों के लेन-देन तथा दान प्राप्त करने का भी अधिकार रखते थे। वाणिज्य और व्यापार के ह्रास के साथ-साथ इन संघों का महत्त्व भी कम हो गया। इस काल में इन संघों द्वारा दान प्राप्त करने की बहुत कम चर्चा उपलब्ध है। कालान्तर में कुछ पुरानी श्रेणियों ने उपजातियों का रूप धारण कर लिया, उदाहरणार्थ - दास, वैश्यों की एक उपजाति बन गया। व्यापारी वर्ग अधिकतर जैन धर्म के समर्थक थे, इसलिए उनके साथ जैन धर्म भी कमजोर पड़ गया।

वाणिज्य और व्यापार के ह्रास की झलक इस काल की विचारधारा में भी मिलती है। इस काल में रचित कुछ धर्मशास्त्रों ने विदेश यात्रा को निषिद्ध माना है। उनके अनुसार उस जगह नहीं जाना चाहिए जहाँ मुंज घास नहीं उगती हो और जहाँ काले हिरण विचरण नहीं करते हों। कहने का तात्पर्य यह है कि भारत के बाहर की यात्रा नहीं करनी चाहिए। इनके अनुसार नमकीन समुद्र की यात्रा करने से आदमी दूषित हो जाता है। यह अवश्य था कि इन प्रतिबन्धों को सभी पूरी तरह नहीं मानते थे। भारतीय व्यापारियों, दार्शनिकों, चिकित्साशास्त्रियों तथा हस्तकला विशेषज्ञों के वृत्तान्त मिलते हैं जिन्होंने पश्चिम एशिया में बगदाद तथा अन्य शहरों की यात्रा कीं। धर्मशास्त्रों का प्रतिबन्ध शायद ब्राह्मणों के लिए ही था या फिर वे इस भय से लगाए गए थे कि कहीं भारतीय बड़ी संख्या में विदेश जाकर ऐसे विरोधी धार्मिक विचार या सामाजिक समानता के विचार भारत में न ले आएँ जो ब्राह्मणों और शासक वर्ग को अमान्य हों।

धर्मशास्त्रों द्वारा समुद्र यात्रा पर प्रतिबन्ध

अंकोरवाट, कंबोडिया

समुद्र यात्रा पर धर्मशास्त्रों द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धों का दक्षिण-पूर्व एशिया तथा चीन के साथ होने वाले व्यापार पर कोई असर नहीं पड़ा। भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के बीच छठी शताब्दी से ही बड़े पैमाने पर व्यापार आरम्भ हो गया था। उस क्षेत्र के देशों का विस्तृत भौगोलिक ज्ञान उस समय के साहित्य में परिलक्षित है। 'हरसेन' की 'वृहतकथा कोष' जैसी उस काल की किताबों में इस क्षेत्र के पहनावे और भाषाओं आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की है। इस क्षेत्र में चमत्कारी समुद्रों में भारतीय व्यापारियों की कई रोमांचकारी कहानियाँ हैं जो बाद में विख्यात 'सिंदबाद की कहानियों' का आधार बनी। अनेक भारतीय व्यापारी इन देशों में बस तक गए और कुछ लोगों ने स्थानीय लोगों से शादी-विवाह भी कर लिया। व्यापारियों के पीछे-पीछे धर्म प्रचारक भी आए और इस प्रकार इस क्षेत्र में बौद्ध तथा हिन्दू धर्मों का प्रादुर्भाव हुआ। जावा में बोरोबोदुर के बौद्ध तथा अंकोरवाट के हिन्दू मन्दिरों से हमें इस क्षेत्र में इन धर्मों के प्रचार के बारे में पता चलता है। इस क्षेत्र के कुछ शासक हिन्दू धर्म से बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने भारत के साथ व्यापारिक तथा सांस्कृतिक सम्बन्धों का स्वागत किया। इस प्रकार भारतीय और स्थानीय संस्कृतियों के सम्मिश्रण से नयी सांस्कृतिक और साहित्यिक धाराओं का जन्म हुआ।

जावा और सुमात्रा आदि की यात्रा के लिए मुख्य भारतीय बंदरगाह बंगाल का ताम्रलिप्ति था। इस काल की कई कहानियों में हमें भारतीय व्यापारियों की ताम्रलिप्ति से सुवर्णद्वीप (आधुनिक इंडोनेशिया) और कटाहा (मलाया में केदाह) की यात्रा के लिए रवाना होने की चर्चा मिलती है। जावा के चौदहवीं शताब्दी के एक लेखक के अनुसार वहाँ बड़ी संख्या में जम्बूद्वीप (भारत), कर्नाटक (दक्षिण भारत) तथा गौड़ (बंगाल) के लोग बड़े-बड़े जहाजों में आते थे। इस व्यापार में गुजरात के व्यापारी भी भाग लेते थे।

भारत और चीन का व्यापार

भारत का दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार स्वयं में महत्त्वपूर्ण तो था ही इसके साथ-साथ वह भारत और चीन के व्यापार के लिए केन्द्र का कार्य भी करता था। आमतौर पर चीनी जहाज मोलस्का द्वीपों के आगे नहीं आते थे। उधर भारत और चीन के बीच का सड़क मार्ग उस काल में तुर्क, अरब तथा चीनियों के बीच संघर्ष के कारण सुरक्षित नहीं रह गया था। इसके स्थान पर भारत और चीन के बीच का समुद्री मार्ग अधिक महत्त्व का होता जा रहा था। चीन के विदेश व्यापार के लिए वहाँ का प्रमुख बंदरगाह कैटन, या जैसा कि अरब यात्री पुकारते थे, काफु था। भारत से बौद्ध विद्वान् भी समुद्र मार्ग से चीन जाते थे। चीनी इतिहासकारों ने लिखा है कि दसवीं शताब्दी के अंत तथा ग्यारहवीं शताब्दी के आरम्भ में चीनी राजदरबार में जितने भारतीय भिक्षु थे, उतने चीन के इतिहास में पहले कभी नहीं रहे। कुछ और पहले के काल के चीनी वृत्तान्त के अनुसार कैटन नदी भारत, फारस और अरब से आने वाले जहाजों से भरी रहती थी। इसके अलवा कैटन में तीन हिन्दू मन्दिर थे जिनमें भारतीय ब्राह्मण रहते थे। चीनी समुद्र में भारतीयों की उपस्थिति के बारे में हमें जापानी सूत्रों से भी पता चलता है। इनके अनुसार जापान में कपास के परिचय का श्रेय दो भारतीयों को है। जो अपनी समुद्री यात्रा के दौरान लहरों के जोर से गलती से जापान पहुँच

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

टीबी रोगी खोज को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

दैनिक समाज जागरण शैलेश मिश्रा (व्यूरो चीफ) बेतिया पश्चिम चंपारण मझौलिया। शनिवार को प्रखंड के चनायनबांध उपस्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग एवं केएचपीटी के सहयोग से सघन जांच खोज अभियान के तहत टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व एसटीएस जितेंद्र कुमार ने किया। शिविर में आए संभावित

टीबी के मरीजों की स्वास्थ्य जांच सीएचओ विभांशु कुमार ने की एवं उनकी बलगम जांच संग्रह किया गया जिससे उनकी टीबी जांच संभव हो पाएगी। मौके पर उपस्थित केएचपीटी के डॉ घनश्याम ने कहा कि टीबी पूर्णतः ठीक होने वाली बीमारी है पर जानकारी के अभाव में लोग इसके उपचार से वंचित रह जाते हैं। सही समय पर दवा शुरू कर दी जाए एवं संपूर्ण इलाज तक दवा लेने से टीबी पूर्णतः ठीक हो सकता है।एसटीएस जितेंद्र कुमार ने कहा कि बिना चिकित्सक की सलाह की दवा नहीं छोड़ें। एमडीआर मरीज पर नियंत्रण किया जा सके व सामान्य टीबी रोगी एमडीआर रोगी न बन सकें।शिविर में आशा कार्यकर्ता, एएनएम,जीविका दीदियां आदि सम्मिलित हुए।शिविर में एसटीएस जितेंद्र ने टीबी के लक्षण, जांच, निःशुल्क दवा, डीबीटी की राशि एवं उचित भोजन लेने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर मे एएनएम पिंकी कुमारी,आशा कार्यकर्ता वंदना कुमारी, रमावती देवी,गीता देवी,सनकेशी देवी,गीता देवी जीविका की रेखा देवी,रंजू देवी आदि शामिल हुए।

रामनगर थाना परिसर में लगाया गया जनता दरबार।

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बेतिया पश्चिम चंपारण

प्रभारी थानाध्यक्ष शिवनारायण चौधरी के उपस्थिति में सीओ विनोद मिश्रा ने जमीनी विवाद की किए सुनवाई ।
एक लंबित विवाद का किया गया निष्पादन ।

रामनगर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में सीओ विनोद मिश्रा ने प्रभारी थानाध्यक्ष शिवनारायण चौधरी की उपस्थिति में जमीनी विवादों की सुनवाई की ।जमीनी संबंधित मामलों में एक विवाद को सुलझाया गया । वहीं अन्य जमीनी विवाद जो न्यायालय में लम्बित है या न्यायालय में

टाईटल सूट केस चल रहा है वैसे मामले के लिए दोनो पक्षों को सुनवाई के लिए समय दिया गया ।वहीं कई जमीनी विवाद को लेकर अंचलाधिकारी विनोद मिश्रा रामनगर प्रखण्ड के कई गांवों में निरीक्षण करने पहुंचे ।

रामनगर थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में रामनगर प्रखण्ड के जमीनी विवाद मामले में सीओ ने मामला न्यायालय में लम्बित होने के कारण दोनो पक्षों को अपना कागजात लेकर दिखाने की जानकारी दी । दर्जनों लोगों ने भूमि विवाद संबंधित कागजात प्रस्तुत किया।

रिजल्ट में व्यापक गडबड़ी के विरोध में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन।

दैनिक समाज जागरण शैलेश मिश्रा (व्यूरो चीफ) बेतिया पश्चिम चंपारण

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय इकाई की ओर से डिग्री पार्ट वन के रिजल्ट में हुए व्यापक गड़बड़ी के विरोध में शनिवार को विश्वविद्यालय प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रशासन का विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आरएलएसवाई कॉलेज के इकाई मंत्री मिथलेश कुमार ने किया। मौके पर उपस्थित अभाविप के जिला संयोजक अभिजीत राय ने बताया की कि पिछले दिनों बिहार विश्वविद्यालय की ओर से डिग्री पार्ट वन का रिजल्ट जारी किया गया। इसमें अधिकांश छात्रों को अनुपस्थित या पेंडिंग कर दिया गया तथा महाविद्यालय भी प्रायोगिक परीक्षा में अंक में बहुत गड़बड़ कर रही है जो कि छात्र विरोधी गतिविधि है विद्यार्थी परिषद इसका पुरजोर विरोध करेगी अगर 2 दिनों के अंदर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सुधार नहीं किया गया तो और बड़ा आंदोलन भी होगा।इसी के विरोध में आरएलएसवाई कॉलेज के मुख्य गेट पर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ

विरोध प्रदर्शन किया गया। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल झा ने कहा कि बिहार विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाला विश्वविद्यालय बन गया है। विश्वविद्यालय की गलतियों का खामियाजा मेधावी छात्रों को भुगतना पड़ता है। इससे छात्र मानसिक दबाव में रहते हैं। विश्वविद्यालय , महाविद्यालय अपनी गलतियों को सुधारने की जगह लगातार गलतियां कर रहा है। लगता है जैसे विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी मिलकर गलती करो प्रतियोगिता खेल रहे हैं। वहीं नगर मंत्री रंजीत श्रॉफ ने कहा कि विश्वविद्यालय की गलतियों के कारण एक कार्य के लिए छात्र को बार-बार महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित में संशोधित रिजल्ट जारी करे, अन्यथा परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी। वही नगर सह मंत्री प्रिन्स शर्मा, शशिकांत वर्मा व प्रशांत मिश्रा ने कहा की यह रवैया शिक्षा की भावना के विरुद्ध है, इससे छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। मौके पर चंदन सैनी, विशाल दीक्षित,अंशु कश्यप, सितांशु मिश्रा, सूरज पाण्डेय, सुमंत तिवारी,अभयानन्द दीक्षित, रोहित राय, कुंदन तिवारी आदित्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया शिलान्यास।

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बेतिया,पश्चिम चंपारण

नगर परिषद रामनगर द्वारा सबुनी पोखरा माई स्थान के सामने सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया शिलान्यास।कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेष अवस्थी,सभापति गीता देवी पति नागेन्द्र साह,उपसभापति श्वेता सिंह पति सुजल सिंह के उपस्थिति में राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र दूबे, विधायिका भागीरथी देवी सभापति प्रतिनिधि नागेन्द्र साह,उपसभापति प्रतिनिधि सुजल सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नारियल तोड़कर किए शिलान्यास । सभापति प्रतिनिधि नागेन्द्र साह व उपसभापति प्रतिनिधि सुजल सिंह ने बताया की नगर परिषद में सम्राट अशोक भवन के निर्माण से रामनगर के लोगों को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। जो लोग अपने बच्चों के शादी के लिए होटल अथवा विवाह भवन का खर्च वहन करने में

सक्षम नहीं हैं वैसे लोग इस भवन में मामूली खर्च पर अपने बच्चों का विवाह या कोई समारोह कर सकते हैं। साथ ही नगर परिषद में सड़क ,नाली,बिजली, पानी की सुविधा के साथ नगर के सौंदर्यीकरण पर शीघ्र पहल किया जाएगा । नगर परिषद रामनगर को जिले का सबसे विकसित स्थल बनाने का संकल्प के साथ हमलोग प्रयासरत हैं। मौके पर सदाकान्त शुक्ला ओबैदुर्रहमान, कृष्णा सिंह नेपाली,राकेश सिंह, आसिफ अली, अखिलेश साह,नसीम अख्तर, बृजेश ओझा,नेहा कुमारी, अभय विक्रम शाह,निवेदिता शाह,पिंटू गुप्ता, जगन साह शेख जावेद,आशीष कुमार समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन- राणा प्रताप सिंह

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार(गया)- गया मगध प्रक्षेत्र के अरवल जिला स्थित कुर्था प्रखंड के ग्राम- निघवा मे परम पूजनीय स्वर्गीय ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया . वही सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने परम पूज्यनीय ठाकुर दयाल गुरु जी के तैलिए चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं उनकी जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला . इस संबंध में निघवा ग्राम- निवासी राणा प्रताप सिंह ने मीडिया से भेंटवार्ता के दौरान मुखातिब होते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम पूज्यनीय ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में ग्रामवासियों के सहयोग से हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . उन्होंने आगे कहा कि

कार्यक्रम के दौरान कई ऐसे कार्यक्रम कर लोगों के बीच प्रदर्शित किया गया जिससे अंधविश्वासों से मुक्ति दिलाया जा सके . उन्होंने आगे कहा कि गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति अलख जगाने वाले संजय कुमार सिंह ने परम पूजनीय ठाकुर दयाल गुरु जी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर काफी सक्रिय दिखे . उन्होंने आगे कहा कि संजय कुमार सिंह ने कठिन परिश्रम कर गांव में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों को जागरूकता प्रदान करने का कार्य किया है जो सराहनीय कदम है . उन्होंने आगे कहा कि निघवा ग्राम के ग्रामवासियों ने कार्यक्रम आयोजित कराने को लेकर श्री सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है . उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष, कलाकारों तथा कई जिला, राज्यों से पहुंचे कवियों ने भी अपना जलवा दिखाते हुए चार चांद लगाया . वहीं उपस्थित दर्शकों ने काफी आनंद लेते हुए झूमते नजर आए . इस दौरान काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे .

रामनगर में दावते इफ्तार का आयोजन।

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि बेतिया पश्चिम चंपारण

रामनगर ईदगाह मस्जिद में इंतजामिया कमिटी अध्यक्ष शेख औरंगजेब व कमिटी के सदस्यों द्वारा दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्य लोगों के साथ सभी समुदाय के लोग हुए सामिल ।गंगा यमुनी तहजीब की धरती रामनगर में कौमी एकता और भाईचारे के संदेश को प्रसारित करने के लिए सभी समुदाय के लोग एक दूसरे के पर्व में सामिल होकर पर्व को खुशनुमा बनाते हैं। विगत कई दशक से हिन्दू मुस्लिम एकता का मिशाल रामनगर के पावन भूमि पर एकता और अखंडता के साथ एकदुसरे के लिए समर्पित भाव से खुशियों में सरीक होना, एक दूसरे को उनके पर्व में बधाईयां देना सहज भाव से देखने को मिलता है । इसी कड़ी में ईदगाह मस्जिद इंतजामिया कमिटी अध्यक्ष शेख औरंगजेब माहे रमजान के पाक

अवसर पर सैकड़ों रोजेदारों के साथ गणमान्य लोगों समेत सभी समुदाय के लोगों को इफ्तार का दावत देकर खुशियां बांटते हैं। विदित है की तबरेज आलम व शेख औरंगजेब के परिवार के द्वारा सभी धर्मों के प्रति समर्पित रहते हुए ईद मुबारक,होली, छठ पूजा, क्रिसमस आदि पर्वों में सक्रियता रखते हैं और एक दूसरे के खुशियों में सामिल होते हैं ।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष अनन्त राम, नगर परिषद ब्रान्ड एम्बेसडर सदाकान्त शुक्ला,विजेन्द्र चौबे, अशोक राव, कन्हैया गुप्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ओबैदुर्रहमान, शेख जावेद, तबरेज आलम, डा. अजीम, डा. एम काजिम,विजय गुप्ता,अखिलेश साह,पप्पू खान, डा. ईरशाद, जियाउल हक समेत सैकड़ों लोगों ने दावते इफ्तार पार्टी का लुफ्त उठाया।

जिलाधिकारी ने औधोगिक क्षेत्र, कुमारबाग में प्लग एंड प्ले मोड में निमार्णाधीन टेक्सटाईल एंड लेदर कलस्टर का किया निरीक्षण।

तीव्र गति से कार्य करते हुए अविलंब आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करने का निदेश।

02 लाख वर्गफीट में 08 प्रिफैब स्ट्रक्चर सहित शेड, कैंटीन, ड्रेनेज सिस्टम, शौचालय, सड़क आदि का किया जा रहा है निर्माण।

प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत 61 नवोदित उद्यमियों को आवंटित किया जा चुका है शेड।

प्रोडक्शन हब बनने की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है बेतिया, लोगों को मिलेगा रोजगार।

दैनिक समाज जागरण शैलेश मिश्रा (व्यूरो चीफ) बेतिया, पश्चिम चंपारण

जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा चनपटिया स्टार्टअप जोन के समीप औधोगिक क्षेत्र, कुमारबाग में 02 लाख वर्गफीट में निमार्णाधीन टेक्सटाईल एवं लेदर कलस्टर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, श्री अनिल कुमार सिंह सहित बियाडा के अभियंता उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में अभियंताओं एवं संवेदक द्वारा बताया गया कि कुल-08 प्रिफैब शेड का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें से 04 प्रिफैब शेड का निर्माण कार्य लगभग 80 प्रतिशत करा लिया गया है, शेष शीघ्र करा

लिया जायेगा।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि त्वरित गति से कार्य करते हुए 04 प्रिफैब शेड का निर्माण अप्रैल माह के अंत तक कराना सुनिश्चित किया जाय ताकि यहाँ अविलंब प्रोडक्शन चालू हो पाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी कठिनाई हो उसे साझा करें, हर संभव सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले को प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत प्रोडक्शन हब बनाने की दिशा में तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है। चनपटिया स्टार्टअप जोन के समीप औधोगिक क्षेत्र, कुमारबाग में टेक्सटाईल एंड लेदर कलस्टर का निर्माण तीव्र गति से कराया जाना है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी चम्पारण जिले को प्रोडक्शन हब बनाना जिला प्रशासन का बहुत बड़ा ड्रिम है। इस ड्रीम को सफलीभूत कराने हेतु सभी को तत्परतापूर्वक कार्य करना होगा ताकि यहाँ के लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध हो सके तथा आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य मिल सके। सभी को ऐसा प्रयास करना है कि बाहर के लोगों को पश्चिमी चम्पारण जिला रोजगार दे सके। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। तीव्र गति से कार्य करते हुए उसे जल्द से जल्द क्रियाशील कराना है। कार्यों का क्रियान्वयन गुणवत्तापूर्वक एवं बेहतर तरीके से कराना सुनिश्चित किया जाय।

ग्राम कचहरी के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सरपंच, उपसरपंच सहित न्यायमित्र एचं कचहरी सचिव को कराया जायेगा प्रशिक्षित।

दो दिवसीय गैर आवासीय जिलास्तरीय प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बैचवार हुआ जारी।

10 अप्रैल से 06 जून तक जिला परिषद के सभागार में दी जायेगी ट्रेनिंग।

दैनिक समाज जागरण शैलेश मिश्रा (व्यूरो चीफ) बेतिया पश्चिम चंपारण।

न्याय एवं कचहरी न्यायालय की अवधारणा एवं महत्व, ग्राम कचहरी की संरचना, कार्य एवं अधिकार, न्यायिक प्रक्रिया एवं सिविल संहिता, फौजदारी संहिता, न्याय निर्णय आलेखन एवं मूट कोर्ट के गठन आदि की दी जायेगी जानकारी।

ग्राम कचहरी के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सरपंच, उपसरपंच सहित न्याय मित्र एवं कचहरी सचिव को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिलाया जाना है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के सहयोग एवं इनके द्वारा प्रशिक्षित क्षेत्रीय प्रशिक्षकों (जिलास्तर के न्यायिक अधिकारी/भारतीय प्रशासनिक सेवा तथा बिहार प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारियों) द्वारा किया जाना है। प्रशिक्षिण के दौरान नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों सरपंच, उपसरपंच सहित न्याय मित्र एवं कचहरी सचिव को न्याय एवं कचहरी न्यायालय की अवधारणा एवं महत्व से अवगत कराया जायेगा। इसके साथ ही बिहार में ग्राम कचहरी की संरचना/कार्य एवं अधिकार, न्यायिक प्रक्रिया एवं सिविल संहिता, फौजदारी संहिता, न्याय निर्णय आलेखन एवं मूट कोर्ट का गठन आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी।

जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने सभी प्रखंड राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि अपने स्तर से सभी ग्राम कचहरी के सभी नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच सहित सभी न्याय मित्र एवं कचहरी सचिव को प्रशिक्षण में ससमय भाग लेने हेतु सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी स्थिति में जनप्रतिनिधि के अलावा उनके प्रतिनिधि प्रशिक्षण में भाग न लें।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी को जिलास्तरीय नोडल पदाधिकारी एवं प्रतिवेदन पदाधिकारी होंगे। प्रशिक्षण संबंधित समस्त आंकड़ों/सूचनाओं को टीएमपी में अपलोड किया जाना अनिवार्य है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के नोडल पदाधिकारी सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप तिथिवार एवं समयानुसार शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने निर्देश दिया कि यदि किसी कारणवश प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्दिष्ट तिथि एवं समय में प्रशिक्षण नहीं हो तो वैसी परिस्थिति में जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला पंचायत संसाधन केन्द्र के नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षक को प्रशिक्षण से पूर्व समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षण की तिथि में आंशिक बदलाव कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्धारित दायित्व में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी, श्री मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण 10 अप्रैल से प्रारंभ होकरा 06 तक जिला परिषद, पश्चिम चम्पारण के सभागार में बैचवार संचालित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बगहा-02 के फर्स्ट बैच के कुल 48 प्रतिभागियों को 10-11 अप्रैल तक, बगहा-02 के सेकेन्ड बैच के कुल 44 प्रतिभागियों को 12-13 अप्रैल तक प्रशिक्षित किया जायेगा। इसी तरह बगहा-01 के फर्स्ट बैच के कुल 47 प्रतिभागियों को 17-18 अप्रैल तक, बगहा-01 के सेकेन्ड बैच के कुल 42 प्रतिभागियों को 19-20 अप्रैल तक, नरकटियागंज के फर्स्ट बैच के कुल 50 प्रतिभागियों को 24-25 अप्रैल तक, नरकटियागंज के सेकेन्ड बैच के कुल 48 प्रतिभागियों को 26-27 अप्रैल तक, चनपटिया के फर्स्ट बैच के कुल 45 प्रतिभागियों को 28-29 अप्रैल तक, चनपटिया के सेकेन्ड बैच के कुल 46 प्रतिभागियों को 2-3 मई तक, मझौलिया के फर्स्ट बैच के कुल 54 प्रतिभागियों को 04 एवं 06 मई को, मझौलिया के सेकेन्ड बैच के कुल 55 प्रतिभागियों को 08-09 मई तक, नौतन के फर्स्ट बैच के कुल 53 प्रतिभागियों को 10-11 मई तक, नौतन के सेकेन्ड बैच के कुल 14 प्रतिभागियों को 15-16 मई तक, बैरिया के फर्स्ट बैच के कुल 50 प्रतिभागियों को 12-13 मई तक, बैरिया के सेकेन्ड बैच के कुल 15 प्रतिभागियों को 15-16 मई तक, योगापट्टी के फर्स्ट बैच के कुल 18 प्रतिभागियों को 15-16 मई तक, योगापट्टी के सेकेन्ड बैच के कुल 51 प्रतिभागियों को 17-18 मई तक, रामनगर के फर्स्ट बैच के कुल 53 प्रतिभागियों को 19-20 मई तक, रामनगर के सेकेन्ड बैच के कुल 18 प्रतिभागियों को 22-23 मई तक, गौनाहा के फर्स्ट बैच के कुल 36 प्रतिभागियों को 22-23 मई तक, गौनहा के सेकेन्ड बैच के कुल 30 प्रतिभागियों को 24-25 मई तक, लौरिया के फर्स्ट बैच के कुल 19 प्रतिभागियों को 24-25 मई तक, लौरिया के सेकेन्ड बैच के कुल 51 प्रतिभागियों को 26-27 मई तक प्रशिक्षित किया जायेगा।

इसी तरह सिकटा के कुल-58 प्रतिभागियों को 29-30 मई तक, मधुबनी एवं ठकराहां के कुल-63 प्रतिभागियों को 31 मई-01 जून तक, भितहां एवं पिपरासी के कुल-58 प्रतिभागियों को 2-3 जून तक तथा मैनाटांड़ के कुल-58 प्रतिभागियों को 5-6 जून 2023 तक प्रशिक्षिण दिलाया जायेगा।

श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़..

दैनिक समाज जागरण। रवि वर्मा ब्यूरो चीफ म रोहतास

बिक्रमगंज / रोहतास (बिहार) 8 अप्रैल 2023:झबिहार के रोहतास जिला के घर वासडीह पीठ में आयोजित वार्षिक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे भक्तों की भीड़ एवं जन सैलाब यज्ञ में देखते देखते उमड़ पड़ा।

बिहार के रोहतास जिले में घरवासडीह पीठ के पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य महाराज द्वारा आयोजित 1अप्रैल से 5 अप्रैल तक वार्षिक महायज्ञ में शिष्य और आम जनता की भीड़ उमड़ पड़ी। दिन रात भक्तों की भीड़ लगी रही । आने वाले भक्तों और जनता के लिए भोजन का भी भंडारा दिन-रात चलता रहा। प्रतिदिन लगभग 10 से 15000 के बीच लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। यज्ञ पूणार्हुति एवं ब्रह्मभोजन के दिन लगभग 30 से 40 हजार लोगों ने

प्रसाद ग्रहण किया। यज्ञ में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। राम विवाह भी संपन्न कराए गए। जिसे देखने के लिए दूरदराज सहित आसपास के गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

जल यात्रा के दिन काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग बुद्धिजीवी वर्ग एवं माननीय उपस्थित रहे। यज्ञ में यजमान के रूप में उमाशंकर दुबे, निर्मल मिश्रा ,अरविंद कुमार मिश्रा, शिव कुमार मिश्रा, रामाशंकर तिवारी, कमलाकांत सिंह, सीताराम दुबे आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। जीवन के रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए श्री श्री 1008 जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायण आचार्य महाराज ने कहा कि ह्यजहां धर्म है वहीं जय है।वही पीठ के उत्तराधिकारी श्री केशव आचार्य महाराज ने धर्मापदेशों के सारगर्भित विषयों पर चर्चा करते हुए प्रकाश डाला।

गृह रक्षकों की बहाली (नामांकन) पूर्ण स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करायी जायेगी सम्पन्न : जिलाधिकारी।

बिचौलियों अथवा गड़बड़ी करने वालों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्रवाई।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न।

शारीरिक सक्षमता एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु तिथि का हुआ निर्धारण।

26 मई से 03 जून 2023 तक बेतिया पुलिस जिला अंतर्गत अभ्यर्थियों की महाराजा स्टेडियम, बेतिया में होगी शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच।

इसके बाद बगहा पुलिस जिला अंतर्गत अभ्यर्थियों की करायी जायेगी शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच।

दैनिक समाज जागरण शैलेश मिश्रा (व्यूरो चीफ) बेतिया पश्चिम चंपारण।

बिहार गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) में गृह रक्षक के पद पर नामांकन (बहाली) को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी गयी है। गृह रक्षकों के नामांकन (बहाली) हेतु आवेदन फॉर्म भरे उम्मीदवारों की शारीरिक सक्षमता तथा स्वास्थ्य परीक्षण हेतु तिथि का निर्धारण भी कर दिया गया है।

पूर्ण स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से गृहरक्षकों के नामांकन (बहाली) हेतु आज जिलास्तरीय चयन समिति की बैठक जिलाधिकारी, श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया, श्री उपेन्द्र नाथ वर्मा, जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी, श्री अमन कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में जिला समादेष्टा-सह-जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में 238 गृहरक्षकों के पद पर नामांकन हेतु विज्ञापन निकाला गया था। उक्त विज्ञापन के आलोक में 12 हजार अभ्यथियों ने आवेदन पत्र समर्पित किया है। आवेदन समर्पित करने वाले सभी अभ्यर्थियों की शारीरिक सक्षमता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना है।

उन्होंने बताया कि शारीरिक जाँच के अंतर्गत दौड़, ऊँची-लंबी कूद आदि करायी जाएगी। इसके साथ ही सभी अभ्यर्थियों का बाईमेट्रिक जाँच तीन स्तर पर किया जाएगा। दौड़ प्रतियोगिता में आरएफआईडी (रेडियों फ्रिकएवेंसी आइडेंटिफिकेशन डिवाइस) का प्रयोग किया जाना है, जिससे दौड़ में सेकेन्ड के हिस्से तक की शुद्धता आयेगी। इस दौरान डिजिटल हाईट-चेस्ट मेजरमेंट, डिजिटल शॉर्टपुट मेजरमेंट, डिजिटल लॉग जम्प मेजरमेंट कराया जायेगा। इसके बाद अंतिम रूप से मेधा सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शारीरिक सक्षमता एवं स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य पूर्ण पारदर्शी तरीके से विभागीय दिशा-निर्देश का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए कराना सुनिश्चित किया जाय। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो तथा बिचौलिए हावी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाय। गड़बड़ी एवं बिचौलियों के हस्तक्षेप की सूचना मिलने पर त्वरित जाँच करायी जाएगी और संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि शारीरिक जाँच और स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चयनित स्थल पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं यथा-चेस्ट नंबर, गोला, फीटा, हाईट स्टैंड, स्टॉप वॉच, हाई जम्प हेतु गद्दा आदि की व्यवस्था ससमय पूर्ण कर ली जाय। साथ ही जाँच तिथि से संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन समाचार पत्रों में कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जाँच के दौरान प्रयोग में लाये जाने वाले तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों के बैठने, पेयजल, शौचालय, मेडिकल टीम, जीवन रक्षक दवाएं आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। स्वच्छ नामांकन हेतु भर्ती स्थल स्थल पर टेंट, माईक, अल्पाहार, भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्था जिलास्तरीय क्रय समिति द्वारा की जायेगी। इसी प्रकार सभी काउंटरों पर सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, स्टेशनरी, साउंड सिस्टम, लाईट सिस्टम आदि की व्यवस्था भी इसी समिति द्वारा करायी जायेगी। यह समिति अनुमोदित दर पर आवश्यक सामग्रियों की नियमानुकूल एवं ससमय आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में स्वच्छ नामांकन हेतु शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच की प्रखंडवार तिथियां निर्धारित की गयी। शारीरिक सक्षमता परीक्षा का आयोजन महाराजा स्टेडियम, बेतिया में कराया जायेगा।

बेतिया शहरी एवं बेतिया ग्रामीण अंतर्गत आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच दिनांक-26.05.2023 को सम्पन्न करायी जायेगी। इसी तरह 27 मई को बैरिया, 28 मई को नौतन, 29 मई को चनपटिया, 30 मई को नरकटियागंज, 31 मई को मझौलिया, 01 जून को योगापट्टी, 02 जून को लौरिया एवं 03 जून को मैनाटांड़, गौनाहा तथा सिकटा प्रखंड के अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच करायी जायेगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बेतिया पुलिस जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के अभ्यर्थियों के शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच के उपरांत बगहा पुलिस जिले के विभिन्न प्रखंडों के अभ्यर्थियों की शारीरिक जांच/स्वास्थ्य जांच कराना सुनिश्चित किया जाय।

जिलाधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि जिला प्रशासन द्वारा नामांकन (बहाली) की प्रक्रिया पूर्ण रूप से स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करायी जायेगी। किसी बिचौलिएं की बातों में नहीं आए। अगर कोई बिचौलियां किसी प्रकार का प्रलोभन देता है, तो इसकी सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। ऐसे तत्वों के विरूद्ध नियमानुकूल सख्त कार्रवाई की जायेगी।

श्री हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर कमिटी का हुआ गठन

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार प्रखण्ड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद)

नबीनगर(बिहार)नगर पंचायत नवीनगर क्षेत्र स्थित शनिचर बाजार के समीप श्री हनुमान मंदिर का जीर

ITBPF के जवान अशोक कुमार सिंह के पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम,नम आंखों से दी गई विदाई।

दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र, मगध प्रमंडल।

मगध(बिहार) औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के लोदीपुर निवासी स्व रामपति सिंह के 42 वर्षीय पुत्र क्ळइढऋ के जवान अशोक कुमार सिंह का इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके बड़े भाई दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि 2001 से ही आई टी बी एफ में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान रांची में 6 अप्रैल को पीटी करने के दौरान अचानक गिर गए जिसके बाद जवानों द्वारा अस्पताल ले जाया गया और इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। वहीं इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह ने बताया कि पीटी करने के लिए मैदान में गए हुए थे और अचानक गिर गए जिसको देख जवानों ने दौड़ कर उन्हें उठाया और हॉस्पिटल में एंबुलेंस के द्वारा ले जाया गया।जिसके बाद डॉक्टरों ने देखते ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। पार्थिव शरीर को 7 अप्रैल को रात्रि में गांव लाया गया। गांव आते ही परिजनों में चित पुकार शुरू हो गई और गार्ड ऑफ ऑनर के सलामी के साथ नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। पुरा इलाका शहीद जवान अमर रहें भारत माता कि जय, वीर अशोक अमर रहें के नारों से गूंज उठा। इनके एक लड़का आकाश कुमार उम्र 16 साल मैट्रिक का फाइनल परीक्षा दिया है और एक लड़की अकांक्षा कुमारी जो कि 8 वा में पढ़ाई कर रही है। अपने परिवार के भरण पोषण करने वाले मात्र एक ही व्यक्ति थे। उनकी पत्नी को सम्मान पूर्वक तिरंगा झंडा सौंपा गया और विधि विधान पूर्वक दाह संस्कार किया गया।इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, भाजपा नेता भरत सिंह ,सूर्यदेव सिंह ,ललन सिंह ,मुखिया प्रतिनिधि राम सेवक राम, रविंद्र सिंह ,उपेंद्र सिंह ,गोपाल

सिंह ,मुन्ना सिंह, सूबेदार सिंह, रामनरेश सिंह, विनय सिंह, संतोष सिंह, नीरज सिंह, बबलू सिंह ,अनिल राम,उदित राम, रमेश सिंह, शैलेश सिंह, विजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, रामस्वरूप सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, बसंत सिंह, रविन्द्र सिंह, रिटायर्ड फौजी बिरेंद्र कुमार सिंह, छोटी सिंह, रंजीत सिंह,वार्ड सदस्य पप्पू कुमार, शाहबाज आलम, छोटू सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संजय सिंह के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

देश की उच्च सदन की आसन जब सरकार की नतमस्तक हो जाए तो , लोकतंत्र पर उंगली उठना लाजमी है।

दैनिक समाज जागरण , धनंजय कुमार वैद्य, ब्यूरो चीफ बिहार झारखंड

पटना (बिहार) अखबार को प्राप्त हुई कुछ दुर्लभ तस्वीर , जो चिख क चि ख यह बयान करती है देश के बनते बिगड़ते हालात के लिए सरकार जिम्मेदार है और जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए सदन में विपक्ष का अहम रोल होता है सरकार पक्ष और विपक्ष सुगमता से चलाने की जिम्मेदारी आसन की होती है लेकिन जब यही आसन सरकार के इशारों पर है कार्य या यूं कहें कि सरकार के आगे जब आसन ही नतमस्तक हो तो विपक्ष की कौन सुनेगी तब,,,, आम लोगों की दिलों में यह सवाल उठना लाजमी है कि,,, अब लोकतंत्र खतरे में है ? आम जनों की समस्या आप दोनों की समस्या अब कौन उठाएगा ? आसन सरकार के पक्षधर हैं ।प्रतिपक्ष के नेता को सदन में बोलने नहीं दिया जता। अगर बोलें उन्हें चुप करा दी जाती है । और अगर विपक्ष कुछ बोले तो परिणाम आप सबों के सामने हैं,,,,,,,,,?

अब यही हालात केंद्र सरकार की और बिहार सरकार की लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। सरकार के विरुद्ध जाने वाले और खुली मंच से अपनी बात रखने वाले के न्यायालय में मामला खोल दिया जाएगा या तमिलनाडु जैसी कोई कहानी गढ दी जायेगी। जिसका परिणाम पूरे देश में नंगे आंखों से देखा,, राहुल गांधी जैसे विपक्ष में बैठे नेता शीर्ष नेता भुगतेंगे, या मनीष कश्यप जैसे यूट्यूबबर,,?

जब सदन में विपक्ष की सुनी नहीं जाएगी। तो जनता की गाढ़ी कमाई सत्र बुलाकर लुटाई क्यों जाती है। देश और राज्य की हालात पर तब सवाल होती है जब देश के अंदर लोकतंत्र की गला घोटी जाती हो। चलिए मैं आप सबको देश की हालात से रूबरू करवाता हूं।

लोकसभा में केंद्र सरकार के मुखिया आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक उभरती तस्वीर चर्चा का विषय बना हुआ है जब लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला,,, ने आसन पर बैठने के बावजूद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को हाथ जोड़कर शीश नवाते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को देखा जा सकता है। तब जनता यह सवाल क्यों न करें अब लगता है देश की हालात ठीक नहीं कभी भी लोकतंत्र की हत्या कर की जा सकती है आसन किसी पार्टी का पक्षधर होगा आप जनहित की आवाज है सदन के चार दीवारों में गूंज नहीं पाएगी आसन पर बैठे लोग पक्षधर हैं और प्रतिपक्ष की सुनी नहीं जाएगी।

वहीं बिहार की हालात भी कुछ ठीक नहीं उस दिन पूर्व जहां बिहार में एनडीए की सरकार थी वही विधानसभा अध्यक्ष जी कुर्सी पर वर्तमान प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा विराजमान थे और विपक्ष की कमान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हाथों में हुआ करता था अब हालात बदले हैं आसन की चेहरा बदल गई विपक्ष में बैठने वाले लोग सरकार में हैं और सरकार में बैठने वाले लोग विपक्ष ऐसे में आसन पर बैठे एसे विधानसभा अध्यक्ष, बिहार में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा की आवाजों को चुप करा दिया जाता है यहां तक कि उन्हें बाहर करवाने का भी तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई हुई है। इस कर्तव्य हीनता से किसको फायदा ? सरकार चलाने में विपक्ष की भूमिका अहम मानी जाती ताकि बीच-बीच में आवाम की बातें सदन में रख सकेंसरकार की के हाथों में देखा जा सकता है। करती है राजनीतिक राजनीतिक माहौल में कर पड़ती है कि देश के लोकतंत्र खतरे में है जब सदन को आसन नहीं सरकार चलाती हो वैसे मे विपक्ष बैठे प्रतिपक्ष की नेता की आवाज आसन तक नहीं पहुंच पाती है तो लाजमी है इस सरकार तक जनता की बात पहुंचाएगा कौन?

औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने रेल मंत्री से मिलकर विभिन्न स्टेशनों पर रेलगाड़ी के ठहराव को लेकर दीया मांग पत्र।

दैनिक सामाज जागरण ,धनंजय कुमार वैध ब्यूरो चीफस बिहार झारखंड

औरंगाबाद (बिहार) औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने रेल मंत्री से मिलकर विभिन्न स्टेशनों पर रेलगाड़ी के ठहराव को लेकर दीया मांग पत्र।भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली में मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र एवं जिले के रेल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर पूर्व में रेलगाड़ी के ठहराव के लिए किए गए माँग से संबंधित एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लोकसभा क्षेत्र के अनुग्रह नारायण रोड,रफीगंज एवं गुरारू एवं जिले के नबीनगर स्टेशन का चयन हुआ है।जिसके तहत स्टेशन पर कई तरह के विकास कार्य,आधुनिकीकरण, स्टेशन विकास अभियान के तहत कार्य होना है।इसके अलावा और भी कई मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया।रेल मंत्री के द्वारा आश्वासन मिला

कि जल्द ही इन सभी बातों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए एवं रेलगाड़ी ठहराव के कार्य को पूर्ण किया जाएगा।इस मौके पर गया के पूर्व जिलाध्यक्ष धनराज शर्मा उपस्थित रहे।

मैट्रिक में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले छात्र-छात्राओ को सम्मानित किया गया।

दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र, मगध प्रमंडल।

मगध(बिहार) रफीगंज के कासमा के माँ द्रौपदी देवी सर्वांगीण विकास बालिका उच्च विद्यालय में वार्षिकोत्सव पर मैट्रिक परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक लाने वाले छात्र-छात्राओ को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया।जिसका उद्घाटन प्रो0 रविन्द्र सिंह, शिक्षक अशोक पाण्डेय, म0 वि0 कासमा के प्रधानाध्यापक पाण्डव प्रसाद गुप्ता, निर्देशक सुचित मिश्रा, प्रधानाध्यापिका स्नेहलता, शिक्षक संजय ठाकुर,रिजवाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम एवं मंच का उद्घाटन किया। पूजा कुमारी, शालिनी कुमारी, सुहाना कुमारी, जूही कुमारी ने स्वागत गान की प्रस्तुती दी। आगंतुकों को फूलमाला एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। मंच की अध्यक्षता प्रो0 रविन्द्र सिंह एवं संचालन यासमीन प्रवीण, सुहाना, सारिक, खुशी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रो0 रविन्द्र सिंह ने कहा कि विगत पन्द्रह वर्षों से लगातार इस क्षेत्र में शिक्षा का अलख इस विद्यालय के द्वारा जगाया जा रहा है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। शिक्षा सिर्फ नौकरी

के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करें।सुचित मिश्रा ने कहा कि विद्यालय 15 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में संघर्षरत है और समाज में परिवर्तन लाया है।खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लडकियों को अच्छी शिक्षा को विकसित करने का लक्ष्य है। इस विद्यालय के छात्र लगातार बिहार बोर्ड से मैट्रिक की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रौशन कर रहे हैं। यही नहीं जिनके अभिभावक बच्चों की फीस देने में सक्षम नहीं हैं उन्हें भी शिक्षा देने का कार्य विद्यालय की तरफ से लगातार किया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जूही, अंगद, संजना ने नुक्कड़ नाटक, हेमाद्री, अपर्णा, रिया ने भारतनाट्यम, पायल, एरम, चाहत, प्रियांशु ने सरहुल नृत्य, श्रेयस, हनी सिंह, लाडली, अल्कमा, तुफैल, राहुल ने कौव्वाली की प्रस्तुति किया। यश राज, हेमाद्री, अपर्णा के द्वारा आर्ट गैलरी लगाया गया। मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं शिल्ड देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर शिक्षक विनोद शर्मा, रूपम कुमारी, अनुपमा कुमारी, गौशिया प्रवीण,सम्मा प्रवीण,सना प्रवीण,फुलमति कुमारी,छात्रा हेमाद्री, अंशु, साक्षी,सानिया प्रवीण, वर्षा, सिया, रिया, अपर्णा,अभिभावक रविन्द्र साव,मंसूर आलम,नरेन्द्र सिंह, पप्पु साव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अवैध बालू लदे हाईवा ट्रक जप्त मालिक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार प्रखंड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र के नवीनगर टंडवा मुख्य पथ पर रघुनाथगंज गांव के समीप से अवैध रुप से बालू लदे एक हाईवा ट्रक को जब्त किया गया। वाहन चालक पुलिस को देख सड़क पर गाड़ी छोड़ मौके से भाग निकला । इसके बाद वाहन को जब्त किया लिया गया। मामले में नवीनगर थानाध्यक्ष विजयेंद्र कुमार सिंह ने बताया की अवैध रूप से बालू को गाड़ी के माध्यम से अन्यत्र जगह ले जाया जा रहा था। गुप्त सुचना पर छापेमारी की गयी।जिसमें वाहन जब्त कर निगरानी के लिए चौकीदार को तैनात किया गया। रात्रि में हाईवा मालिक सुबोध कुमार सिंह पिता राम जन्म सिंह ग्राम परडिया थाना मदनपुर जिला औरंगाबाद के निवासी एवं चार पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हाईवा से बालू निकालने की कोशिश किया जाने लगा जिसपर निगरानी के लिये तैनात चौकीदार द्वारा मना करने पर धमकी दिया जाने लगा। तब चौकीदार के द्वारा इसकी सूचना नवीनगर थाना को दिया गया । पुलिस को आते देख कर जेसीबी और अज्ञात चार पांच लोग भागने में सफल रहे। लेकिन हाईवा मालिक सुबोध कुमार को मौके से पकड़ लिया गया। मामले मे प्रमोद पासवान चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी। वाहन मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। छापेमारी अभियान में एसआई दिनेश पासवान समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

खजूरी टिका से दो शराबियों को किया गया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार संवाददाता प्रखंड नबीनगर(औरंगाबाद)

नबीनगर(बिहार)नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के खजूरी टिका गांव के पास से गश्ती के दौरान दो शराबियों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार शराबी की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के बेनी गांव निवासी राजेश साव तथा मुन्ना कुमार साव के रूप में हुई है। इस संबंध में टंडवा थानाध्यक्ष देवनंदन पासवान ने बताया कि थाना क्षेत्र के खजूरी टिका गांव के समीप से उक्त

दोनो व्यक्ति को शराब के नशे में धुत्त रहने पर गिरफ्तार किया गया है। गश्ती में लनिकले प्र पु अ नि संजय कुमार यादव ने संदेह होने पर उक्त व्यक्ति को रोक पूछताछ की।उक्त दोनों शराब के नशे में धुत्त पाए गये जिसकी मेडिकल जांच में चिकित्सकों ने शराब पिने की पुष्टि की इसके बाद पकड़े गए शराबी के विरुद्ध बिहार राज्य मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उक्त शराबी को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया ।

कार से भारी मात्रा में शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार संवाददाता प्रखंड नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहार)नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस द्वारा केरका गांव के पास एक कार से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। वहीं मौके से दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए शराब तस्कर की पहचान औरंगाबाद जिला के दाऊदनगर थाना क्षेत्र के छोटकी कर्मा गांव निवासी जंग बहादुर सिंह तथा ललन कुमार के रूप में हुई है। मामले में एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में शराब धंधेबाज शराब की एक बड़ी खेप उतारने वाले हैं। सूचना मिलते ही गश्ती में तैनात पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पकड़ी गयी गाड़ी की जब पुलिस ने तलाशी ली तो कार में छुपाकर रखे 180 एम एल के 1680 बोतल टंच देसी शराब बरामद की गयी।थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन और शराब को जब्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। छापेमारी अभियान में ए एस आई राम पुकार कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

कार और ट्रैक्टर के बीच टक्कर में पाच घायल

दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार, संझौली रोहतास

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के अमेठी गांव के पास एक कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर में कार पर सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया और वहां से बेहतर इलाज के लिए

सासाराम भेज दिया गया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि भलुनी धाम से एक कार में सवार होकर के महेंद्र प्रताप ,सुरेंद्र प्रताप, राम नाथ चौबे, रामनाथ शर्मा, विजय कुमार त्रिवेदी, सभी सासाराम निवासी सासाराम जा रहे थे की नोखा से नटवार जा रही एक ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। नोखा नटवार बक्सर लाइन पर अमैठी गाव के पास दोनों के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। जिनमें कार के परखच्चे उड़ गए। इनमें सभी पांचों को स्थानीय लोगों द्वारा नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर के बेहतर उपचार के लिए सासाराम रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में लग गई है।

भवानीपुर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से एक घर जल कर राख

दैनिक सामाज जागरण प्रतिनिधि बेतिया पश्चिम चंपारण

गौनाहा/सहोदरा थाना क्षेत्र के बैरिया भवानीपुर गांव में आग लगने से एक घर जलकर खाक हो गया। घटना को लेकर बताया जाता है कि शुक्रवार को देर रात्रि में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसने बैरिया भवानीपुर के वार्ड नंबर 3 मे रहने वाली माया देवी का घर पुरे सामान के साथ जलकर खाक हो गया। पीड़िता का कहना है कि खाने के लिए एक बर्तन

भी नहीं बच पाया हैं। वही शोर मचाने पर ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। जिससे आस-पास का घर जलने से बचा ' पीड़िता ने अंचलाधिकारी गौनाहा को आवेदन देकर मुआवजा की मांग की है। वही इस संबंध में अंचलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि आग लगने की घटना की जानकारी मिली है। पीड़िता के द्वारा आवेदन भी दिया गया है वही आवेदन के आलोक में हल्का कर्मचारी को जांच के लिए स्पोर्ट पर भेजा गया है। घटना के सत्यापन के बाद पीड़िता को मुआवजा दी जाएगी।

सासाराम भभूआ कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर बैठक

दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार, नोखा रोहतास

पैक्स अध्यक्ष के अधिकारो को अफसरों ने बंधक बनाया हैं। किसानों के बीच उनके सुख दुख में हम लोगो को रहना है लेकिन किसानों को उनकी हक हम लोग नही दे पाते है। लोग हम लोगो को चोर कहते है। जब कि को-ऑपरेटिव में किसानों के लिए कई योजना चला रही है। किसानों को हम लोग मदद कर सकते है। पैक्स सोसाइटी की हक मिल जाये तो किसानों के साथ पैक्स अध्यक्षों को भी फायदा होगा। सोसायटी की शेयर को बैंक रख लेती है। और हम लोगो की खरीदारी पर बैंक सूद वसूल करता है। उक्त बातें अकोढा पैक्स अध्यक्ष सह सासाराम भभूआ को-ऑपरेटिव अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे मनोज पटेल ने कही। मौका था पैक्स अध्यक्ष का अपना अधिकार के लिए जागरूक करने का अभियान । जो नोखा में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधनमंत्री जमावृद्धि योजना की जानकारी देते हुए कहा पैक्स अध्यक्ष बैंक में खाता खोल कर किसानों को उनके बीमारी या अन्य जरूरी कार्यो को लिय मदद दे सकते है। लेकिन बैंक के प्रबंधक की

मनमानी के कारण हम लोग मदद नही कर पाते। इस योजना की बृहत जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से जिबिकाब, किसान एव अन्य सभी को -ऑपरेटिव की मदद किया जा सकता है।वही डिफाल्टर पैक्स पर कहा कि जो पहले पैक्स अध्यक्ष एव सोसायटी पैसा ले लिया लेकिन डिफाल्टर की सूची में दूसरे जीते हुए पैक्स सोसाइटी को डिफाल्टर कर खरीदारी से रोक दी जाती है। इसे रोकना होगा । पैसा कोई ले और भरे कोई इसके लिए संधर्ष करना होगा ।बोरा की खरीदारी एव अन्य कई समस्या पर चर्चा की गई।इसमे पाच प्रतिशत सुध का पैसा लौटने की एव कई समस्या कर चर्चा की गई। वही उसना अरवा चावल को लेकर भी कहा कि शाहवाद का क्षेत्र अरवा चावल की माग करता है। लेकिन सरकार ने कुछ पैक्स को अरवा चावल लिया जिनके पास अपना मिल था। लेकिन अन्य को उसना चावल के लिए मजबूर किया। इसके लिए लिए डीएम एव मुख्यमंत्री से मिलने की बात कही गई। मौके पर चितरंजन तिवारी, हरेंद्र सिह , विजय सिह, अक्षेबर सिह , कमलेश कुमार , संजय कुमार, रामजी मिश्रा, अमनेंद्र पांडे, संजय कुमार सिह, धर्मेंद्र कुमार, राम प्रवेश सिह, सहित रोहतास एव कैमूर जे पैक्स अध्यक्ष मौजूद रहे।

अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जप्त,चालक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार प्रखण्ड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहर)नवीनगर थाना पुलिस ने छापेमारी कर भुसौली गांव के समीप से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही चालक को मौके से गिरफ्तार भी किया गया।यह कार्रवाई एस आई मदन उपाध्याय समेत सशस्त्र पुलिस द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अवैध तरीके से बालू खनन कर ट्रैक्टर से ले जाया जा रहा है। सूचना के फौरन बाद अधिकारी छापेमारी करते हुए उक्त गांव के समीप पहुंचे। जहां से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया। मामले में नवीनगर थानाध्यक्ष विजयेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में खान निरीक्षक प्रदीप कुमार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है एवं मौके से चालक नवीनगर थाना क्षेत्र के रजवाडा गांव निवासी राजेश शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। ट्रेक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है।

बरांव गांव में अग लगने से पांच बीघा की फसल जलकर राख

दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार, नोखा रोहतास

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के बरांव गांव में पेट्रोल पंप के पास अगलगी में 5 बीघे की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शनिवार की दोपहर में अगलगी की घटना हो गई । जिनमें वराव गांव निवासी अखिलेश सिंह की पाच विधे की गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।जिससे ग्रामीणों और अग्निशामक दल के द्वारा आग पर काबू पाया गया ।अखिलेश सिंह की हजारों की संपत्ति जलकर राख हो गई।

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

दैनिक समाज जागरण अरविंद कुमार, नोखा रोहतास

रोहतास जिले के नोखा प्रखंड के श्रीखिंडा गांव में निजी विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख धनजी सिह , उप प्रमुख कैलाश पसावन, जिला पार्षद सदस्य निरंजन राम, मेलु मिश्रा , जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर विकास कुमार , सीओ सुमन कुमार , माला बाबू शर्मा , श्याम बिहारी सिह, उप मुख्य पार्षद धनजी सिह,

विजय सेठ आदि की उपस्थिति में बच्चों को प्रस्तुत किया गया मौके पर प्रखंड में टॉपर जिले में तीसरा स्थान पर ही सोनाक्षी सिह को पुरस्कृत किया गया वहीं विद्यालय के गोपाल कुमार , अमन कुमार, अमन गुप्ता, ब्रजेश कुमार, अंजुम तारा , कुंदन कुमार, आकाश कुमार, अंकित कुमार, सलमा खातून, प्रीति कुमारीं, दीपक कुमार , संगीता कुमारीं, शिवम कुमार , आसुतोष कुमार, खुशी कुमारीं, आदर्श कुमार , नेहा कुमारीं, उज्ज्वल कुमार ।महिमा कुमारीं , सनोज कुमार , अनिशा कुमारीं , गुड्डू कुमार, सलोनी कुमारीं, को पुष्कर किया गया मौके पर प्रखंड के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सिविल सर्जन एवं डीपीएम ने सीएचसी को किया औचक निरीक्षण।

दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र। मगध(बिहार) औरंगाबाद जिले के रफीगंज में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिविल सर्जन एवं डीपीएम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साफ-सफाई, हर्बल गार्डन ,ऑडी लैब, डिलीवरी रूम, वाडों का बारिकी से निरीक्षण किया।सीएस रवि भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी के बारे में जितना सुना उससे ज्यादा देखने को मिला। यहां सभी तरह से संतुष्टि पाई गई ।इसलिए इस स्वास्थ्य केंद्र को कई अवार्ड से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, डॉक्टर केसरी कुमार, बीसीएम सनी कुमार ,अकाउंटेंट राजेश कुमार शर्मा, फार्मासिस्ट कौशलेंद्र कुमार ,डाटा ऑपरेटर गणेश कुमार ,निर्भय कुमार ,जीएनएम प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, एनएम रंजना कुमारी ,सहित सफाई कर्मी उपस्थित थे।

महापरिवर्तन आंदोलन एकता और जागरूकता अभियान चलाया।

दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र, मगध प्रमंडल।

मगध(बिहार)औरंगाबाद जिले के औरंगाबाद, शिवगंज,वार,रफीगंज में तेलंगाना के पूर्व पुलिस महा निरीक्षक सह पंजाब सरकार में वर्तमान रक्षा सलाहकार सह उत्तराखंड के जेल सुरक्षा समिति सदस्य विनय कुमार सिंह का आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। विनय कुमार सिंह ने कहा कि महापरिवर्तन आंदोलन एकता और जागरूकता का अभियान का प्रयास है जो अराजनीतिक है ।उन्होंने कहा कि राजनीतिक और राजनेता से इस बिहार का विकास नहीं हो सकता है। क्योंकि 75 सालों से अब तक नहीं हो सका। लेकिन मेरा विरोध किसी भी राजनीतिक दल किसी भी राजनेता से नहीं है। विरोध और शिकायत यहां के जनता से है।जातिवाद और राजनीतिक के आधार पर ऐसे लोगों को सरकारों में चुना है। जो उसके योग्य नहीं है ।बिहार आज मजदूरों का कारखाना बना हुआ है ,हालात काफी जर्जर है। पूरे 28 राज्यों में सबसे निचले पायदान पर है। गरीबी, भुखमरी, शिक्षा ,बेरोजगारी पर्यायवाची शब्द बना हुआ है। बिहार एक उपवास जनक राज्य के रूप में जाना जाता है। इस स्थिति से उबारने के लिए हमने पांच उद्देश्य मार्ग सुझाया है। पहला गांव का झगड़ा गांव में फैसला हो, दूसरा शिक्षा के प्रति प्रचार प्रसार हो ,सभी स्कूलों का व्यवस्था ठीक

हो ,तीसरा गांव की सफाई गांव के लोग मिलकर करें ताकि बीमारी से बचें और रोग ना हो, पूरे विश्व की गंदे शहर गंदे रेलवे स्टेशन बिहार में ही गिने जाते हैं। चौथा भ्रष्टाचार हर कार्यालय में अगर भ्रष्टाचार दूर नहीं होगा तो विकास नहीं होगा आप अकेले अगर भ्रष्टाचार दूर करने जाएंगे तो आपके ऊपर ही मुकदमा कर दिया जाएगा। लेकिन समूह में जाकर ज्ञापन देंगे तो किसी की हिम्मत नहीं है कि कार्यालय में पैसा मांग ले ।जाति और धर्म, पार्टी के आधार पर वोट देंगे ,तो ऐसी स्थिति में सरकार बनेगी जो अपने काम से काम में रखेगी, इसलिए जाति, नेता ,धर्म ,पार्टी ,शराब, पैसा राजनीतिक नेता के नाम पर नही,अपने स्थानीय उम्मीदवार को कर्म के आधार पर वोट दें ।अच्छी सरकार बनेगी 3 साल में बिहार का कायाकल्प हो जाएगा ।इसके लिए हमें प्रखंड के ग्राम पंचायत समिति, ग्राम समिति, बनाने का उपाय सुझाया है। हर एक ग्राम पंचायत से एक एक आदमी, हर गांव से एक एक आदमी और गांव के लोग बैठकर अपने ही गांव में 10 लोगों की समिति चुने। पांचों उद्देश्य उसे अनुपालन करें। शहर में हर एक वार्ड से एक एक आदमी हर एक वार्ड में 15 लोग किस समिति चुने पूरा शहर स्वर्ग बनाया जा सकता है ।अगले 3 सालों में यही सपना है। इस अवसर पर हरेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी राजू कुमार गुप्ता, वार्ड पार्षद मदन चौधरी, राजेश कुमार, निखिल कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह ,शामिल थे।

जातीय आधारित गणना का हुआ प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार प्रखंड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहार)आज दिनांक 8.4.2023 को प्रखंड मुख्यालय नबीनगर में जातीय आधारित गणना को लेकर प्रगणक और सुपरवाइजर का प्रशिक्षण जारी रहा।प्रखंड विकास पदाधिकारी देवा नंद कुमार सिंह ने बताया कि आज,टंडवा,महूआव,सोरी और सोनोरा पंचायत के प्रशिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यपालक सहायक रणजीत कुमार,नंद कुमार,नवाज,कमलेश कुमार द्वारा मोबाइल ऐप के द्वारा सर्वे करने को बताया।प्रशिक्षण देने वाले शिक्षक महेंद्र मोची,राजेश कुमार,रोहित कुमार,रंजीत कुमार,मुकेश कुमार,सुनील कुमार, ने प्रशिक्षण दिया।यह गणना 15 अप्रैल से 15 मई तक में पूरा कर लेना है।प्रशिक्षण में शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, संजीव कुमार,आनंद कुमार,मनीष कुमार,रमेश कुमार,श्याम सुन्दर पाठक आदि उपस्थित रहे।

आपसी विवाद में मारपीट, एक की मौत एक गिफ्तार

दैनिक समाज जागरण अनिल कुमार संवाददाता प्रखंड नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के मध्य विधालय मनोहरी के समीप आपसी विवाद में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार देर शाम की है। जहां लाठी-डंडे से व्यक्ति को पीटकर अधमरा कर दिया गया। जिसके बाद उसकी मौके पर मौत हो गयी। मृतक की पहचान कुटुम्बा थाना क्षेत्र के मुजहीदा गांव निवासी विजय राम के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही टंडवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मामले मे टंडवा थानाध्यक्ष देवनंदन पासवान ने बताया की पुलिस घटना स्थल पर पहुँच मामले की जांच पडताल कर रही है। शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजा दिया गया।मामले मे मृतक के पुत्री पूजा कुमारी के बयान पर थाना कांड 47/23 दर्ज करते हुये मनो

एक व्यवसायी को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

उत्तम सिंह :संवाददाता: दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
एनजेपी पुलिस ने एक व्यवसायी को ठगने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । आरोपी का नाम दिलीप बंसल है । सूत्रों के अनुसार 26 जनवरी को दिलीप बंसल ने फूलबाड़ी के इलायची व्यवसायी प्रदीप दागा को सिलीगुड़ी के नयाबाजार इलाके के एक जाने - माने व्यवसायी के रूप में परिचय दिया था ।

आरोप है कि प्रदीप दागा का विश्वास जीतकर दिलीप बंसल ने उनसे करीब 11 लाख रुपये कीमत की 30 बोरी इलायची ले ली । दिलीप बंसल ने कहा था कि वह इलायची की कीमत तीन दिनों के भीतर प्रदीप दागा को दे देंगा । कई दिनों के बाद जब प्रदीप दागा को रुपए नहीं मिले तो उन्हें समझ में आ गया कि उनके साथ धोखा हुआ है । इसके बाद उन्होंने एनजेपी पुलिस में एक लिखित शिकायत दर्ज करवाई । इस बीच मामले की जानकारी होने पर दिलीप बंसल छिप गया था । आखिरकार शुक्रवार को आरोपी को सिलीगुड़ी के प्रणामी मंदिर रोड इलाके स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी को आज जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया ।

सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर ने के कारण स्थानीय लोग कमको रोखकर किया विरोध प्रदर्शन

उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है । यह आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने सड़क का काम रोक कर विरोध प्रदर्शन किया । इस बीच स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए काम कर रहे ठेकेदार मौके से भाग गये ।

सिलीगुड़ी महकमा परिषद के तत्वावधान में फांसीदेवा के चौपुखरिया इलाके में सड़क का निर्माण किया जा रहा है ।इंस्टॉल करें स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है । तीन मीटर सड़क बनाने के बजाय सड़क को छोटा बनाया जा रहा है । इस संबंध में स्थानीय पंचायत सदस्य ने कहा कि सड़क का काम ठीक से नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों ने विरोध किया है । हम चाहते हैं कि सड़क का काम ठीक से हो । दूसरी ओर , इस संदर्भ में सिलीगुड़ी महकमा परिषद के सभाधिपति अरुण घोष ने कहा कि अगर ऐसी शिकायतें आती हैं तो घटनास्थल का दौरा किया जाएगा और शिकायत साबित होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । सड़क का काम ठीक से होना चाहिए ।

एक नाबालिग अपहरण मामले में फांसीदेवा थाना पुलिस ने 3 लोगों को किया गिरफ्तार।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण
फांसीदेवा : नाबालिग का इलाके से अपहरण मामले में फांसीदेवा थाने की पुलिस ने शिकायत के बाद अपहरण की जांच पड़ताल कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। फांसीदेवा थाना क्षेत्र के 16 वर्षीय किशोरी पिछले मंगलवार से लापता है। परिजनों का पता चलने के बाद उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। जांच के बाद पुलिस ने नाबालिगा को बरामद कर तीन आरोपियों को उत्तर दिनाजपुर के इस्लामपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मोहम्मद आलम, सबीना खातून, मोहम्मद राशिद चटहाट के रहने वाले बताए जाते हैं। इस बीच खबर पाकर पुलिस को चकमा देकर भागने का प्रयास करने पर पुलिस ने इस्लामपुर बाजार से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों को शनिवार को सिलीगुड़ी महकमा न्यायालय भेजा गया। पुलिस इस बात की जांच में जुट गई है कि क्या इस घटना में कोई और शामिल है

भाजपा नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी की ओर से अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदाय को किया स्वागत।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण
नक्सलबाड़ी : भारतीय जनता पार्टी नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी की ओर से बीजेपी के प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर सप्ताह के एक हिस्से के रूप में अल्पसंख्यक और आदिवासी समुदाय को स्वागत किया। भाजपा नक्सलबाड़ी मंडल कमिटी के अध्यक्ष शत्रुघन साहनी ने बताया सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अवसर पर अल्पसंख्यक व्यक्तित्व मोहम्मद हामिद अली और आदिवासी व्यक्तित्व को नक्सलबारी के छोटा मनीराम जोत में स्वागत किया गया। बताया की आने वाले दिनों में स्वास्थ्य शिविर और वृक्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किए जाएंगे। वहीं सम्मानित किए जाने पर मोहम्मद हामिद अली ने भाजपा का आभार व्यक्त किया।

प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर एक शादीशुदा महिला ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।
बौंसी/बांकाः- प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर एक शादीशुदा महिला के आत्महत्या कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। घटना शुक्रवार सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार डहुआ गांव निवासी सिराज अंसारी उर्फ मंसूर अंसारी

की 19 वर्षीय लड़की कुलसुम खातून का गांव के ही प्रिंस के 32 वर्षीय पुत्र राजा अंसारी के साथ प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया जाता है कि, राजा अंसारी के कहने पर ही मृतक लड़की की शादी टूट गयी थी। यह भी बताया जाता है कि, राजा अंसारी ने कुलसुम खातून को शादी देने का भरोसा दिलाया था। बताया जाता है कि, गुरुवार की रात राजा अंसारी ने मृतिका कुलसुम खातून को बुलाया और रात भर अपने घर पर रखा और सुबह यह कर घर भेज दिया कि मैं तुमसे शादी नहीं कर सकता। कुलसुम खातून को अपने प्रेमी राजा अंसारी के द्वारा किया गया अपमान सहन नहीं हुआ और घर में आकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मालूम हो कि मृतक कुलसुम खातून 8 भाई बहनों में तीसरे नंबर पर थी। मृतिका के परिजनों के द्वारा मामले की जानकारी बौंसी थाने को दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच में जुट गयी है।

12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल 56 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। दिनांक 08 अप्रैल 2023 को 12 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, किशनगंज द्वारा अपनी वाहिनी का 56 वां स्थापना दिवस वाहिनी के नए स्थान ,फुलवारी ,लहरा चौक, किशनगंज में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बताते चलें कि प्रत्येक वर्ष 12 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल का स्थापना दिवस 1 अप्रैल को मनाया जाता रहा है। किंतु कुछ अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों के कारण वाहिनी का स्थापना दिवस दिनांक 08.04.2023 को मनाया गया।
सर्वप्रथम मुन्ना सिंह कमांडेंट 12 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल किशनगंज द्वारा मुख्य अतिथि के रुप में पधारे श्रीकांत शास्त्री, जिलाधिकारी, किशनगंज तथा श्रीमती किरण सिंह, संदीक्षा अध्यक्षा 12वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा श्रीमती श्वेता रानी श्रीमती ने पदाधिकारी को पुष्प गमला भेंट करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्री श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी किशनगंज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर, केक काटकर तथा गुब्बारे को हवा में छोड़ने के साथ ही वाहिनी के 56वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
वाहिनी के श्वान दस्ते के श्वान , बड्डी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया ।
मुन्ना सिंह, कमांडेंट 12 वीं वाहिनी द्वारा कार्यक्रम के संदर्भ में अतिथियों के स्वागत संबोधन के दौरान 12 वीं वाहिनी , सशस्त्र सीमा बल के गौरवमयी इतिहास के बारे में लोगों को बताया और वाहिनी के उज्जवल भविष्य की कामना किया।
इसी खुशी के अवसर पर वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.आर. अंसारी द्वितीय कमान अधिकारी (चिकित्सा) को प्रोन्नति पर कमांडेंट (चिकित्सा) के रैंक और पद से विभूषित किया गया ।
वाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।जिसमें आरक्षी सामान्य- अमितेश कुमार, सुनील कुमार शर्मा द्वारा स्वागत गान, आरक्षी सामान्य (महिला) सूर्या एस.एन द्वारा केरल शास्त्रीय नृत्य, मिस अनन्या कुमारी द्वारा नृत्य,आरक्षी सामान्य (महिला) कुमारी छेत्री एवं महिला जवान साथियों द्वारा नेपाली समूह नृत्य, आरक्षी सामान्य- दिव्य ज्योति बोरा एवं जवान साथियों द्वारा बिहू , असमिया लोकनृत्य ,आरक्षी

सामान्य (महिला) प्रियंका नायक एवं महिला जवान साथी द्वारा उड़ीसा संबलपुरी नृत्य, उप सहायक निरीक्षक फार्मासिस्ट, प्रमोद कुमार सैनी एवं श्रीमती सैनी द्वारा नशा विरोधी युगल नृत्य, आरक्षी सामान्य-धनराज महाजन और जवान साथियों द्वारा महाराष्ट्र का लोक नृत्य लेजिम की प्रस्तुति के साथ सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी के जैज बैंड द्वारा कार्यक्रम में अपने वाद्यों और सुरों का जलवा बिखेरा गया।
मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित, श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी द्वारा वाहिनी के स्थापना दिवस के अवसर पर वाहिनी के अधिकारियों एवं बल कर्मियों को वाहिनी के स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं प्रदान किया और उन्होंने कहा सशस्त्र सीमा बल भारत नेपाल की खुली सीमा पर चुनौतीपूर्ण कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। सीमा पर उनकी उपस्थिति से सीमावर्ती ग्रामीण स्वयं को सुरक्षित महसूस करने के साथ ही अपराधी तत्वों में डर का माहौल बना रहता है ।
वाहिनी मुख्यालय एवं भारत नेपाल सीमा पर स्थित वाहिनी की सीमा चौकियों द्वारा इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के खाद्य स्टौलों को लगाया गया ।
इस कार्यक्रम के दौरान श्रीकांत शास्त्री, जिला अधिकारी एवं श्रीमती शास्त्री मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशेष अतिथि के रूप में,
शैलेश कुमार सिन्हा, कमांडेंट 72 वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल , पांजीपारा, मधुकर अमिताभ, कमांडेंट, 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,ठाकुरगंज, डॉ इनामुल हक मेगनू, पुलिस अधीक्षक, रवि कांत द्विवेदी, ठाकुरगंज, उप कमांडेंट 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज, नागेंद्र कुमार तिवारी, प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, प्रदीप कुमार सिंह, सपत्नीक, मुख्य प्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक, कैल्टेक्स चौक, मुन्ना सिंह कमांडेंट 12 वीं वाहिनी, श्रीमती किरण सिंह, संदीक्षा , अध्यक्षा 12वीं वाहिनी, डॉ आर. आर. अंसारी कमांडेंट (चिकित्सा), श्रीमती शाहिना निजाम, संदीक्षा उपाध्यक्षा, 12वीं वाहिनी, काईखो अथिखो, द्वितीय कमान अधिकारी, फिलेम बसंता सिंह, उप कमांडेंट,सनिहे सलिउ, उप कमांडेंट, पदम सिंह मीना, सहायक कमांडेंट संचार, आयुष दधीचि, सहायक कमांडेंट, सतपाल सिंह, सहायक कमांडेंट, गुरदीप सिंह , सहायता समादेष्टा, निरीक्षक राजकुमार सहित सम्मानित मीडियाकर्मी एवं 12वीं वाहिनी,सशस्त्र सीमा बल के अधीनस्थ अधिकारी, बल सदस्यगण तथा उनके परिवार जन उपस्थित रहे।

दो बच्चे की मां कुंवारे देवर से की प्यार,देवर कि शादी की बात पर, दोनों फांशी लगा दे दी जान

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह
बांकाः जिले के चांदन प्रखंड सुइया क्षेत्र एक बड़ी खबर सामने आई है। एक प्रेमी प्रेमिका के इश्क में इस तरह का पागल हो गई थी की दोनों युगल प्रेमी एक कटहल पेड़ में रस्सी का फंदा लगा रस्सी के सहारे एक ही पेड़ में अलग-अलग झुल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया है। घटना तब सामने आया जब गांव के लोग शनिवार को अहले सुबह सोच करने उस ओर गया। जानकारी के अनुसार सुइया थाना क्षेत्र बरगुनिया गांव के जागो दास का 22 वर्षीय पुत्र रघुवर दास एवं गांव के ही मुकेश दास की पत्नी व दो बच्चे की मां 28 वर्षीय सविता देवी के बीच एक वर्ष पुर्व से ही प्रेम प्रसंग चल रहा था। रिश्ते में दोनों देवर भाभी होने की बात कही जा रही है। मृतिका सविता देवी की पति अक्सर परिवार चलाने के लिए बाहर रहा करता था। ओर दोनों देवर भाभी का प्यार परवान चढ़ा हुआ था, इधर जब मृतक

रघुवर दास के परिजन युवक को शादी कराने की बात तय कर दिया। जो आज ही के दिन 22 वर्षीय युवक रघुवर दास के घर में तिलक उत्सव होने के तैयारी में लोग लगा था। इस बात को लेकर दोनों प्रेमी देवर भाभी को मंजूर नहीं हुआ और दोनों एक दूसरे को मिटने के खातिर फांसी लगाकर जान दे दी। इस तरह की सनसनीखेज मामले को लेकर घटना स्थल पर गांव के लोग इकट्ठा होकर मौके से सुइया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सुचना दे दिया। सुचना पाते ही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार दल बल के साथ पहुंचकर दोनों मृत शव को ग्रामीणों के सहयोग से निचे उतरा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बांका भेज दिया। इस मौके पर धनुवसार पंचायत के मुखिया भोला यादव के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे। घटना के लेकर लोगों में तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं साथ ही मृतक दोनों के परिजनो में मातम पसरा हुआ है। मृतिका सविता देवी के 6 वर्ष का पुत्र अंकुश कुमार व 3 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी आदि परिजन रो रो कर बुरा हाल है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो चचेरे भाई की हुई मौत परिवार गमगीन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह
बांका/चांदन/ सुईया थाना क्षेत्र के कटोरिया सुल्तानगंज मुख्य मार्ग स्थित गढ़वा मोड़ के समीप शनिवार के सुबह 9 बजे करीब बाइक दुर्घटना में दो युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक सुईया थाना क्षेत्र के महेशमारा गांव निवासी मोदी दास का पुत्र नीतीश कुमार एवं नरेश दास का पुत्र रावण कुमार शामिल है ।दोनों एक ही बाइक से अपने घर से सुईया बाजार सब्जी खरीदने जा रहे थे। कि मुख्य मार्ग स्थित गढ़वा मोड़ के निकट बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़ा बिजली का पोल में जाकर भयानक टक्कर मार दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाइक का

परखच्चे उड़ गया। इस घटना की सूचना पर सुईया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार को मिलते ही दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर दोनों शव को अपने कब्जे में लेते हुए रेफरल अस्पताल कटोरिया लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ विनोद कुमार ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद थाना अध्यक्ष मनीष कुमार एवं कटोरिया इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने दोनों मृत शव पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया गया।
इधर दोनों युवक का मौत होने से परिजन रो रो कर बुरा हाल है तो ही पर गांव में मातम पसर गया है।

शॉर्ट सर्किट से वेल्डिंग दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह
चान्दन/बांकाः चान्दन पंचायत के वार्ड नंबर दस अवस्थित एक वेल्डिंग दुकान में शुक्रवार दोपहर के करीब अचानक आग लग जाने से लाखों का सामान जलकर राख हो गई। दुकान में लगा मशीन कंप्यूटर कांटा, वेल्डिंग मशीन, ग्रैंडर, ड्रिल मशीन, जनरेटर लगभग दो लाख का समान जलकर बर्बाद हो जाने की बात बताया जा रहा है। दुकान में रखा कोई भी सामान उपयोग के लायक नहीं बचा है। आग कैसे लगी यह किसी को पता नहीं, राजस्थानी लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान में लगे विद्युत तार की शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने बात बताई जा रही है। क्योंकि दुकान में कोई स्टाफ द्वारा कोई काम नहीं हो रहा था, शुक्रवार दिन होने के कारण दुकान दार एवं गांव के व्यक्ति जुम्मा पढ़ने मस्जिद गए थे। दुकान में दो छोटे-छोटे बच्चे खाट पर सोए थे, जब अचानक आग लग गई तो बच्चे गांव में आकर चिल्लाने लगे तब जाकर किसी ने मस्जिद में सूचना दिया तब मस्जिद से सभी लोग

दौड़कर दुकान पहुंचे, तब तक दुकान में रखे सभी सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार वसीम अंसारी, पिता मुस्तफा अंसारी ने बताया यही दुकान से अपने परिवार का भरण पोषण चलता था जो आज वह भी जल कर राख हो गया अब हमारे गुजर-बसर कैसे होगा इस बात को लेकर वसीम के सभी परिवार रो-रो कर बुरा हाल है। इस घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे चांदन मुखिया अनिल कुमार दुकानदार एवं उनके परिवार को भरोसा देते हुए सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं मुखिया ने दुर्भाष के माध्यम से चांदन अंचलाधिकारी को इस बात को लेकर जानकारी दिया अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य ने पीड़ित को आश्वास्त करते हुए कहा कि जली हुई दुकान की फोटो एवं आवेदन अंचल कार्यालय में जमा करा दें, जांच उपरांत को हर संभव सरकारी लाभ दिलाया जाएगा। बता दें कि पीड़ित दुकानदार वसीम एक गरीब परिवार से है वह बरसों से दूसरे के दुकान में मजदूरी करता था हाल ही में किसी तरह से अपनी दुकान कर अपने पूरे परिवार का भरण पोषण चला रहा था अब उनके पास वह भी नहीं रहा। फिलहाल दुकानदार वसीम को मदद की जरूरत है। दुकानदार वसीम के पूरे परिवार ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

जनसंपर्क बढ़ाने के लिए पुलिसेर पाड़ा मीटिंग में वर्डबाशियो की कोई शिकायत! पुलिस लिया एक्शन

उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
सिलीगुड़ी में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए पुलिसेर पाड़ा मीटिंग शुरू हो गई हैं । उस मीटिंग में स्थानीय लोगों ने एक के बाद एक शिकायतें उठाईं । शिकायत मिलने के बाद आज पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया है । ज्ञात हो कि शुक्रवार शाम को सिलीगुड़ी नगर निगम अंतर्गत 17 नंबर वार्ड स्थित शिशु उद्यान में सिलीगुड़ी थाना व स्थानीय वार्ड कमिटी ने पुलिसेर पाड़ा मीटिंग का आयोजन किया था । इस दौरान सिलीगुड़ी थाने के आईसी अनुपम मजूमदार व अन्य पुलिस कर्मी , स्थानीय पार्षद व तीन नंबर बोरो की चेयरमैन मिल्ली सिन्हा सहित वार्ड कमिटी के अन्य सदस्य मौजूद थे । स्थानीय लोगों ने पुलिस के सामने कई शिकायतें कीं ।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिलीगुड़ी कॉलेज के पास की सड़क नशे का

अड्डा बन गई है । रात होते ही शराब के नशे में धुत लड़के - लड़कियां वहां घूमने लगते हैं । साथ ही इलाके में तेज आवाज के साथ बाइकें आवाजाही करती है । इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है । इतना ही नहीं बाघाजतिन पार्क के पीछे की सड़क पर मनसा मंदिर गली में दिनदहाड़े कई घरों में चोरी की घटनाएं घटी है । 17 नंबर वार्ड के निवासियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि सड़क पर बाइक की रफ्तार कम करने के लिय स्पीड ब्रेकर लगाया जाये और इलाके में सीसीटीवी पर विशेष नजर रखी जाये । स्थानीय लोगों की शिकायत सुनने के बाद आज सुबह सिलीगुड़ी पुलिस ने इलाके में अभियान चलाया । इस संबंध में पार्षद मिल्ली सिन्हा ने कहा कि सभी मुद्दों पर चर्चा हुई है । पुलिस ने सभी मुद्दों पर गौर करने का आश्वासन दिया है।

स्वास्थ्य संस्थानों में जांच के साथ ही दवाओं का वितरण प्राथमिक तौर पर सुनिश्चित किया जाए: जिलाधिकारी

-सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुनिश्चित करायें निर्धारित रोस्टर का अनुपालन

-मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में जिला तीसरे स्थान पर

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज , शनिवार 08 अप्रैल।
जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशाशन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आम जनमानस तक पहुंचाने को लेकर आवश्यक पहल लगातार की जा राही है । जिले में मातृ-शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर विशेष मुहिम को ज्यादा कारगर व असरदार माना जा रहा है। मातृ-शिशु सेवाओं की बेहतरी को लेकर जिले में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधा को सुलभ रूप से मुहैया करने के लिए जिला प्रशासन काफी गंभीर है। इसीलिए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में प्रत्येक माह में दो बार स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा तथा नियमित रूप से सभी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण भी जिलाधिकारी स्वयं कर रहे है। जिला सभागार में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य योजनाओं की सफलता की रणनीति ड्यू लिस्ट पर चर्चा, परिवार नियोजन पखवाड़ा से जुड़ी उपलब्धियों की समीक्षा, अनमोल एप के सफल क्रियान्वयन के साथ चिकित्सा इकाइयों में साफ-सफाई के बेहतर प्रबंधन की गहन समीक्षा की गयी। इसमें संस्थागत प्रसव, प्रथम तिमाही के दौरान गर्भवती महिलाओं की पहचान व गर्भवती महिलाओं की चौथी एएनसी जांच के साथ-साथ संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। जिला अस्पताल एवं एफआरयू में शल्य चिकित्सा, उचित परामर्श, उपचार एवं विभिन्न प्रकार की जांच के साथ ही दवाओं का वितरण प्राथमिक तौर पर सुनिश्चित किया जाए। क्योंकि विभागीय स्तर पर सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता स्वास्थ्य संस्थानों में पहले से ही है। जिसका समय-समय पर मूल्यांकन करना अतिआवश्यक होता है। ताकि विभागीय स्तर पर होने वाली बैठकों में उसका प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जा सके। स्वास्थ्य संबंधी मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि मैटरनल हेल्थ, चाइल्ड हेल्थ, इंफ्रास्ट्रक्चर, इम्युनाइजेशन, टीबी ट्रीटमेन्ट व एफआरयू से जुड़ी सेवाओं में निर्धारित मानकों में महामारी के दौर में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने कहा सभी मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए अस्पताल में साफ- सफाई, लाइट एवं शुद्ध भोजन की व्यवस्था करना सर्वोपरि है। इस कार्य में कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। कार्य में असंतोष पाए जाने पर आउटसोर्सिंग एजेंसी पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर , जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ,डीपीएम डॉ मुनाजिम , डीपीसी विश्वजीत कुमार ,एस एम सी एजाज एहमद,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ,प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंन्धक सहित अन्य मौजूद थे।

-सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सुनिश्चित करायें निर्धारित रोस्टर का अनुपालन- -

जिलाधिकरी ने लगातार क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न अस्पतालों के संचालन से जुड़ी खामियों को इंगित करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को इसमें सुधार को लेकर कड़े निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में निर्धारित रोस्टर का अनुपालन सख्तीपूर्वक सुनिश्चित करायी जाये। वेलनेस सेंटर पर ओपीडी सेवाओं को ज्यादा कारगर व प्रभावी बनाया जाए । उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निवर्हन नहीं करने वाले चिकित्सक व कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में तीसरे स्थान पर जिला -

समीक्षा क्रम में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि पूरे सूबे में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में अपना जिला तीसरे स्थान पर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना का उद्देश्य कन्या के जन्म को प्रोत्साहित करना एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है।योजना की सहायता से लिंग अनुपात में वृद्धि लाना एवं बालिका शिशु मृत्यु दर कम करने की भी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह पर अंकुश लगाने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने में भी योजना महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। योजना का बृहद उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्यधारा में लाना है, ताकि महिला सशक्तिकरण की राह को आसान बनाया जा सके। आरोग्य दिवस पर गर्भवती महिलाएं एवं धातृ माताओं को सभी सविधा उपलब्ध कराएं-

जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने समीक्षा बैठक में सभी स्वास्थ्य अधिकारियो को निर्देश दिया कि प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के बच्चों के शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के चिकित्सा पदाधिकारियों, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी सेविकाओं को टीकाकरण के बाद उसका फॉलोअप निरंतर रूप से करना सुनिश्चित करें। जिसके लिए आरोग्य दिवस के दिन गर्भवती महिलाएं एवं धातृ माताओं के अलावा अभिभावकों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देने की आवश्यकता है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में ओपीडी एवं आईपीडी की सभी तरह की सुविधाएं मिल रही हैं ।विद्यालयों में विशेष रूप से आयोजन कर आईएफए की गोली खिला कर एनीमिया मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए सबसे अहम भूमिका निभाई जा सकती है ।वही देश में बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए कोविड जांच को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

एनसीडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच अनिवार्य-

बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि एनसीडी के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच अनिवार्य रूप से करानी होगी। ताकि गैर संचारी रोगों की समय से पहले जानकारी मिल सके। उसका इलाज समय रहते किया जा सके। संचारी रोग से संबंधित टीबी जैसी बीमारियों से बचाव को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। जिले में जब खत्म किया जा सकता है।

प्राक्कलन राशि बोर्ड वगैर लगे लघु जल संसाधन विभाग से बांध में मिट्टी कटना प्रारंभ

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह
बांका/चांदनः- चांदन प्रखंड क्षेत्र के गौरीपुर पंचायत के गौरीपुर बांध में लघु जल संसाधन विभाग में टेंडर के माध्यम से मिट्टी कटना प्रारंभ हो गया है। जबकि गौरीपुर बांध के बगल तुर्की- सिमुलतला मुख्य मार्ग पर लगा के बोर्ड के आधार पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार के कर कमलों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बांका जिले के चांदन प्रखंड ग्राम गौरीपुर में गौरीपुर बांध का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया है। जिसके विशेष विशिष्ट अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री तेजस्वी यादव एवं अध्यक्ष श्री जसवंत राय माननीय मंत्री अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा 6/4/2023 को संपन्न किया गया। इसकी बोर्ड बांध के पास लगते ही ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। लेकिन कुछ ग्रामीणों

ने खेद भी प्रकट किया है। क्योंकि बांध में तो काम जेसीबी हो रही है। लेकिन बांध में कहीं किसी प्रकार की योजना संख्या , उसकी प्राक्कलन राशि का बोर्ड नहीं लगा हुआ है। और बांध के इर्दगिर्द लगभग 10 दिनों से काम चल रही है। मेड की रंगाई जेसीबी से छीलकर कर दिया गया है ।गौरीपुर, भूईयांडीह के ग्रामीणों का कहना है कि बांध में अभिकर्ता कौन है किसकी देखरेख में किया जा रहा है जिसका कोई अता पता नहीं है। वहीं वर्तमान जेसीबी चालक बताता है मुझे इस संबंध में कोई पता नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण चिंतित है की हमारा बांध का लागत प्राक्कलन राशि कोई लूट के नहीं चला जाए। फिर पूर्व की तरह आधी अधूरी बांध न रह जाए। इसलिए लोगों का मानना है कि बांध में काम करने के पूर्व विभागीय आदेशानुसार बोर्ड लगाना सबसे जरूरी है, तभी बांध का जीर्णोद्धार होगा।

धनकुण्ड पुलिस ने कार से 186 बोतल अंग्रेजी शराब को किया बरामद, वाहन चालक और तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संजीव कुमार पाण्डेय
धोरैया : धनकुण्ड थाना क्षेत्र अन्तर्गत लाड़न स्कूल के समीप शनिवार को धनकुण्ड पुलिस ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शरा

थाना परिसर में लगा जनता दरबार

दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना परिसर में फरियाद दिवस सह जनता दरबार का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी की सासाराम में मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगने के कारण जनता दरबार में उपस्थित नहीं हुए वहीं इस दौरान थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास मौजूद रहे। अंचलाधिकारी के अनुपस्थित रहने के कारण राजस्व कर्मचारियों ने भूमि संबंधित मामलों का निपटारा किया इस

दौरान राजस्व कर्मचारी शशि कुमार पटेल ने बताया कि प्रखंड के कोने-कोने से आए हुए सभी फरियादियों के अधिकांश मामले जमीनी विवाद से संबंधित था। लोगो ने अपनी अपनी बातें बारी बारी से जनता दरबार में अधिकारियों के समक्ष रखा। तत्पश्चात जमीनी विवाद को लेकर थानाध्यक्ष एवं राजस्व कर्मचारी लोगों का आवेदन प्राप्त किए। मामलों को भली-भांति समझाते हुए 4 मामले को निपटारा किया गया। फिर वही 4 लोगों को समझौता के दौरान हल किया गया। वहीं 2 लोगों को अगले शनिवार को आने को कहा गया तथा 5 लोगों को नोटिस भी किया गया। मामलों के निपटारा होते ही फरियादियों की चेहरे पर मुस्कान आ गई और वे खुशी खुशी अपने घर को लौट गए।

चेनारी नगर पंचायत में कार्यरत कनिया अभियंता को हटाया जाए

दैनिक समाज जागरण
विकास कुमार, चेनारी रोहतास

रोहतास जिले के चेनारी नगर पंचायत के सभाकक्ष में सशक्त स्थाई समिति के सदस्यों की एक बैठक काफी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए विभाग के कनीय अभियंता अंकुर गगन संविदा पर है उसे हटाते हुए विभागीय कनीय अभियंता से कार्य कराने के लिए सर्वसम्मति से पारित की जाय। बैठक में चेनारी नगर पंचायत में साफ-सफाई नहीं होने पर पार्षदों ने जमकर आपस में बहस की वार्ड संख्या 2 के वार्ड पार्षद मुन्ना पांडेय ने कहा कि एनजीओ के कार्य से हम सभी जनता संतुष्ट नहीं हैं। तत्काल एनजीओ को निरस्त की जाए वार्ड 6 के वार्ड सदस्य दया चौधरी ने सदन में कहा कि एनजीओ के प्रति जनता आक्रोशित है चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एनजीओ द्वारा साफ सफाई नहीं किया जा रहा है। एनजीओ को निरस्त कर दूसरे एनजीओ का चयन

टेंडर के माध्यम से किया जाय। इस पर सदन में बैठे सदस्यों में सहमति जताई। साथ ही साथ प्रधान सहायक के पद पर संविदा के रूप में नियोजन जो किसी नगर निकाय के सेवा निर्मित हो इस संबंध में सदस्यों द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत अधिकारी के कार्यालय कार्य हेतु प्रधान सहायक लेखापाल को संविदा के रूप में नियोजन जो किसी नगर पंचायत सेवा योग्य उन्हें बहाल की जाए। इसके बाद कनिया अभियंता के कार्यों से असंतोष व्यक्त किया कहा कि नगर पंचायत चेनारी में समय पर कार्य नहीं करते हैं और संविदा पर हैं इसे हटाते हुए विभागीय कनीय अभियंता से कार्य कराया जाए कार्यपालक पदाधिकारी ने सदन को बताया कि विभाग से पत्राचार की जाएगी बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत चेनारी के मुख्य पार्षद उमा रंजन ने किया। मौके पर उप मुख्य पार्षद रीता जयसवाल, ईओ अमित कुमार, वार्ड 11 के पार्षद ज्योति कुमारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

भीषण गर्मी के कारण बदली स्कूलों की टाइमिंग, शिक्षा विभाग ने दिया आदेश

दैनिक समाज जागरण
रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

अप्रैल महीना शुरू होते ही गर्मी ने अपना प्रकोप बरपाना शुरू कर दिया है। रोहतास में इन दिनों में भीषण गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। ऐसे में लोगों ने दोपहर के समय घरों से निकलना कम कर दिया है। वहीं, तपती गर्मी को देखते हुए रोहतास जिले के शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार ने विद्यालयों के समय को लेकर बड़ा बदलाव किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने जिले के प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के समय में बदलाव कर दिया है। शिक्षा विभाग ने बच्चों को तपती गर्मी से बचाने के लिए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। अब जिले के सारे स्कूल सोमवार से सुबह 6.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगे। यह

निर्देश जिले के प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रधानाध्यापक, संचालक, प्रबंधक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को भेज दिया है। बता दें कि यह बदलाव गर्मी की छुट्टी यानी समर वेकेशन के पहले तक लागू रहेगी। बता दें कि पहले सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9 से 4 बजे तक स्कूल की टाइमिंग थी। वहीं, शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 1.30 बजे तक स्कूल संचालित होते थे। पर अब स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। वही मध्याह्न भोजन संचालन को लेकर भी एक निर्देश जारी किया गया है। मध्याह्न भोजन का संचालन 11:30 बजे पूर्वाहन में किया जाएगा तथा दो शिफ्ट में संचालित विद्यालयों का संचालन पूर्व की भांति किया जाएगा।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने सदाकत आश्रम में कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का किया उद्घाटन- डॉ संजय कुमार

सेवा दल बिहार प्रदेश के मुख्य संगठक बने डॉक्टर संजय कुमार का हुआ शपथ ग्रहण

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ
आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

पटना (बिहार) - कांग्रेस सेवा दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उदघाटन बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में कार्यक्रम आयोजित कर किया. इस दौरान बिहार प्रदेश के अलग अलग जिलों से आए सेवा दल के स्वयंसेवक आगामी तीन दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे. कार्यक्रम के दौरान नव मनोनित बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक बने डॉक्टर संजय कुमार को शपथ ग्रहण कराया गया. इस मौके पर पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सेवा दल पार्टी की एक महत्वपूर्ण इकाई है। जिसके पहले अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरु थे. जिस प्रकार अनुशासित तरीके से सेवा दल के सिपाही हर विपरीत परिस्थितियों में पार्टी के लिए खड़े रहते हैं .ये काबिले तारीफ है. उन्होंने

सेवा दल को विश्वास दिलाया कि पार्टी के अंदर उनकी हर प्रकार की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. इस दौरान सेवा दल के बिहार प्रदेश प्रभारी अफरोज खान ने कहा कि जब सेवा दल मजबूत होगा तभी ही कांग्रेस पार्टी भी मजबूत होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवा दल बिहार प्रदेश के मुख्य संगठक डॉ संजय कुमार ने कहा पूरे प्रदेश में जिला से लेकर प्रखंड और फिर एक एक बूथ तक कांग्रेस सेवा दल के प्रशिक्षित कार्यकर्ता पार्टी के लिए प्रतिबद्धता के साथ खड़े रहेंगे। ऐसा संगठन पूरे प्रदेश में खड़ा होगा. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कृपा नाथ पाठक, पूर्व मंत्री अवधेश सिंह, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव, सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अश्विनी कुमार, पूर्व विधायक प्रमोद सिंह, आनंद माधव, पूर्व विधायक बंटी चौधरी, अंबुज किशोर झा , ब्रजेश पांडे, ब्रजेश मुनन, आदि प्रमुख नेता मौजूद थे .वहीं मंच का संचालन विपिन झा और धन्यवाद ज्ञापन श्री नारायण सिंह ने किया.

कंटेनर खलासी की संदिग्ध मौत, यूपी से पशु चारा लेने आया था संझौली

दैनिक समाचार जागरण रवि प्रकाश, बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र में यूपी राज्य से आए एक कंटेनर खलासी की संदिग्ध परिस्थिति में शनिवार की दोपहर में उसकी मौत हो गई। मृतक खलासी आशी खान 22 वर्ष हाथरस जिला के सदावद थाना के नगलमाया ग्राम के आलानुर के पुत्र बताया जाता हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि यूपी से गेहूं का भूसा लेने कंटेनर से मृत खलासी आया था। अचानक उसकी तबियत खराब होने

लगी। कंटेनर चालक द्वारा उसे इलाज हेतू संझौली लाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुचीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम हेतू सासाराम भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई हैं। दूसरी तरफ कंटेनर को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

ठेले पर स्वास्थ्य व्यवस्था, तीन किलोमीटर ठेला को धक्का देकर अस्पताल पहुंचाया मरीज

दैनिक समाज जागरण
रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने 60 दिनों के भीतर स्वास्थ्य व्यवस्था के कायाकल्प का दावा किया है लेकिन रोहतास से अक्सर ऐसी तस्वीर सामने आती है कि स्वास्थ्य सिस्टम का मजाक बन जाता है। ताजा मामला रोहतास जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर का है जहां टीबी के मरीज को गंभीर स्थिति होने के कारण अस्पताल में एक ठेले पर मरीज को परिजनों के द्वारा लाया गया। परिजनों ने बताया कि टोल फ्री नंबर पर काफी देर तक ट्राई करने के बाद भी उन्हें एंबुलेंस नहीं मिला। मरीज की हालत गंभीर हो रही थी इसलिए उसे 3 किलोमीटर धक्का देकर ठेले पर लादकर लाना पड़ा। परिजन ठेला लेकर जब अस्पताल पहुंचे तो वहां भी अस्पताल परिसर में ले जाने के लिए स्ट्रेचर नहीं मिला।

मरीज की हालत इतनी खराब थी कि परिजन ठेला को सीधे अस्पताल में लेकर घुस गए। इसके बाद डॉ और स्वास्थ्य कर्मी मरीज का इलाज करने में जुटे। दरअसल करगहर प्रखंड क्षेत्र के डिभियां निवासी जोखन पासवान की अचानक से तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने कई बार एम्बुलेंस के लिए कॉल किया पर संपर्क नही हो पाया। मरीज की बिगड़ती तबीयत देख आननफानन में परिजनों ने उसे एक ठेले पर लाद कर अस्पताल पहुंचे। वहीँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मरीज को बेहतर इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

हालांकि जानकारी का अभाव से लोग नहीं ले पाते मदद बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस को लेकर जागरूकता नहीं होने की वजह से आज भी लोग जान जोखिम में डालकर अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में दुर्घटना एवं अचानक तबीयत बिगड़ने पर 112 पर काल कर एंबुलेंस की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

समाजसेवी का भावभीनी श्रद्धांजली।

दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र,

मगध(बिहार)औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के महसी गांव के 90 वर्षीय राजदेव मिश्र का निधन महाराष्ट्र राज्य के रायगढ जिले के करजर तालूका प्रखंड के नेरल पंचायत नेरल गांव में उनके पुत्र दिलीप उर्फ चन्दन कुमार के आवास पर हो गयी।उनके निधन पर पुत्र अनिरूद्ध कुमार, दिलीप कुमार, अशोक कुमार,धनंजय कुमार एवं निखिल,चन्दन सहित कई गणमान्य लोगों ने गहरा दुख प्रकट कर भावभीनी त्रद्धांजली दिया।

10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण रवि प्रकाश, बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत वार्ड 14 स्थित हरिहरगंज से स्थानीय पुलिस ने 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज वार्ड 14 स्थित हरिहरगंज गांव का राजू कुमार चौधरी बताया जाता है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हरिहरगंज वार्ड 14 स्थित सामुदायिक भवन के पीछे सोन नदी के किनारे एक व्यक्ति के द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक करवाई हेतु पुलिस बल को उक्त जगह भेजा गया। जहां छापेमारी के दौरान 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज हरिहरगंज का निवासी राजू कुमार चौधरी हैं।

फलमंडी में शार्ट सर्किट से लगी आग, एक स्कॉर्पियो सहित लाखों रुपए की संपत्ति जला

दैनिक समाज जागरण
रवि प्रकाश, बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के बिक्रमगंज शहर के डुमरांव रोड स्थित फल मंडी में शुक्रवार की रात बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई । जिसमें काफी मात्रा में फल, दस ठेला, चालीस से अधिक कैरेट, कराकट का शेड जल गया । पास में खड़ी एक एस्कॉर्पियो में भी आग पकड़ लिया है । जिससे उसका एक हिस्सा जल गया । आग की लपटे उठते देख लोग दौड़े तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किए । सफलता नहीं मिलने पर अग्निशमन दस्ता को इसकी सूचना दी गई । अग्निशमन दस्ता ने किसी तरह से आग पर काबू

पाने में सफल हो गया । इस बीच थाना चौक बिक्रमगंज मोहम्मद जाहिद खान और उनके भाई सबीर खान उर्फ फुसहाली का काफी मात्रा में फल, दस ठेला, चालीस कैरेट जल गया । पास हीं में खड़ी एक एस्कार्पियो में भी आग पकड़ ली । जिससे उसका एक हिस्सा जल गया । एक युवक ने दिलेरी का प्रदर्शन करते हुए धधकती आग के बीच से स्कार्पियो गाड़ी को निकाल लिया । जिससे गाड़ी बच गई, नहीं तो स्कार्पियो पूरी तरह से जल गई । इस घटना में आठ लाख रुपए से अधिक की क्षति बताई जा रही है । पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस संबंध में सीओ और थानाध्यक्ष बिक्रमगंज को सूचना दी गई है ।

अनुग्रह नारायण मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया में 70 वर्षीय महिला कोरोना मरीज(पॉजिटिव) को इलाज के क्रम में हुई मौत

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ
आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार (गया)- बिहार के गया में कोरोना का कहर एक बार फिर से दिखने लगा है. शुरूआती कोविड-19 में भी गया हॉटस्पॉट रहा था, जिसमे दर्जनों लोगों की मौतें हो गई थी. अब जब कोरोना का संक्रमण फिर फैल रहा है, तो गया जिला में कोविड के केस बढ़ने लगे हैं. इसके बीच गया के मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती जहानाबाद जिले के मखदुमपुर की रहने वाली 70 वर्षीय महिला की कोरोना से मौत हो गई है.

जानकारी के अनुसार मखदुमपुर की एक महिला 3 दिन पहले इलाज के लिए गया के जयप्रकाश नारायण अस्पताल में आई थी, उसे सांस

फूलने की बीमारी थी. जयप्रकाश नारायण अस्पताल में आरटीपीसीआर की जांच में कोरोना पॉजिटिव आया था. इसके बाद 70 वर्षीय महिला को कोरोना के इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां महिला की कोरोना के कारण मौत हो गई.इस संबंध में गया के सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 70 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित थी, तथा उसका सांस फूलने की बीमारी पूर्व से था जिससे छाती में दर्द था . वही कोरोना पॉजिटिव थी, ईसीजी जांच कराया गया तो इंटरनल इंफेक्शन निकला था. आरटीपीसी जांच में कोरोना पॉजिटिव थी. अभी गया जिले 10 कोरोना संक्रमित एक्टिव केस है .

संझौली में 10 अप्रैल को दिब्ययांगता शिविर

दैनिक समाज जागरण रवि प्रकाश, बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी)पर 10 अप्रैल को शिक्षा विभाग के तहत दिब्ययांगता शिविर लगेगा। बीआरसी के अनुसार 10 अप्रैल 2023 को 3 से 18 वर्ष तक दिब्ययांग बच्चों के दिब्ययांगता प्राण पत्र यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें जो दिब्ययांग बच्चे दिब्ययांगता प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड से वंचित है। उनका प्रमाण पत्र व यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा।

एमएलसी चुनाव में भाजपा की जीत पर कार्यकताओं ने मनाया जश्न

दैनिक समाज जागरण
रवि प्रकाश, बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के बिक्रमगंज में गया एमएलसी चुनाव में दोनों सीटों पर भाजपा की जीत पर बीजेपी कार्यकर्ता जश्न में डूबे हुए है। जिसको लेकर वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में शुक्रवार को कर्मियों ने जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता सह बिक्रमगंज नगर परिषद् के पूर्व चेयरमैन जवाहर सिंह उर्फ सिद्धनाथ सिंह ने महाविद्यालय कर्मियों को अबीर-गुलाल लगा मिठाई खिलाते हुए भाजपा की एमएलसी चुनाव के स्नातक व शिक्षक निर्वाचन में जीत का सरताज पहनने वाले जीवन कुमार और अवधेश नारायण सिंह को जीत की हार्दिक बधाई दी। साथ ही साथ बताया कि यह जीत बिहार के आगामी विधानसभा चुनाव में बदलाव की एक नई लहर लायेगी। जबकि जीत पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि अब बिहार की जनता और शिक्षक बिहार में अब एक नई बदलाव के लिए एक्शन मूड में दिखे रहें है। जहां आगामी बिहार के विधानसभा चुनाव में बिहार में जंगलराज नही बल्कि जनताराज चलेगी। जिसका बिहार की जनता जवाब देने की तैयारी में जुट गई है। ज्ञात हो कि शिक्षक निर्वाचन चुनाव

में भाजपा प्रत्याशी जीवन कुमार ने 3 हजार 5 मतों से जीत हासिल कर भारी मतों से अपने करीबी प्रत्याशी को शिकस्त दी। जीवन कुमार जो भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे थे। उन्होंने दो बार जीतने वाले महागठबंधन के प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह को हार की करारी शिकस्त दिया। हालांकि शिक्षक निर्वाचन के प्रथम और दूसरे वरीयता के गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी को 7766 मत मिले और महा गठबंधन प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह को 4761 वोट मिले। वहीं गया स्नातक निर्वाचन चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अवधेश नारायण सिंह 16 सौ 66 मत प्राप्त कर जीत हासिल किया। उन्होंने राजद प्रत्याशी पुनीत कुमार सिंह को शिकस्त दी है। स्नातक चुनाव के गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी अवधेश नारायण सिंह को 24 हजार 290 वोट प्राप्त हुआ। वहीं राजद प्रत्याशी को 22 हजार 624 मत ही प्राप्त कर सकें। इस मौके पर प्राचार्य डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह , प्रो०-अरविंद सिंह, बलवंत सिंह, वीर बहादुर सिंह , उमा सिंह, अखिलेश सिंह, दिनेश कुमार, कुमार विवेक,रमेश सिंह, अभय कुमार सिंह,रवि प्रकाश, रोहित तिवारी, मंटू चौधरी, भाजपा नेता-सुनील सिंह , मदन वैश्य,रामाशंकर सिंह, भीम पांडे, मनोज तिवारी, सरोज सिंह, मनोज सिंह, परवेज खां,मंगल कुमार , आलोक राम, रमाकांत, वार्ड ललन चौरसिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन- राणा प्रताप सिंह

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ
आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार(गया)- गया मगध प्रक्षेत्र के अरवल जिला स्थित कुर्था प्रखंड के ग्राम- निघवा मे परम पूजनीय स्वर्गीय ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . जिसका विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया . वही सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने परम पूज्यनीय ठाकुर दयाल गुरु जी के तैलिए चित्र पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं उनकी जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला . इस संबंध में निघवा ग्राम- निवासी राणा प्रताप सिंह ने मीडिया से भेंटवार्ता के दौरान मुखातिब होते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी परम पूज्यनीय ठाकुर दयाल गुरुजी के स्मरण में ग्रामवासियों के सहयोग से हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया . उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम के दौरान कई ऐसे कार्यक्रम कर लोगों के बीच प्रदर्शित किया गया

जिससे अंधविश्वासों से मुक्ति दिलाया जा सके . उन्होंने आगे कहा कि गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति अलख जगाने वाले संजय कुमार सिंह ने परम पूजनीय ठाकुर दयाल गुरु जी के स्मरण में हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर काफी सक्रिय दिखे . उन्होंने आगे कहा कि संजय कुमार सिंह ने कठिन परिश्रम कर गांव में कार्यक्रम आयोजित कर हिंदी मगही कवि सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लोगों को जागरूकता प्रदान करने का कार्य किया है जो सराहनीय कदम है . उन्होंने आगे कहा कि निघवा ग्राम के ग्रामवासियों ने कार्यक्रम आयोजित कराने को लेकर श्री सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है . उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष, कलाकारों तथा कई जिला, राज्यों से पहुंचे कवियों ने भी अपना जलवा दिखाते हुए चार चांद लगाया . वहीं उपस्थित दर्शकों ने काफी आनंद लेते हुए झूमते नजर आए . इस दौरान काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे .

अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना अंतर्गत अरूही गांव से पुलिस ने अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए करगहर के थानाध्यक्ष सुदेश्वर कुमार दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अरूही गांव में पुलिस के द्वारा छापेमारी की गई जहां से अरूही निवासी मानिकचंद राम के पुत्र धनजी राम को बीस पीस 8 पी एम अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। कांड दर्ज

करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इंदौर में बनेगा पुस्तकालय, हुआ शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र के चितांव पंचायत के इंदौर गांव में पुस्तकालय भवन का शिलान्यास प्रखंड प्रमुख ललिता देवी के द्वारा किया गया है। शिलान्यास के दौरान प्रखंड प्रमुख ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पुस्तकालय के बन जाने से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी सुविधा मिलेगी। मौके

पर प्रमुख प्रतिनिधि मृत्युंजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य कविंद्र पाल, पंचायत समिति सदस्य लालु चौबे, धीरज पाल, सरोज राम, धर्मवीर कुमार, मंटु कुमार, आकाश दीप पाल, अमित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

फुलडीह के ग्रामीणों के आरोप पर जनवितरण दुकान का हुआ जांच

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता
दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट पंचायत के फुलडीह गांव के डीलर सुरेन्द्र प्रसाद की मनमानी से तंग आकर ग्रामीणों ने टोल फ्री नम्बर पर शिकायत किया। जिसके बाद रोह एमओ कमाल उद्दीन को विभाग द्वारा उक्त जनवितरण दुकान के जांच का जिम्मा दिया गया। वरीय अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में रोह एमओ कमाल उद्दीन ने शनिवार को फुलडीह गांव पहुंचकर संबंधित डीलर के जनवितरण दुकान का

औचक निरीक्षण किया एवं वहां मौजूद ग्रामीणों एवं लाभुकों से आवश्यक पूछताछ किया। स्थानीय ग्रामीण कारी इफ्तिखार अहमद,शमसाद आलम आदि ने बताया कि डीलर सुरेन्द्र प्रसाद के द्वारा फरवरी एवं मार्च महीना में राशन वितरण में काफी धांधली बरती गई है। पूर्व में भी उक्त डीलर के द्वारा राशन वितरण में अनियमितता बरती जाती थी। जिससे आजिज होकर ग्रामीणों ने शिकायत किया। वहीं इस सम्बंध में रोह एमओ ने बताया कि जनवितरण दुकान की जांच किया गया है। जांच रिपोर्ट को जिला आपूर्ति पदाधिकारी के पास भेजा जाएगा।

जातीय जनगणना के दूसरे चरण का दिया गया प्रशिक्षण

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। प्रखण्ड परिसर अवस्थित नवनिर्मित प्रखण्ड भवन के सभागार कक्ष में शनिवार को 15 अप्रैल से शुरू होने वाले जातीय जनगणना के दूसरे चरण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना चार्ज पदाधिकारी

बीडीओ सुनील कुमार चाँद एवं सीओ अंजली कुमारी ने बताया की जातीय गणना के दूसरे चरण के कार्यो को लेकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य शुरू हुआ। प्रशिक्षण प्राप्ति के बाद 15 अप्रैल से 15 मई तक अपने-अपने क्षेत्र में जाकर कार्य करेंग। उन्होंने बताया कि पहले चरण में जाति आधारित गणना के लिए मकान सूचीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं दूसरे चरण में पारिवारिक विवरण,शिक्षा समेत जाति का विवरण दर्ज किया जाएगा। गणना के दौरान प्रगणक अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर -जाकर परिवारिक सूची तैयार करेंगे। जिन घरों में प्रगणक पहले चरण में गए थे,दूसरे चरण में भी वही प्रगणक जाकर काम पूरा करेंगे। दूसरे चरण के लिए फॉर्मेट तैयार कर डिटेल्स भरने के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। मौके पर ट्रेनर जयप्रकाश मेहता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

विधिक जागरूकता शिविर में कानून की दी गई जानकारी

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता
दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित नवनिर्मित प्रखण्ड भवन के बीडीओ कक्ष में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार,नवादा के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखण्ड के विभिन्न जनप्रतिनिधि समेत अन्य सम्बंधित लोग शामिल हुए। जागरूकता शिविर में भाग लेने आए पैनल अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह एवं रामानुज कुमार ने लोगों के अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नालसा की ओर से निःशुल्क विधिक सेवा सहायता की जानकारी दी। मौके पर बीडीओ सुनील कुमार चाँद,प्रखण्ड नाजिर सिंटू कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

समाजसेवी अर्जुन पासवान के निधन पर लोगों ने जताया शोक।

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। कौआकोल थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव निवासी समाजसेवी व अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी/गैरकर्मचारी संघ के प्रखण्ड उपाध्यक्ष अर्जुन पासवान का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 65 वर्ष के थे एवं पिछले कई वर्षों से बीमार चल रहे थें। उनके निधन पर कौआकोल पूर्वी के जिला पार्षद अजित यादव,अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी/गैरकर्मचारी संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास,कौलेश्वर दास,सुरेश सोरेन,सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य,पंचायत समिति सदस्य निकुंज कुमार विश्वकर्मा,पत्रकार दशरथ मिस्त्री आदि ने गहरा शोक जताया है।

कौआकोल में सीओ ने जनता दरबार में निपटाए दो मामले

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। भूमि विवाद की समस्याओं के निदान को लेकर शनिवार को लगने वाली साप्ताहिक जनता दरबार में सीओ ने कौआकोल थाना परिसर में दो मामले का निपटारा किया।सीओ अंजली कुमारी ने बताया कि जनता दरबार में थाना क्षेत्र के दो लोगों ने भूमि विवाद से संबंधित अपनी समस्याओं को रखा,जिस पर कौआकोल पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों को सुनकर दोनों मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। मौके पर राजस्व अधिकारी अविनाश कुमार,कौआकोल थाना के एएसआई अनिल प्रसाद,राजस्व कर्मचारी रामप्रकाश प्रसाद आदि मौजूद थे।

भारतीय प्रशासनिक सेवा(2015) बैच के औरंगाबाद के नवनियुक्त जिला पदाधिकारी बने सुहर्ष भगत

औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी सौरव जोरवाल बने पूर्वी चंपारण मोतिहारी का जिला पदाधिकारी

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

पटना (बिहार)- सामान्य प्रशासन विभाग बिहार पटना के निर्गत अधिसूचना ज्ञापांक- 6691 दिनांक -8 अप्रैल 2023 के आलोक में औरंगाबाद के नवनियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा 2015 बैच के जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत को पूर्णिया जिला से स्थानांतरण कर औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है . वहीं दूसरी तरफ औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच को स्थानांतरण करते हुए नवनियुक्त पूर्वी चंपारण मोतिहारी का जिला पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित दिया गया है . जबकि संजय कुमार उपाध्याय भारतीय प्रशासनिक सेवा बैच 2008 को नगर आयुक्त सारण छपरा से स्थानांतरण करते हुए विशेष सचिव खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बिहार पटना के पद पर पदस्थापित किया है . इसी तरह कई जिला पदाधिकारी को विभिन्न स्थानों में स्थानांतरण करते हुए नवनियुक्त जिला पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया है . बताते चलें कि औरंगाबाद में जिला पदाधिकारी सौरव जोरवाल ने कई महत्वपूर्ण कार्य कर औरंगाबाद वासियों को कई तोहफा समर्पित किया , जिसके लिए औरंगाबाद वासियों ने जिला पदाधिकारी को कार्य की प्रशंसा करते हुए सराहनीय कदम बताया . वही औरंगाबाद वासियों को नवनियुक्त जिला पदाधिकारी सुहर्ष भगत से काफी उम्मीदें हैं . अब देखना है कि नवनियुक्त जिला पदाधिकारी औरंगाबादवासियों के बीच रहकर कितनी उम्मीदों पर खरा उतर पाते हैं, यह तो आने वाला वक्त बताएगा ,लेकिन जिस प्रकार से नवनियुक्त जिला पदाधिकारी के कार्यों की चचाएं आम लोगों के बीच हो रही है ,जिससे औरंगाबादवासी कई प्रकार के कयास लगा बैठे हैं .

सामाजिक कुरीतियों को दूर करना हि आज का धर्म है-आचार्य श्रीदेव

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार (गया) - गया जिला के स्थानीय विष्णुपद स्थित लक्ष्मी भवन में मग धर्म संसद द्वारा आयोजित सॉरी महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े डॉक्टर विवेकानंद मिश्र महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिक सुख सुविधा प्राप्ति के आपाधापी में आज हम हम इतने मदमस्त हो गए हैं कि विज्ञान की विध्वंशक, अविवेक पूर्ण शिक्षा को अपना कर भी अपनी भलाई समझ रहे हैं। स्वयं को इस सृष्टि का मुकुट मणि समझाने बाली आधुनिक शिक्षा ने वैदिक शिक्षा की उपेक्षा करना अपना कर्तव्य समझ गया है। वैज्ञानिक तकनीकी विकास के नाम पर वनस्पति एवं प्राणी जगत का जिस तेजी से विनाश करना आरंभ किया है इसे देखते हुए भी सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी कहलाने वाले मूक हैं, चुप हैं। ऐसे में शैलेश पाठक जी को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूं जो समाज और राष्ट्र के अहम मुद्दे पर हम सब का ध्यान आकृष्ट किया है।

मुख्य अतिथि के रूप में मग धर्म संसद द्वारा आयोजित शौर्य धर्म महासम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के जाने-माने वेदज्ञ, बाबा विश्वनाथ मंदिर काशी के मुख्य आचार्य तथा दर्जनों पुस्तकों रचयिता डॉ श्रीदेव नहीं गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि आज केवल पर्यावरण प्रदूषण ही नहीं बल्कि

हमारी सभ्यता संस्कृति आदर्श और मूल्यों को भी आधुनिक शिक्षा ने प्रदूषित कर दिया है। तहस-नहस कर दिया है। आज नैतिक पतन का क्षरण समाज में इस कदर हो रहा है जिसकी कल्पना मात्र से ही अंधकारमय भविष्य की तस्वीर दृष्टिगोचर हो रही है। समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों का विस्तार से चर्चा करते हुए खासकर उन्होंने बड़े जोर देकर तिलक दहेज जैसी दानवी शक्ति से मुक्ति के लिए युवाओं को आगे आने की सलाह दी। लोगों को प्रेरित किया। श्रद्धेय के आह्वान पर दर्जनों व्यक्तियों ने दहेज न लेने की शपथ लिया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों से पधारे लोगों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सम्मेलन को संबोधित करने वाले लोगों में सत्यदीप शर्मा प्रदीप शर्मा जी कमलेश पुणे और गुरुजी राजस्थान रेखा शर्मा कैलिफोर्निया उमा शर्मा पूना राजेश्वर शर्मा, पोखरण, डॉ रामकृष्ण आचार्य मुकेश मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्धनाथ मिश्रा आचार्य अरुण मिश्र मधुप भास्कर बाबा पंडित गणेश दत्त मिश्रा सोनी मिश्रा डॉक्टर मनोज कुमार मिश्रा शिव बल्लभ मिश्रा श्रीमती नीलम मिश्रा सुखदेव मिश्र प्रदीप कुमार मिश्रा नंदन कुमार मिश्रा कमला कांत पाठक यामिनी भूषण मिश्र गोविंद पाठक यादी उल्लेखनीय हैं। मंच का संचालन डॉक्टर हेरंब मिश्रा किया। सौर महासम्मेलन के मुख्य आयोजक पंडित शैलेश पाठक सौर महासम्मेलन की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। तथा लोगों को सामाजिक एकजुटता के लिए अपने स्तर से प्रयास कर वैचारिक क्रांति लाकर जागरूक करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लाभुक के खाते मे नही जा कर किसी और के खाते चला गया

दैनिक समाज जागरण/निबराज आलम

भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड के पंचायत सिलहन खजुरिया के ग्राम खजुरिया का मामला जो प्रधानमंत्री आवास योजना लाभुक मंजुला देवी पति गणेश तांती को आवास आईडी इल2609433 वित्तीय वर्ष 2016-17 मे लाभुक को आवास दिया गया है जिसमे की 50000 रुपये बैक के द्वारा गलत खाता संख्या 13780101105193 पर हस्तांतरित हो गया है लाभुक मंजुला देवी का सही बैंक खाता संख्या 137801105123 है जो लाभुक मंजुला देवी पति गणेश तांती ने कहा की हम विडीयो एंव बैंक मनिजर और आवास सहायक के पास कितना वार गये हर दिन वोलते है की हो जाएगा जो लाभुक अभी तक वंचित है लाभुक पति गणेश तांती कहा हम हर जगह जा कर परेशान हो गये जो लाभुक का घर रहने योग्य नही है

क्या लाभुक मंजुला देवी पति गणेश तांती आवास योजना का लाभ मिल पायेगा देखना है इस पर प्रशासन कब तक एक्सन लेती है

जिला समस्त मीडिया बंधु द्वारा हुआ सम्मान समारोह का आयोजन

दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास

एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने मून स्टार को आभूषणों से किया सम्मानित

अररिया मिडिया एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा ने शनिवार को प्रतिभावान युवती मून स्टार को सम्मानित किया। इस दौरान बिहार सहित अररिया को पहचान दिलाने वाली अररिया की बेटी मून स्टार को एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने चांदी का सिक्का, चांदी का कलम व साल देकर सम्मानित किया। वहीं मून स्टार सहित उसके परिवार परिवार की उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। मून स्टार पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त की है जो बिहार की अररिया जिले के काली बाजार की निवासी है। गौरतलब हो कि खेलो इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला वुशु लीग मैच में इंडोर कॉम्प्लेक्स, भगवती नगर में शुरू हुई, जिसमें देश के 21 राज्यों और केंद्र

शासित प्रदेशों (यूटी) के प्रतिभागी शामिल हुए।

जम्मू-कश्मीर के भगवतीनगर इंडोर स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय खेलो इंडिया सब जूनियर महिला वुशु लीग मैच में अररिया की बेटी मून स्टार तीसरे स्थान लाकर बिहार समेत जिले की नाम रौशन की है। जानकारी मुताबिक खेलो इंडिया में मणिपुर प्रथम स्थान हरियाणा द्वितीय स्थान बिहार तृतीय स्थान लाया। इस में बिहार की और से अररिया की बेटी मून स्टार प्रतिनिधित्व कर रही थी। बताया दें वूशु खेलो इंडिया सब जूनियर वूमेन लीग में बिहार पहली बार तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

27 मार्च से 31 मार्च तक वूशु खेलो इंडिया सब जूनियर वूमेन लीग भगवती नगर इंडोर स्टेडियम जम्मू वूशु ताइची इवेंट में तीसरा स्थान ब्रोंज मेडल लाई। इस तरह अररिया बिहार की मून स्टार ने कामयाबी की परचम लहराते हुए। इतिहास के पन्नों पर अररिया के नाम को तरोताजा की है।

आग लगने से हजारों रुपए की वस्तु जलकर हुई राख, दमकल गाड़ी पहुंचा ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने के बाद

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह

बांका/चांदनः आनंदपुर ओपी क्षेत्र के चंदवारी पंचायत अंतर्गत बरमसिया गांव शनिवार दोपहर करीब दो बजे किशोर दास के घर में लगी अचानक आग लग गई। आग लगने की घटना देख ग्रामीणों के सहयोग से बाल्टी में पानी भर भर कर एवं पंपसेट से पानी उठाकर आग पर काबू पाया गया। जबकि आग लगने की सुचना बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह एवं चांदन अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य को दूरभाष से अवगत कराते हुए फायर ब्रिगेड दल का मांग किया गया था। लेकिन सूचना देने के 2 घंटे बाद फायर ब्रिगेड दल घटना स्थल तक पहुंचा तब तक ग्रामीणों ने पंपसेट लगाकर अथक प्रयास करते हुए आग पर काबू पा लिया। आग लगने से घर का छावनी छप्पर आग बुझाने में टूट कर बिखर गया जिससे पीड़ित

ने बताया हजारों रुपए की नुकसान हो गया है।आग लगने की सूचना पर चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य व आंनदपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर कुशल क्षेम जाना और चांदन सिओ प्रशांत शांडिल्य ने पीड़ित को सरकारी राहत देने की बात कही।

गली मत रहा कि ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हुआ नहीं हुआ होता तो घर के सारे सामान जलकर राख हो जाता, जबकि उसी घर के बगल में किराना दुकान था। आग लगने की घटना पर ग्रामीणों द्वारा दुकान से समय रहते सभी सामान बाहर निकालने हिम्मत दिखाई। जबकि आग घर में रखे पुआल से लगा था, पुआल में आग कैसे लगी,इसकी पुष्टि नहीं गई है।

वैदिक शिक्षा की उपेक्षा का परिणाम है ,पर्यावरण प्रदूषण-डॉ विवेकानंद मिश्र

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार (गया)- गया जिला के स्थानीय विष्णुपद स्थित लक्ष्मी भवन में मग धर्म संसद द्वारा आयोजित सॉरी महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े डॉक्टर विवेकानंद मिश्र महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भौतिक सुख- सुविधा प्राप्ति के आपाधापी में आज हम- हम इतने मदमस्त हो गए हैं कि विज्ञान की विध्वंशक, अविवेक पूर्ण शिक्षा को अपना कर भी अपनी भलाई समझ रहे हैं। स्वयं को इस सृष्टि का मुकुट मणि समझाने बाली आधुनिक शिक्षा ने वैदिक शिक्षा की उपेक्षा करना अपना कर्तव्य समझ गया है। वैज्ञानिक तकनीकी विकास के नाम पर वनस्पति एवं प्राणी जगत का जिस तेजी से विनाश करना आरंभ किया है इसे देखते हुए भी सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी कहलाने वाले मूक हैं, चुप हैं। ऐसे में शैलेश पाठक जी को मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूं जो समाज और राष्ट्र के अहम मुद्दे पर हम सब का ध्यान आकृष्ट किया है।मुख्य अतिथि के रूप में मग धर्म संसद द्वारा आयोजित शौर्य धर्म महासम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के जाने-माने वेदज्ञ, बाबा विश्वनाथ मंदिर काशी के मुख्य आचार्य तथा दर्जनों पुस्तकों रचयिता डॉ श्रीदेव नहीं गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि

आज केवल पर्यावरण प्रदूषण ही नहीं बल्कि हमारी सभ्यता संस्कृति आदर्श और मूल्यों को भी आधुनिक शिक्षा ने प्रदूषित कर दिया है। तहस-नहस कर दिया है। आज नैतिक पतन का क्षरण समाज में इस कदर हो रहा है जिसकी कल्पना मात्र से ही अंधकारमय भविष्य की तस्वीर दृष्टिगोचर हो रही है। समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों का विस्तार से चर्चा करते हुए खासकर उन्होंने बड़े जोर देकर तिलक दहेज जैसी दानवी शक्ति से मुक्ति के लिए युवाओं को आगे आने की सलाह दी। लोगों को प्रेरित किया। श्रद्धेय के आह्वान पर दर्जनों व्यक्तियों ने दहेज न लेने की शपथ लिया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न राज्यों से पधारे लोगों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सम्मेलन को संबोधित करने वाले लोगों में सत्यदीप शर्मा प्रदीप शर्मा जी कमलेश पुणे और गुरुजी राजस्थान रेखा शर्मा कैलिफोर्निया उमा शर्मा पूना राजेश्वर शर्मा, पोखरण, डॉ रामकृष्ण आचार्य मुकेश मिश्रा भाजपा के वरिष्ठ नेता सिद्धनाथ मिश्रा आचार्य अरुण मिश्र मधुप भास्कर बाबा पंडित गणेश दत्त मिश्रा सोनी मिश्रा डॉक्टर मनोज कुमार मिश्रा शिव बल्लभ मिश्रा श्रीमती नीलम मिश्रा सुखदेव मिश्र प्रदीप कुमार मिश्रा नंदन कुमार मिश्रा कमला कांत पाठक यामिनी भूषण मिश्र गोविंद पाठक यादी उल्लेखनीय हैं। मंच का संचालन डॉक्टर हेरंब मिश्रा किया। सौर महासम्मेलन के मुख्य आयोजक पंडित शैलेश पाठक सौर महासम्मेलन की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला। तथा लोगों को सामाजिक एकजुटता के लिए अपने स्तर से प्रयास कर वैचारिक क्रांति लाकर जागरूक करने की सलाह दी।

पाठक जी के सरल- सहज व्यवहार से लोग स्वतः प्रभावित हो जाते थे-डॉक्टर विवेकानंद मिश्र

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता बिहार प्रदेश

बिहार(गया)-गया जी धाम के जाने-माने समाजसेवी उमाशंकर पाठक जी के जन्म- कर्म भूमि बोधगया के बकरौर ग्राम स्थित उनके आवास पर श्राद्ध कर्म एवं ब्राह्मण भोज में भाग लेने आए विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच एवं भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर विवेकानंद मिश्र अपने उद्गार में कहा पाठक जी अपने जीवन में नकारात्मक विचारों को कभी प्रश्रय न देने वाले सामाजिक सेवा में संपूर्ण जीवन को समर्पित करने वाले तथा भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के सक्रिय सदस्य रहे पाठक जी ने सेवा, समर्पण, तप, त्याग, चरित्र और इमानदारी को जीवन का मूल मंत्र मानते थे।उल्लेखनीय है कि इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावे गणमान्य व्यक्तियों, खासकर बुद्धिजीवियों समाजसेवियों ने अपने उद्गार प्रकट की है जिसमें सनातनधर्म ध्वजवाहक बोधगया मठ के महंत त्रिवेणी गिरी, सत्यानंद गिरी जी ने कहा कि पाठक जी बोधगया मठ के निष्ठावान एवं समर्पित रहे परिवारों में एक, मजबूत स्तंभ थे। मानवता के प्रति उनकी उदारता, सादगी, श्रद्धा और समर्पण का मैं हृदय से प्रशंसक हूं,आभार व्यक्त करता हूं।बोधगया मठ के स्वामी दीनदयाल गिरी जी ने कहा की सनातन धर्म में गहरी आस्था रखने वाले पाठक जी बोधगया मठ के जीवन का एक अनिवार्य अंग थे। मनुष्य ही नहीं प्राणी मात्र के प्रति दया एवं करुणा का भाव रखने वाले पाठक जी का अभाव हर मानवता वादियों को खटकता रहेगा। मगध विश्वविद्यालय में दान देने वाले बोधगया मठ के तत्कालीन महंत सदानंद गिरी जी महाराज की प्रतिमा विश्वविद्यालय के प्रांगण में लगाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के

तत्वावधान में दशकों से मांग उठाने वाले पाठक जी इस क्रम में श्री केदार पांडे जी डॉ जगन्नाथ मिश्र से लेकर सत्येंद्र नारायण सिंह एवं कई सांसद एवं विधायकों से मिलकर कई बार अनुरोध किया। स्थानीय प्रशासन का भी कई बार उनका ध्यान इस संदर्भ में आकृष्ट किया। इसके लिए भी उनका मैं आभारी हूं। आभार व्यक्त करता हूं। आज उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उनका अभाव खासकर मेरे लिए अत्यंत ही पीड़ादायक है।आचार्य राधा मोहन मिश्र माधव ने कहा कि पाठक जी एक उच्च कोटी के समाजसेवी संवेदनशील , अति विनम्र व्यक्ति थे। यह मानवता के मूल्यवान धरोहर थे।बिहार सरकार के पूर्व मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहां पाठक जी मानवता के अमूल्य धरोहर थे उनका स्नेह और वात्सल्य प्रेम मुझे हमेशा प्राप्त होता रहा है। प्रसिद्ध व्यवसायी समाजसेवी कौटिल्य मंच के संरक्षक चरण बाबू डालमिया ने कहा की पाठक जी जैसे निश्चल व्यक्ति इस धरा धाम पर यदा-कदा ही लोग आया करते हैं। संपूर्ण समाज के लिए इनका अभाव अपूरणीय क्षति है। प्रसिद्ध समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता भोला मिश्र एवं सिद्ध नाथ मिश्र पूर्व मुखिया नेता द्वय ने अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा की वे हमारे अभिभावक, मार्गदर्शक थे। इनका अभाव उन तमाम उपेक्षित वंचित एवं पीड़ित व्यक्तियों को भी सर्वदा खटकता रहेगा, जिसके आजीवन वे संरक्षक रहे। समाज सेवी प्रसिद्ध चिकित्सक छोटे बाबू ने कहा कि पाठक जी से अपने जीवन में हमने बहुत कुछ पाया है। और भविष्य में भी पाने की इच्छा थी, जो अधूरा रह गया। इनका अभाव पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।बोधगया मठ के समर्पित अग्रणी कार्यकताओं में प्रमुख भूमिका निभाने वाले पूर्व मुखिया रामचंद्र यादव जी एवं नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन लूलन बाबू ने कहा कि पाठक जी एक सच्चे समाज सेवी राष्ट्रभक्त एवं आस्थावान धार्मिक व्यक्ति थे। पाठक जी का संबंध हम लोगों से एक प्राण दो देह की तरह आजीवन रहा। इनका अभाव हम लोगों के लिए पीड़ादायक है।इस कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में लोगों की इच्छा थी पाठक जी का आदम कद प्रतिमा बकरौर ग्राम में सांसद या विधायक कोटे से लगना चाहिए।आज स्वर्गीय पाठक जी के आवास पर श्राद्ध कर्म एवं ब्राह्मण भोज में भाग लेने वाले प्रमुख लोगों में गया जिला परिषद के उपाध्यक्ष शीतल यादव जी पूर्व मुखिया विनोद तिवारी जी डॉ रविंद्र कुमार मिश्र आचार्य विद्यानंद मिश्रा रत्नेश्वर पाठक बालेश्वर पाठक देवेंद्र पाठक निरंजन प्रमोद पाठक संजय मिश्रा उल्लेखनीय थे।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

दैनिक समाज जागरण। निज संवाददात बौंसी।

बौंसी/बांकाः- बौंसी प्रखंड स्थित परमेश्वर लाल खेमका सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजीव कुमार, डॉ ऋषिकेश सिन्हा के द्वारा कक्षा अरुण से दशम तक के 400 भैया- बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आँख, कान, मुँह, जीभ, दाँत का परीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा के नेतृत्व में भैया- बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। कार्यक्रम प्रमुख सुनीता कुमारी तथा सहप्रमुख बासुकी प्रसाद साह के द्वारा सफल संचालन किया गया। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एम कै पब्लिक स्कूल में डा ऋषिकेश सिन्हा के द्वारा जांच शिवीर का आयोजन किया गया। जिसमे साठ बच्चों का जांच

किया गया। जिसमे बुखार, खांसी आदि की जांच की गई। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह, प्रधानाचार्य निजात खान, सोनल कुमारी, सानु झा, पुजा कुमारी, बिक्रम कुमार, मिठठी कुमारी, ब्युटी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे। साथ ही बिहार सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र एवं तकनीकी कौशल विकास केंद्र एंजेल कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर बौंसी में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संचालक कुमार चंदन, शिक्षक सुमित सागर सहित दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

आनंदपुर पुलिस ने वाहन जांच कर यातायात उल्लंघन का वसूला जुमार्ना

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन बांका के निर्देश पर लगातार वाहन जांच अभियान के तहत आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एएसआई महेंद्र चौधरी एवं पुलिस बल द्वारा शनिवार को सिमुलतला कटोरिया मार्ग के आनंदपुर थाना मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाकर सड़क पर चलने वाले वाहनों की सघन तलाशी

ली गई तलाशी के दौरान चालकों का हेलमेट इंश्योरेंस डिक्की ड्राइवर लाइसेंस आदि जांच किया, जांच के दौरान यातायात नियम उलंघन करने वाले बाइक चालकों से जुमार्ना वसूला। इस दौरान सड़क पर चलने वाले बाइक चालकों में हड़कंप मचा रहा।

इंटर व मैट्रिक परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण रवि वर्मा, ब्यूरो रोहतास

रोहतास जिले के कोचस में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को समाजसेवी सह नगर वैश्य अध्यक्ष सूरज सेठ के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम कोचस प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं थानाध्यक्ष अमोद कुमार उपस्थित थे। आगत अतिथियों के द्वारा सफल छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर सूरज सेठ के द्वारा सभी अतिथियों से बारी-बारी बच्चों को सम्मानित करवाया गया। मैट्रिक परीक्षा में बेहतर परिणाम पाने वाले छात्र प्रीति कुमारी, नीसु कुमारी 471 अंक, कृष्णा कुमार 470 अंक एवं इंटर परीक्षा में 423 अंक लाने वाली संजीवनी कुमारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान दिलीप केसरी, उमेश गुप्ता, मुरारी ठाकुर, दीपक केसरी, विनय दादा, राजकुमार यादव, मानस रंजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

खलिहान में आग लगने से हजारों मूल्य का गेहूं जलकर हुआ खाक

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। शुक्रवार की रात्रि कौआकोल प्रखंड के मंझिला पंचायत अंतर्गत सलैया गांव निवासी प्रमोद सिंह के खलिहान में अचानक आग लग जाने से वहां रखे गेहूं का करीब दो सौ बोझा जलकर राख हो गया। जिससे पीड़ित किसान को लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान पहुंचा है। पीड़ित किसान ने बताया कि गेहूं में आग लग जाने से उनके परिवार के समक्ष भूखमरी की समस्या

उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में पीड़ित किसान प्रमोद सिंह ने कौआकोल सीओ को आवेदन देकर सहायता राशि प्रदान किए जाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित किसान ने अपनी करीब डेढ़ एकड़ जमीन में गेहूं की खेती की थी। शुक्रवार को खेत से सभी गेहूं की फसल की कटनी कर खलिहान में एक स्थान पर जमा कर रखा था। सुबह में ट्रैक्टर से गेहूं की थैरेसिंग कराना था। इसी बीच शुक्रवार की रात्रि में करीब 11 बजे अचानक ही गेहूं की बोझा में आग लग गया। जब तक स्थानीय लोग जगे और खलिहान तक पहुंचे,तब तक सारा गेहूं जलकर राख हो गया।

मृतक कौशल के स्वजनों से भेंट कर विधायक ने किया मातमपुर्सी

रौशन कुमार सोनू ,संवादाता दैनिक समाज जागरण

नवादा/कौआकोल। जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के मधुरापुर सड़क मार्ग पर 3 अप्रैल को सड़क दुर्घटना के बाद मौत के शिकार हुए युवक कौशल कुमार के जोगाचक घर शनिवार की शाम पहुंच स्थानीय राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने पीड़ित परिवार को सांत्वना प्रदान किया। उन्होंने इस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया तथा

मृतक के स्वजनों से काफी देर तक बात की और मातमपुर्सी किया। इस दौरान विधायक ने निजी तौर पर मृतक के पिता देवनन्दन यादव को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान किया। विधायक मोहम्मद कामरान ने कहा कि मृतक परिवार को जो भी और सहायता उनसे बनेगी,पूरा किया जाएगा और सरकारी लाभ भी दिलाया जाएगा। मौके पर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव,लखन यादव,तुलसी यादव,कुन्दन यादव आदि मौजूद थे।

गेहूं काटने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बिच मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार प्रखंड संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद) नबीनगर(बिहार)नवीनगर प्रखंड के बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के हरखू बीघा गांव में गेहूं काटने को लेकर उत्पन्न विवाद में दो पक्षो के बिच मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है।मारपीट की घटना मे दोनो पक्ष से लोग जख्मी हो गए। दोनों पक्षों के द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिसमें प्रथम पक्ष से बडेम ओपी थाना क्षेत्र के हरखू वीघा गांव निवासी लव प्रसाद सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। जिसमें बड़ेम ओ पी थाना क्षेत्र के महुआँव गांव निवासी सुमंत सिंह ,हेमंत सिंह ,पंकज सिंह सहित 25 अज्ञात लोगो आरोपित बनाया है। दर्ज प्राथमिकी मे बताया कि मै अपने खेत मे गेहूं कटवा रहे थे उसी वक्त उक्त सभी व्यक्ति के द्वारा हमारे साथ मारपीट किया जाने लगा बिच बचाव मे आए मेरा दो पुत्र मंजिस कुमार व रुपेश कुमार को भी मारपीट किया। वही दुसरे पक्ष से सुमंत सिंह के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया। जिसमें बड़ेम ओ पी थाना क्षेत्र के हरखु बिगहा गांव निवासी लव प्रसाद सिंह ,मंजिस कुमार, रुपेश कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया है। मारपीट मे दोनों पक्ष से लव प्रसाद सिंह, मंजिस कुमार, रुपेश कुमार, हेमंत सिंह, सुमंत सिंह जख्मी हुए है। मामले मे बडेम ओपी थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि आपसी विवाद मे मारपीट की घटना घटी हैं। दोनो पक्षो से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।जख़्मी लोगो को इलाज हेतु नवीनगर रेफरल अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

अंतिम क्वार्टरफाइनल मैच में आज खगड़िया जिला ने रोमांचक मैच में सोनू एलेवन को तीन विकेट से पराजित किया

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह

बाँकाःस्थानीय आर एम के स्कूल मैदान पर डायनामिक कृषांग क्रिकेट चैम्पियनशिप, सीजन-3 के अंतिम क्वार्टरफाइनल मैच में आज एक रोमांचक मुकाबले में खगड़िया जिला ने सोनू एलेवन, बाँका को 3 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

सोनू एलेवन टीम ने टॉस जीतकर जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 164 रन का स्कोर खड़ा

किया। इसमें सबसे अधिक कुणाल वाटसन 53 रन योगदान दिया।वहीं खगड़िया की ओर से अमन कुमार ने 4 ओवर में 23 रन 3 विकेट झटका।

जवाबी पाली खेलने को उतरी खगड़िया की टीम 6 गेंद शेष रहते ही सोनू एलेवन को 3 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल प्रवेश किया। इसमें सर्वाधिक कुन्दन कुमार ने 36 रन बनाए । खगड़िया के अमन कुमार द्वारा 18 रन और 3 विकेट लेने के कारण इसे मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। टूनामेंट के संयोजक कन्हैया प्रसाद चौहान ने अमन को मैडल देकर सम्मानित किए।

आज चंदन कुमार और चंदन चौधरी ने बेहतरीन अंपायरिंग किए, जबकी संतोष कुमार ने डिजिटल और मदन कुमार ने स्कोरिंग किया। इस अवसर पर सुवोद कुमार झा, शिवनारायण झा, प्रदीप भगत, राकेश कुमार सिंह, गौरव किशोर झा, मिलन कुमार, सोनू सिंह, निलेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

हिमाचल कांगड़ा बनेगी पर्यटन राजधानी: बोले सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु

आधुनिक सुविधाओं के आधार पर विकसित होगा पर्यटन क्षेत्र का आधारभूत ढांचा

- दैनिक समाज जागरण -
सीपीएच डेस्क प्रमुख कृष्ण राज अरुण

शिमला - टीना ठाकुर ब्यूरो चीफ -मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। इस दिशा में सरकार ने कांगड़ा जिला में विभिन्न परियोजनाओं का ब्लूप्रिंट तैयार किया है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है ताकि पर्यटकों का अनुभव देवभूमि के प्रति और बेहतर हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यहां सुंदर धौलाधार पर्वत, ऐतिहासिक मंदिर और साहसिक गतिविधियों की अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। राज्य सरकार जिला कांगड़ा में पारम्परिक पर्यटक स्थलों में आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए एशियन डिवेल्पमेंट बैंक द्वारा स्वीकृत 390 करोड़ रुपये व्यय करेगी। इससे जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ राज्य की आर्थिकी भी सशक्त होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कांगड़ा जिला के धरोहर गांव परागपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स बनाने का निर्णय लिया है। पालमपुर क्षेत्र के सौंदर्यीकरण के लिए भी कई योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिसमें एक उन्नत किस्म का रिजॉर्ट, 24 घंटे के लिए पर्यटन गांव, एक आधुनिक रोलर स्केटिंग रिंक और एक वेलनेस सेंटर का निर्माण करना प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के बनखंडी में 180 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की है, जिसमें एक आधुनिक चिड़ियाघर बनाया जाएगा। इसके लिए 300 करोड़ की अनुमानित लागत पर आधारित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि कांगड़ा जिला को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने में धर्मशाला में पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर

का फाउंटेन, कन्वेंशन सेंटर, फूड कोर्ट और पार्किंग की सुविधा के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने पौंग बांध में हाउस बोट, क्रूज, याच और जलक्रीड़ा गतिविधियों को शुरू करने का निर्णय भी लिया है। नूरपुर और नगरोटा बगवां क्षेत्र में सड़क किनारे आधारभूत सुविधाओं को बढ़ावा देकर साहसिक पर्यटन के व्यवसाय को मजबूत करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्यनई मंजिल नई राहें योजनाह्न के तहत जिला कांगड़ा में 20.59 करोड़ रुपये, ऐतिहासिक मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 46 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। लाखों लोगों की आस्था के प्रतीक आदि हिमानी मंदिर से चामुंडा मंदिर तक रोपवे के निर्माण के लिए भी राज्य सरकार प्रयास कर रही है। जिला में फूड क्राफ्ट संस्थान धर्मशाला को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट के रूप में उन्नत करने के लिए 11.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दो चरणों में कांगड़ा हवाई अड्डे के रन-वे की लम्बाई 1376 से बढ़ाकर 3010 मीटर करने की योजना बना रही है। साथ ही रक्कड़ में हेलीपोर्ट बनाने का भी प्रस्ताव है, जिसके लिए एफसीए केस अपलोड किया जा चुका है।

हिमाचल राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही

मजबूत निवेश से सुदृढ़ होगी प्रदेश की आर्थिकी

निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से निवेश प्रक्रिया में आएगी तेजी

शिमला टीना छाकुर

राज्य सरकार उद्योग क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य के भीतर निवेशकों को एकल छत सुविधा तंत्र के माध्यम से व्यापार में सुगमता और अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने में विलम्ब को कम करने के लिए प्रदेश में ह्यनिवेश प्रोत्साहन ब्यूरोह्न की स्थापना का प्रस्ताव है। यह ब्यूरो हिमाचल को देश का आदर्श निवेश अनुकूल राज्य बनाएगा और निवेशकों को ह्यप्लग-एंड-प्ले इंटरफेसह्न प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार पर्यटन, आईटी, सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और अन्य क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद कर रही है। इस लक्ष्य को हासिल करने में निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो से न केवल राज्य में निवेश आने से राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि उद्योग क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के लिए 90 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे ।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देश पर निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो पुरानी एकल खिड़की प्रणाली के स्थान पर कार्य करेगा और इसमें निवेश प्रस्तावों को स्वीकृतियां प्रदान करने की शक्तियां निहित होंगी। इस निवेश प्रोत्साहन ब्यूरो की स्थापना उद्योग विभाग के अंतर्गत की जा रही है और

सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को इसमें शामिल किया जाएगा ताकि निवेशकों को प्रदेश में उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान किया जा सके और उन्हें निवेश से सम्बंधित किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि निवेशकों की सभी समस्याओं का त्वरित समाधान हो और कार्य में विलम्ब के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी होगा।

प्रदेश सरकार विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने लिए निवेश नीति की दिशा में भी कारगर प्रयास कर रही है। भविष्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार ने समग्र निवेश नीति तैयार करके राज्य में लागू करने का निर्णय लिया है। इससे निवेशकों को तीव्र और बहुआयामी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इसके अलावा राज्य सरकार प्रदेश में रेल सम्पर्क और सड़कों के विस्तार पर विशेष बल दे रही है। इससे उद्योगों को कच्चे माल और तैयार उत्पादों के परिवहन में सुविधा होगी। पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, फार्मा इकाइयों आदि से सम्बंधित इकाइयों पर विशेष बल दिया जा रहा है। पर्यटन और सम्बंधित क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने पर भी बल दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 तक राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है क्योंकि इसमें निवेश और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं।

सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों से लेकर बड़े उद्योगों को विभिन्न सुविधाएं और लाभ समय-समय पर प्रदान किए जा रहे हैं। ऊना में बल्क ड्रग पार्क और फार्मा सेक्टर के कार्यान्वयन के लिए उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा नालागढ़ में मेडिकल डिवाइस पार्क और बल्क ड्रग पार्क के लिए 2110 करोड़ रुपये के समझौते ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए है।

आवश्यकता

***हिमाचल पंजाब हरियाणा के हर जिले को तुरंत *दैनिक समाज जागरण" नोएडा से प्रकाशित समाचार पत्र को फ्रेस युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने घर के आसपास नगर क्षेत्र में रिपोटिंग के लिए इच्छुक हो- *बायोडाटा अन्य प्रमाणिकता डिटेल एक खास खबर के साथ अनुभव सेंड करें -व्हाट्सएप 9802414328-**

चंडीगढ़ में पानी की किल्लत को देखते हुए नगर निगम प्रशासन अलर्ट

15अप्रैल से प्रशासन की टीमें घर घर सुबह 5बजे से चैक करेंगी
अगर फालतू पानी बर्बाद हुआ तो 52सौ रुपए का होगा चालान

दैनिक समाज जागरण सीपीएच प्रमुख के आर अरुण

चंडीगढ़/ पानी की किल्लत को देखते हुए पानी बर्बाद करने वालों को अब नगर निगम प्रशासन सख्त एक्सन लेते हुए भारी जुमार्ना 52/सौ रुपए लगाने की कार्यवाही कर सकता है।

आगामी 15अप्रैल से घर घर पानी कनेक्शन चेक होंगे जहां भी पानी की बरबादी दिखेगी वहीं 52सौ रुपए का चालान कटेगा जो पानी बिल के साथ अदा होगा। वार्निंग के साथ यदि फिर भी पानी बर्बाद करना

उपभोक्ता ने नहीं छोड़ा तो कनेक्शन काट दिया जाएगा।

महानगर में नगर निगम कई टीम भेज रहा है जो अधिकारी पुलिस बल के साथ यह ठोस कार्यवाही करेंगे।

पानी की बरबादी पर देश में भारी रोकथाम के रास्ते बनाए जा रहे हैं क्योंकि पानी की खपत में लोगों की जरूरत को पूरा करने में अड़चन ना आए इस लिए यह कदम उठाए गए हैं।

चंडीगढ़ में लगा 'मिलेट्स मेला', कृषि मंत्री ने कहा...श्रीअन्न का होगा अभूतपूर्व विकास

चंडीगढ़ः मिलेट्स एग्री एंड राइजिंग हरियाणा एक्सपो की शुरूआत की गई. हरयिाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने शुक्रवार को एक्सपो का उद्घाटन किया. एक्सपो में किसानों के लिए कृषि की अत्याधुनिक तकनीकों पर 3 दिन तक मंथन होगा. इस मौके पर पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व भर में इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स 2023 के आह्वान पर धन्यवाद दिया गया.

साथ ही मिलेट्स के किसानों व खेती विरासत मिशन जैसी एनजीओ व आयोजकों को संबोधित करते हुए हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने आह्वान किया कि सभी मिलेट्स के किसान व एनजीओ एक छत के नीचे आएं, ताकि सरकार उन्हें हर संभव सहायता दे पाए और भारत में श्रीअन्न का अभूतपूर्व विकास हो.

एक्सपो में सक्रिय योगदान दे रहे खेती विरासत मिशन के कार्यकारी निर्देशक उमेंद्र दत्त ने बताया कि ह्यमिलेट्स उत्पादन एवं इसके मूल्यवर्धन के लिए अभियांत्रिकी योगदान पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है. जिसमें सभी फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थानों, भारतीय कृषि अनुसंधान के विभिन्न संस्थानों और सब्जेक्ट एक्सपोर्ट मौजूद रहेंगे.

शहर के शेफ को खुला निमंत्रण

रविवार को मिलेट्स कुकिंग कंपटीशन भी खेती विरासत मिशन की ओर से आयोजित किया जा रहा है. जिसमें शहर में मिलेट्स

पत्नी पर था शक तो काट डाला गला, 7 साल के बेटे को भी नहीं छोड़ा

अलर्ट न्यूज सर्विश / हरियाणा के सोनीपत से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. सोनीपत के गोपालपुर गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब शमशेर नाम के एक शख्स ने देर रात अपने 7 साल के बेटे ईशांत को गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया और बाद में अपनी पत्नी कुसुम के गले पर तेजधार हथियार से 7 से 8 वार किए जिसके चलते उसकी पत्नी की भी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद शमशेर खुद ही खून से सने हुए कपड़ों के साथ खरखोदा थाना पहुंच गया और उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया है और अपनी पत्नी को मौत के घाट उतारने से पहले उसने अपने 7 साल के बेटे को भी मौत की नींद सुला दिया.

शमशेर सोनीपत के गांव गोपालपुर का रहने वाला है, देर रात शमशेर ने छत पर सो रहे अपने 7 साल के बेटे इशांत का गला दबाकर कत्ल किया और बाद में नीचे आकर अपनी पत्नी

कुसुम के गले पर तेजधार हथियार से 7 से 8 बार किए जिसके बाद कुसुम ने भी दम तोड़ दिया, और बाद में शमशेर खुद ही सोनीपत के खरखोदा थाना पहुंच गया और उसने इन दोनों हत्याकांड का गुनाह कबूल लिया, जैसे ही सोनीपत खरखोदा थाना पुलिस शमशेर को लेकर उसके गांव पहुंची तो गांव में सनसनी फैल गई. पुलिस ने कुसुम के परिजनों की शिकायत पर शमशेर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और इसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है.

शमशेर ने पूछताछ में खुलासा किया कि उसे अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था जिसके चलते उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया. वहीं हमारे सूत्र यह बता रहे हैं कि शमशेर ने अपने 7 साल के बेटे को इसलिए मौत के घाट उतारा कि उसके जेल जाने के बाद उसका लालन-पालन कौन करेगा.

साइबर ठगी शिकार हुआ युवक, जीजा की फोटो लगाकर साले से मांगी मदद

अलर्ट न्यूज सर्विश / पानीपत . यदि आपका कोई रिश्तेदार या संबंधी आपसे व्हाट्सएप पर पैसे मांगता है, तो सावधान रहें, क्योंकि वह आपका रिश्तेदार नहीं यह एक ठग हो सकता है जो कुछ ही समय में आपके खाते से पैसे निकाल सकता है. हाल का घटनाक्रम हरियाणा के पानीपत के सेक्टर-12 में हुआ, जहां एक साइबर ठग ने एक युवक को ठगी का निशाना बनाया है. ठग ने युवक के जीजा की फोटो को लगाकर व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा और पैसे की मांग की. उसने ठग के बताए गए नंबर पर 52 हजार रुपए भेज दिए. जब युवक ने अपने जीजा को कॉल किया तो पता चला कि वह ठगों का शिकार हो गया है. ठगों ने इसी तरह के मैसेज अन्य लोगों को भी भेजे थे.

निखिल साइबर ठगी के शिकार हुए थे जिन्हें व्हाट्सएप पर एक

मैसेज आया था जिसमें उनके जीजा की फोटो थी. ठग ने उनसे बातचीत शुरू की और कुछ देर बाद बताया कि वह हॉस्पिटल में हैं और उन्हें तुरंत रुपए की जरूरत है, इसलिए उन्हें ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करने की आवश्यकता है. निखिल ने ठग की बात मानी और उसने 20 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, फिर दोबारा ठग ने रुपए की मांग की तो फिर उन्होंने 20 हजार रुपए और ट्रांसफर कर दिए.फिर कुछ देर शातिर ठग ने उन्हें कहा कि उनको और भी ज्यादा रुपए की जरूरत है और वो हॉस्पिटल के अंदर ही है. उन्होंने फिर ज्यादा रुपए की मांग की, जिस पर उन्होंने देने से मना कर दिया लेकिन बार-बार उनकी अनुरोध के बाद अपनी नासमझी के कारण उन्होंने फिर से 12हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए.

करोड़ों की 'मनोहर सौगात', सीएम ने किया दो परियोजनाओं का लोकार्पण

अलर्ट न्यूज सर्विश / गुड़गांवः मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज गुरुग्राम में 32 करोड़ रुपये की लागत से तैयार दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं, जिसमें बसई चौक से द्वारका एक्सप्रेस-वे तक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) तथा सिकंदरपुर जल निकाय के कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया है. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बसई में नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज आने वाले समय में हीरो होंडा चौक से द्वारका एक्सप्रेस-वे और आसपास के सेक्टर्स में रहने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा.

सीएम ने कहा कि साथ ही गुरुग्राम-झज्जर मार्ग पर पुराने आरओबी पर यातायात के दबाव को कम करेगा. गुरुग्राम में करीब 114 करोड़ रुपए की लागत से उमंग भारद्वाज चौक से नॉर्दर्न पेरिफेरल रोड (एनपीआर) को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट का हिस्सा इस फोर लेन आरओबी की लंबाई 910 मीटर है और इसके निर्माण पर 23 करोड़ रुपए की लागत आई है. मुख्यमंत्री ने सिकंदरपुर के समीप 90 एकड़ क्षेत्र में

विकसित जल निकाय के कायाकल्प व सौंदर्यीकरण से जुड़ी परियोजना का भी शुभारंभ किया.

पुनर्जीवित हुए पुराने जल निकाय

सीएम ने बताया कि इस जल निकाय क्षेत्र को बहाल करने के लिए अप्रैल 2019 में जीएमडीए और गैर सरकारी संस्था आईएम गुड़गांव के बीच एमओयू साइन हुआ था. इस जल निकाय के कायाकल्प पर 9.1 करोड़ रुपए की लागत आई. इस प्रोजेक्ट से शहरों में व्यापक हरित रणनीति के तहत वन क्षेत्र को बढ़ावा मिला और पुराने जल निकाय को पुनर्जीवित किया गया. इस परियोजना को धरातल पर साकार करने में अनेक निजी संगठनों ने सीएसआर फंड से वित्तीय मदद प्रदान की. करीब 90 एकड़ में फैले सिकंदरपुर जलाशय और वाटरशेड क्षेत्र के पर्यावरण-पुनर्स्थापना का मुख्य उद्देश्य गुरुग्राम के निवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराना है. इस क्षेत्र में देसी प्रजातियों के वृक्षारोपण के माध्यम से शहर के शहरी हरित आवरण को बढ़ाना है.

विवि को लिखा है पत्र

लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स गुरुग्राम के छात्र करण कटारिया को छात्रसंघ चुनाव में भेदभाव कर चुनाव न लड़ने देने के मामले पर भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बोलते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी को पत्र लिखा गया था और उन्होंने आश्वासन दिया है कि वह इस तरह से डिस्क्रिमिनेशन नहीं होने देंगे.

सिद्धू के जेल से छूटते ही गरमाई पंजाब की राजनीति, क्या BJP में शामिल होंगे पूर्व CM चरणजीत सिंह चन्नी?

अलर्ट न्यूज सर्विश / चंडीगढ़. कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के जेल से बाहर आते ही एक बार फिर पंजाब कांग्रेस की भीतरी राजनीति गमार्ने लगी है. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं. सूत्रों ने न्यूज 18 को बताया कि उन्होंने पंजाब में कुछ भाजपा नेताओं से मुलाकात की, यहां तक कि कांग्रेस ने उन्हें शांत रखने की कोशिश की है. यह अफवाह ऐसे समय में सामने आई है जब पूर्व पीसीसी प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू जमानत के बाद पटियाला जेल से बाहर आ गए हैं.

पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की करारी हार के बाद चन्नी राजनीतिक सुर्खियों से गायब हो गए थे, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भारी जनादेश मिला था. भ्रष्टाचार के मामलों में अपने भतीजे की गिरफ्तारी के बाद भी उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा था. हालांकि, पंजाब के दिवंगत गायक सिद्धू मूसे वाला के गांव

का औचक दौरा कर पूर्व मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में फिर से सक्रिय होने के संकेत दिए थे. चन्नी को राहुल गांधी की विदेश यात्रा से लौटने के बाद राजस्थान में भी उनकी ह्यभारत जोड़ो यात्रा में देखा गया था. उन्होंने प्रियंका गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी.

भारत जोड़ो यात्रा में सक्रिय थे चन्नी

चन्नी के भारत जोड़ो यात्रा में एक्टिव होने पर कई लोगों का मानना है कि यह सोच-समझकर उठाया गया कदम था, जिससे पार्टी में उनके विरोधियों को यह संदेश गया कि वह अभी भी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण रूप से काम कर रहे हैं. यहां तक कि पंजाब लौटने के बाद भी, उन्होंने मूस वाला परिवार से मिलने का फैसला किया. कई लोगों का मानना है कि चन्नी का यह कदम रणनीतिक रूप से उनके लिए उपयुक्त था.

जालंधर संसदीय उपचुनाव में सक्रिय रखने की कोशिश

कांग्रेस अब जालंधर संसदीय उपचुनाव में प्रचार के लिए पूर्व मुख्यमंत्री को साथ लाने की कोशिश कर रही है. पार्टी अलग-अलग आवाज उठाने वाले नेताओं के बीच सुलह कराने की कोशिश भी कर रही है. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीएम के रूप में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान, चन्नी रविदासिया/आदि-धर्मी समुदाय में एक अच्छा समर्थन आधार अर्जित करने में कामयाब रहे, जिनकी सीट पर मजबूत उपस्थिति है. चन्नी फैक्टर ने दोआबा क्षेत्र में कुछ सीटों पर काम किया और जालंधर निर्वाचन क्षेत्र के नौ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच में कांग्रेस पार्टी की जीत में योगदान दिया.

शहादत दिवस मंगल पांडेय की

1857 के प्रथम सेनानी मंगल पांडेय की शहादत दिवस पर जिलाधिकारी ने किया याद

कदम चौराहा पार्क पर प्रतिमा का किया माल्यार्पण और फहराया तिरंगा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण

बलिया : 1857 की क्रांति के प्रथम सेनानी मंगल पांडेय की पुण्यतिथि 08 अप्रैल को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कदम चौराहे पर तिरंगा फहराया और भारत के प्रथम स्वतंत्रा सेनानी मंगल पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि आज उन्हें मंगल पांडेय की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले वह केवल पुस्तकों में ही उनके बारे में पढ़ा करते थे। आज उनके जनपद में जिलाधिकारी के रूप में आने पर उन्हें गौरव महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह हम सब के लिए हर्ष का विषय है कि चित्तू पांडेय बलिया की धरती में जन्मे। हमें उनके आदर्शों से

शिक्षा लेनी चाहिए और अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रकट करना चाहिए। यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। इस अवसर पर स्मारक समिति के अध्यक्ष, ईओ नगरपालिका, स्कूलों के विद्यार्थी और नागरिकगण उपस्थित थे।

भारत माता के सच्चे सपूत थे अमर सेनानी शहीद मंगल पांडेय

-शहादत दिवस

-स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुवेर्दी ने कदम चौराहे पर किया आयोजन

-परिवहन मंत्री, राज्यसभा सांसद सहित सभी दलों के अध्यक्षों ने किया शहीद को नमन

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : 1857 के महानायक शहीद सेनानी मंगल पांडेय का शहादत दिवस शनिवार को शौर्य पूर्वक सम्मान के साथ मनाया गया। मंगल पांडेय स्मारक समिति के अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशिकांत चतुवेर्दी ने शहादत दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, प्रदेश सरकार के मंत्री सहित राज्यसभा सांसद ने शहीद की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

1857 के महानायक, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस के अवसर पर कदम चौराहा स्मारक समिति के तत्वावधान में स्थित प्रतिमा के समक्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार ने झण्डा फहराया कर किया। पुलिस प्रशासन की तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सरस्वती शिशु मंदिर, सनातन विद्या मंदिर के

बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी कर मंगल पाण्डेय अमर रहें के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर, कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम यादव, उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, विरेन्द्र पाठक टुनजी, अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व पुलिस अधीक्षक अमिताभ ठाकुर, नूतन ठाकुर, सपा के वरिष्ठ नेता अनिल राय, संतोष तिवारी, निशिध श्रीवास्तव नीशु, अजय राय मुन्ना, चुन्नू मिश्रा, प्रेम नाथ चतुवेर्दी, संजय पाण्डेय, सागर सिंह राहुल, हरेंद्र, राजेश गुप्ता, शक्ति यादव, पूर्व सपा अध्यक्ष यशपाल सिंह, डा विश्राम यादव, संजीव कुमार डम्पू ,सभासद ददन यादव, राजेंद्र पाण्डेय, श्रीभगवान यादव, राधेलाल यादव, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद उपाध्याय, शिवानंद ओझा, राजनाथ यादव, परमात्मा पाण्डेय, श्याम बिहारी पाण्डेय, समाजसेवी, साहित्यकार, पत्रकार, अधिवक्ता, डाक्टर, व्यापारी, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुवेर्दी ने किया। साथ ही कार्यक्रम में आते हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम से सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन राजकुमार पाण्डेय संस्था के मंत्री ने किया।

सनबीम बलिया के प्रोत्साहन में पुरस्कृत होकर खिले मेधावियों के चेहरे

प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह रहे आयोजन के मुख्य अतिथि

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : उचित मार्गदर्शन में सही दिशा में किया गया सतत परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। श्रेष्ठ या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रतिफल

अवश्य ही मिलता है। धैर्य, जटिल परिस्थितियां, उतार-चढ़ाव, शैक्षिक गतिविधियां, कौशल पूर्ण कार्य आदि की परीक्षा जीवन में आती रहती हैं।

ऐसे ही परीक्षा में मूल्यांकन के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का उत्साहवर्धन करने हेतु शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल ने प्रोत्साहन 2023 का आयोजन किया था। इसी दिन 8 अप्रैल को विद्यालय का 11वां फाउंडेशन डे भी मनाया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के स्थापना दिवस पर केक भी काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा उच्चतम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री नेअपने उद्बोधन में डॉ कलाम के संदेश को याद करते हुए कहा कि सपने वो नहीं होते हैं जो नींद में आते हैं बल्कि सपने वो होते हैं जो नींद नहीं आने देते। कौशल पूर्ण शिक्षा के निमित्त यह विद्यालय समग्र जनपद में अग्रणी है। उन्होंने विद्यालय की सुव्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष यहां के विद्यार्थी डिस्ट्रिक टॉपर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि उपलब्धि का क्रम बना रहेगा। विद्यार्थी इससे भी आगे जाने की कोशिश करेंगें। उन्होंने विधायक निधि से ओपन जिम शुरू करने के सहायतार्थ मदद देने का भी आश्वासन दिया। अटल टिंकरिंग लैब हेतु भी शासन से बात करने की बात कही। आवश्यकता पड़ने पर सदैव हर संभव मदद देने की बात दोहराई। विद्यालय प्रशासन द्वारा मंत्री को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बच्चों की उपलब्धि की प्रशंसा की। सचिव अरुण सिंह ने कहा कि हर अभिभावक और माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहता है। आपका यह सनबीम स्कूल इसी सपने को साकार करने हेतु तत्पर है।

विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विद्यालय शैक्षिक क्रियाकलापों के अतिरिक्त विभिन्न खेल प्रशिक्षण, प्रतियोगिता, क्विज, विद्यार्थी विज्ञान मंथन आदि कौशल पूर्ण गतिविधियां हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। जिले के समस्त सीबीएससी विद्यालयों में यह पहला विद्यालय है, जहां सबसे पहले एनसीसी के अतिरिक्त स्काउट गाइड का प्रशिक्षण भी शुरू किया गया है।

प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। अंत में प्रशासक एसके चतुवेर्दी ने विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए कार्यक्रम में आए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, समन्वयक गण पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय व निधि सिंह सहित समस्त शिक्षकगण व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन समृद्धि सिंह व शौर्य पांडेय ने किया।

21वीं सदी की यही पुकार, शिक्षा है सबका अधिकार

स्कूल चलो रैली

-हनुमानगंज के कंपोजिट विद्यालय बसंतपुर ने निकाली रैली

-एबीएसए लोकेश मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल चलो रैली का आयोजन शनिवार को कंपोजिट विद्यालय बसन्तपुर में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने हरी झंडी दिखा रैली को रवाना किया गया। स्कूली टीम और बच्चों ने मनोयोग से सहभागिता की।

एबीएसए ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा सबका अधिकार है और हम का कर्तब्य है एक एक बच्चें का नामांकन सुनिश्चित करे। साथ ही संचारी रोग

उन्मूलन हेतु जागरूकता का संदेश भी दिया। रैली में न्याय पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक मनोज शर्मा, पूनम देवी, उषा पांडेय एवं शिक्षक अनुराग श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, सेतनाथ सिंह, शम्भू प्रसाद, परशुराम गौंड, विकेश सिंह, संजय यादव, नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार शर्मा ने किया।

थाना समाधान दिवस पर अचानक जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अचानक पहुंचे

-सिस्टम का औचक निरीक्षण

-अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को दिया निर्देश

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : कोतवाली में उपजिलाधिकारी बांसडीह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस चल रहा था तभी अचानक जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर वहां अचानक ही पहुंच गए। सिस्टम का औचक निरीक्षण अधिकारी द्वय द्वारा करने पर अफरा तफरी मच गया।

थाना समाधान दिवस में लगे राजस्वकर्मी सचेत होकर अपने काम मे जुट गए वहीं पुलिसकर्मी भी सावधान की मुद्रा में आ गए। आयोजन में पंहुचे जिलाधिकारी

ने बैठते ही अब तक आये मामलों पर एक सरसरी नजर डाली और इसके संबंध में एसडीएम से पूछताछ कर समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। अधिकारियों को चेताया की विवादों का फौरी तौर पर निस्तारण के बजाय मौके पर जाकर पारदर्शिता के साथ निस्तारित किया जाये। ताकि समस्या दोबारा खड़ी न हो। इस दौरान पटल पर आये कुल 5 मामलों में एक का भी निस्तारण नहीं किया गया और सबके लिये टीम गठित कर दी गयी। इस दौरान एसडीएम राजेश गुप्ता, सीओ शिवनारायण वैस, नायब तहसीलदार अंजू यादव, इंस्पेक्टर क्राइम अमित सिंह सहित सभी राजस्वकर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने अगलगी की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए उपजिलाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए।

अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये ब्लॉक के 9 ग्राम पंचायतों को मिला 36 लाख

संतोष द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : विकासखंड के 9 ग्राम पंचायतों में स्थापित पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु शासन ने प्रति कक्ष 4 लाख के हिसाब से 36 लाख की धनराशि अवमुक्त किया है।

इस आशय का पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत को भेंजा है। यह धनराशि ग्राम पंचायतों के खाते में पहुंच भी गयी है। इस अतिरिक्त कक्ष में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज्य अभियान योजनान्तर्गत आनलाईन पेमेन्ट प्रणाली पीएफएमएस के माध्यम से जनसेवा केंद्र की स्थापना होगी। डीपीआरओ ने पत्र में निर्देश दिया है कि अतिरिक्त सीएससी कक्ष निर्माण हेतु ग्राम पंचायत जिसमे निर्माण कार्य की धनराशि 4 लाख प्राप्त हो गयी है उक्त ग्राम पंचायत में यथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराते हुये एक माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये जिन ग्राम पंचायतों को 4 लाख की धनराशि मिली है उनमें लहसनी, पकडीहरखबसंत, सुल्तानपुर, परसियांरुपपुर, इंदासों, बरेवां, तियराहैदरपुर, सिकन्दरापुर व कैथी खतीवपुर है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद सिंह का कहना है कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये धनराशि मिल चुकी है। शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

ग्रामे ग्रामे यज्ञझ्रगृहे गृहे देव स्थापना की टोली गायत्री शक्तिपीठ से रवाना

जनपद के 950 ग्राम सभाओं में प्रत्येक शनिवार और रविवार को चलेगा अभियान

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के अभियान के अंतर्गत वंदनीय माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष में ग्रामे ग्रामे यज्ञझ्रगृहे गृहे देव स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है। शनिवार और रविवार को धरातल पर टोली कार्य कर रही है। अभियान के दूसरे शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ महावीर घाट से अभियान के लिए गठित 30 टोलियां फिर रवाना हुईं। शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नार चौबे ने तिलक लगाकर अभियान के योद्धाओं को रवाना किया।

गायत्री परिवार का पूरे देश को गायत्री मय करने का अभियान चला रहा है। गायत्री परिवार की वंदनीय माता जी के जयंती वर्ष को परिवार इसी रुप में आयोजित कर रहा है। बलिया जनपद में प्रत्येक घर में देव स्थापना के लिए 300 अनुग्राहियों की टीम 30 टोली में विभक्त हुई है। समस्त 950 ग्राम सभा में गायत्री साधकों द्वारा प्रत्येक ग्राम में दो दिवसीय कार्यक्रम प्रत्येक शनिवार रविवार को चलाया जाना है। प्रथम दिवस शनिवार को ग्राम प्रदक्षिणा एवं देव स्थान पर दीप महायज्ञ तथा द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री, गंगा व देव स्थापना कम से कम 24 घरों में किया जाएगा। 2026 तक चलने वाले इस अभियान का क्रम अनवरत जारी है। हनुमानगंज ब्लॉक में टोलियां रवाना हुईं।

व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का सत्यापन करेगें खंड विकास अधिकारी

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज -2 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिये पूरे जनपद से 1,08736 आनलाइन आवेदन हुए हैं। यह प्रदेश का सर्वाधिक लक्ष्य है।

लाभार्थियों के पात्रता की जांच बीडीओ व एडीओ पंचायत करेगे। सत्यापन की रिपोर्ट 15 दिन के भीतर सहायक विकास अधिकारी पंचायत के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी को भेंजनी होगी। इस आशय का पत्र मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने सभी खंड विकास अधिकारी को भेंजा है। इसी क्रम में नगरा ब्लाक के सर्वाधिक लक्ष्य वाली 6 ग्राम पंचायतों के

लाभार्थियों की पात्रता की जांच बीडीओ व एडीओ पंचायत करेगें। बिहराहरपुर में 32, गौरा में 23, इनामीपुर में 21, तियरा हैदरपुर में 21, पडसराजूडन में 20 व छितौना ग्राम पंचायत में 19 लाभार्थियों ने आनलाइन आवेदन किया है। इनमें बिहराहरपुर , गौरा व इनामीपुर के लाभार्थियों का सत्यापन बीडीओ व तियराहैदरपुर, पडसरा जूडन व छितौना के लाभार्थियों की जांच एडीओ पंचायत करेगें। इसके लिये संबंधित ग्राम प्रधान, सचिव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को जिम्मेदार बनाया गया है। लाभार्थी के अपात्र पाये जाने पर उपरोक्त तीनों में से एक तिहाई धनराशि की वसूली होगी व संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाई की जायेगी।

कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ केंद्र निर्माण के लिए विधिवत पूजन अर्चन

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : नगर पंचायत के वार्ड संख्या नौ में कूड़े को निस्तारित करने के लिए एमआरएफ केंद्र निर्माण के लिए विधि विधान से पूजा अर्चन हुआ। भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री ने कहा कि नगर पंचायत में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का निर्माण हो जाने के बाद कूड़ा इधर उधर या सड़कों के किनारे नहीं फेका जाएगा। सरकार की मंशा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की चतुर्दिक विकास की है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास के लिए काफी पैसा दे रही है। शीघ्र ही नगर में विकास कार्य दिखने लगेगा। नगर पंचायत नगरा के विकास के लिए शासन द्वारा तमाम योजनाएं स्वीकृत की गई है। अधिशासी अधिकारी के प्रयास से कई योजनाएं के निर्माण के लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। अधिशासी अधिकारी बृजेश गुप्ता ने कहा कि नगर में एमआरएफ सेंटर का निर्माण हो जाने से नगर वासियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा

रखने के लिए स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही कूड़ा इधर उधर फेकने के स्वभाव में बदलाव लाना होगा। इससे पूर्व प्रेम प्रकाश चौधरी बहुगुणा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, लिपिक प्रदीप कुमार, रवीश कुमार शर्मा, काशीनाथ जायसवाल, राजू सोनी, दीपक कुमार, गणपति गोड, प्रिंस गुप्ता, अमरेन्द्र सोनी, राजू चौहान, राजेश राजभर सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता भाजपा नेता डॉ मिलन राम व संचालन देव नारायण प्रजापति ने किया।

कुजियांम्बा में पुरान जाति को आदिवासी जनजाति में शामिल करने के प्रथम वर्षगांठ को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया

दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की

रांची झारखण्ड 8अप्रैल 2023:- अड़की के सुदूरवर्ती गांव कुजियाम्बा में पुरान समाज के लोग आदीवासी जन जाति सुची मे शामिल होने के प्रथम वर्षगांठ को गौरव दिवस के रुप में मनाया । ज्ञात हो कि 8 अप्रैल 2022 को जन जाति सुची मे शामिल हुआ था । इस अवसर पर पुरान जाति बहुल गांव के घर घर सारना झंडा लगाया गया महिलाए रैली निकाल कर एक दुसरे को रंग गुलाल लगाए। इस मौके पर समाज के केन्द्रीय समिति विचार गोष्टी आयोजित कर जाति की उत्थान पर विचार मंथन किया । मौके पर कुजियाम्बा पुरान आदीवासी सरना समिति ग्रामीणों ने सरना स्थली में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की गई । साथ ही गांव मे रैली निकालकर जय सरना जय पुरान समाज की जयकारा लगाते हुए गांव के सभी गली मोहल्ला मे पहुंचे एक दुसरे को रंग अविर लगाकर बधाई दिये अगले सोमवार को पुरान आदीवासी सरना समीति के तत्वाधान मे कुजियाम्बा के बहुचर्चीत सरना स्थली मे सरहुल महोत्सव का आयोजन होना है इसकी जोरदार तैयारी किया जा रहा इस मौके पर पुर्ब जिप सदस्य सत्यभमा देवी साथ रुबिता देवी गिता देवी केसरी देवी पभ्रा देवी बृदांवन पुरान शिवधन पुरान शांति रमन पुरान करम पुरान मनोज पुरान जितसिह पुरान गोपाल पुरान पह्लाद पहान गणेश पहान एवं महिला पुरुष शामिल थे।

सावित्री मार्डी का कार्यकर्ता-जोड़ो अभियान जोरों पर।बड़ी संख्या में लोग हो रहे पार्टी में शामिल।

रवि कांत गोप, समाज जागरण प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)

राजनगर(झारखंड) 08 मार्च 2023: राजनगर प्रखंड के धुरीपदा पंचायत में आम आदमी पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री मार्डी के नेतृत्व में पार्टी विस्तार हेतु सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम मुंडा बिरेंद्र जामुदा तथा संचालन देवव्रत मुर्मू ने की। कार्यकर्ता-जोड़ो अभियान के तहत आम आदमी पार्टी नेत्री सावित्री मार्डी ने दर्जनों ग्रामवासियों को टोपी व पट्टा पहनाकर विधिवत पार्टी में शामिल किया। सदस्यता लेने वाले ग्रामीणों में लक्ष्मण जामुदा, नोदे बांकीरा, शंकर जामुदा, सुमी जामुदा, सावित्री तियू, डॉली जामुदा, सुनीता जामुदा, समिता जामुदा, सविता जामुदा, सरजोमणि तियू, सुमी तियू, शूरू जामुदा, सरजोमुनी तियू, रायमुनि सुंडी, सुकूमणि पूर्ति, रायमणि पूर्ति, रानी सुंडी एवं कई उपस्थित थे।पार्टी की ओर से कांदरू मुर्मू व रामचंद्र मार्डी भी अपने अन्य सहयोगियों संग उपस्थित रहे। सावित्री मार्डी ने अपने संबोधन में लोगों को 'केजरीवाल सरकार' के अविश्वसनीय कार्यों व उपलब्धियों का उल्लेख किया, तथा ग्रामीणों द्वारा चरित्रवान व ईमानदार जनप्रतिनिधियों के चयन करने पर जोर दिया।

छतरपुर में पतंजलि का योग शिविर 9 अप्रैल से

दैनिक समाज जागरण राज किशोर कुमार अनुमंडल संवाददाता छतरपुर पलामू झारखंड 8 अप्रैल 2023, छतरपुर प्रखंड के सरईडीह रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में पतंजलि परिवार की एक बैठक हुई । बैठक में 9 अप्रैल से 13 अप्रैल तक पांच दिवसीय योग शिविर स्थानीय उच्च विद्यालय के मैदान में सुबह साढ़े पांच से सात बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया । योग शिविर के दौरान प्रशिक्षण का कार्य पलामू जिला प्रभारी राजीव शरण करेंगे। बैठक में राम देनी गुरु जी, योगेंद्र प्रसाद, महेश यादव, उदय प्रसाद ,अनुपम कुमार चौधरी ,वार्ड पार्षद रजनीश कुमार जितेंद्र राम ,सुरेंद्र प्रजापति, अजीत कुमार, व सुमंत सिंह उपस्थित थे।

सिंहभूम स्टूडेंट यूनियन ने नियोजन नीति व स्थानीय नीति समेत अन्य मांगों को लेकर विशाल आक्रोश रैली निकाली

नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम

जमशेदपुर । सिंहभूम स्टूडेंट यूनियन द्वारा करनडीह स्थित एलबीएसएम कॉलेज से नियोजन नीति व स्थानीय नीति समेत अन्य मांगों को लेकर विशाल आक्रोश रैली निकाली गयी. इस रैली में एलबीएसएम कॉलेज समेत अन्य कॉलेज के भी कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए. रैली करनडीह चौक से होते हुए सुंदरनगर चौक पहुंची. उसके बाद आक्रोश रैली पुनः सुंदरनगर चौक से प्रखंड कार्यालय पहुंची. इस दौरान छात्र नियोजन नीति को अविलंब वापस करने व नई नियोजन बनाने की मांग कर रहे थे. छात्रों का कहना है कि झारखंड राज्य का गठन यहां रहने वाले आदिवासी-मूलवासी को केंद्र बिंदू मानकर किया गया है. लेकिन राज्य गठन के बाद आदिवासी-मूलवासी को हाशिये पर रख दिया गया है. उनकी रोजी-रोजगार की भी अब लूट होने लगी है. जिसे किसी भी कीमत पर बरदाश्त नहीं किया जायेगा. आदिवासी-मूलवासी को झारखंड राज्य में तृतीय व चतुर्थ वर्गीय नौकरी में शत-प्रतिशत प्राथमिकता मिलना चाहिए.

जाति आधारित जन गणना के द्वितीय चरण मे मानक कोड प्रयोग पर ध्यान दे गणना कर्मी - चार्ज पदाधिकारी

दैनिक समाज जागरण

बनियापर (सारण) जातिगत गणना के द्वितीय चरण मे एक एक गणना ब्लाक पर हमारी पैनी नजर रहेगी,ताकि कही किसी प्रकार की त्रुटि न रहे,आप प्रशिक्षण मे समय दजिए और निपुणता के साथ सतरह बिन्दुओ पर आधारित प्रश्नों के उतर मैनुअली तथा आनलाइन सिख ले ताकि गणना

ब्लाक पर जाने मे कार्य मे कोई दिक्कत न हो ,यह बाते बीडीओ सह चार्ज पदाधिकारी कपूर्री ठाकुर अंचलाधिकारी स्वामीनथ राम ने कही वही पदाधिकारियों ने जन गणना प्रशिक्षण के एक दिवसीय कार्यक्रम तीसरे दिन प्रतिभागियों से कही उन्होंने कहा की प्रखंड मे तीन प्रशिक्षण केंद्र चलाए जा रहे है।जहा १५० प्रतिभागी शामिल हो रहे है।जहा पंचायतवार प्रशिक्षण 5अप्रैल 11अप्रैल चलने के बाद पर्यवेक्षक प्रगणक 15 अप्रैल से 15 मई तक जन गणना का कार्य पुरी कर लेंगे।वही मौके पर बी पी आर ओ तरुण कुमार शैलेन्द्र पाण्डेय आसमोहम्मद मोहम्मद जलालुद्दीन गुलाम अब्बास प्रमोद कुमार पंडित निर्भय कुमार राजू प्रसाद गयासुद्दीन अलीमुल्लाह सहित भारी संख्या मे शिक्षकों ने प्रशिक्षण मे भाग लिया।जहा शिक्षकों के लिए नास्ते चाय तथा भोजन की उचित व्यवस्था की सबने सराहना किया।

फर्जी कंपनी बनाकर लोगों से ठगी करने वाले दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम

जमशेदपुर । लोगों से ठगी करने वाले रोजाना नए-नए पैंतरे आजमाते रहते है. इस बार ठगों ने ठगी का नया ही रास्ता निकाल लिया है. सुंदरनगर नगर के रहने वाले दो दोस्तों ने पहले तो भविष्य निधि (पीएफ) में दो फर्जी कंपनियां रजिस्टर करवाई और उसमें हजारों फर्जी कर्मचारियों को जोड़ दिया. कंपनी रजिस्टर होते ही उन्हें आधार कार्ड में बदलाव करने का अधिकार मिल गया. अधिकार मिलते ही दोनों दोस्तों ने आधारकार्ड में बदलाव करने का काम शुरू किया और इसके लिए लोगों से रुपये लेने लगे. जानकारी मिलने पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जमशेदपुर क्षेत्रीय कार्यालय के निरीक्षक राजेश कुमार के बयान पर सुंदरनगर थाना में सुंदरनगर इंद्रा बस्ती निवासी लुबीन सोरेन और सुनील बास्के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. इधर, प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

लोगों के आधार को अपडेट कर कमाते थे पैसे

सुंदरनगर थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि लुबीन सोरेन और सुनील बास्के ने मेसर्स सरना इंटरप्राइजेज और टेक्नो मिन नामक फर्जी कंपनियों को भविष्य निधि में रजिस्टर कराया और उसमें कुल पांच हजार कर्मचारियों को दिखाया गया. भविष्य निधि में रजिस्टर करने के बाद उन्हें लोगों के आधार कार्ड में बदलाव करने का अधिकार मिल गया. जिन लोगों के आधार में बदलाव करना होता उन्हें कंपनी का कर्मचारी दिखाकर उनके आधार कार्ड में बदलाव कर देते थे और इसके बदले में रुपये लेते थे. भविष्य निधि द्वारा जब देखा गया कि कंपनी में कर्मचारियों की संख्या बढ़ रही है पर पेंशन के रुपये नहीं जमा किए जा रहे है तो उन्हें शक हुआ जिसके बाद उन्होंने छानबीन करना शुरू की तो मामले का खुलासा हुआ. कंपनी के अधिकारी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसकी जांच चल रही है.

बड़ा ही खुशनसीब है वह शख्स जिसने खुदा के खौफ से रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की: फिरोज आलम नदवी

जिस शख्स ने इस माह को गफलत में गुजार दिया उसके जैसा बदनसीब इंसान दुनियां में कोई नहीं

शंकरपुर दैनिक समाज जागरण

माह-ए-रमजान के रोजा गुनाह और अजाब से हिफाजत का जरिया है। इस्लाम में रमजान ऊज मुबारक की विशेष महत्ता है,क्योंकि इस महीने को अल्लाह पाक का महीना भी कहा जाता है, जिसमें रहमतों की बारिश होती है।

उक्त बात फैसल एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन जनाब फिरोज आलम नदवी ने कही। उन्होंनेकहा कि भूखे रहने का नहीं, बल्कि सब्र व इबादत का नाम रोजा है। इंशान के पूरी शरीर के हर अंग का रोजा होता है। जिस शख्स ने इस माह को गफलत में गुजार दिया उसके जैसा बदनसीब इंसान दुनियां में कोई नहीं और बड़ा ही खुशनसीब है वह शख्स जिसने खुदा के खौफ से रोजा रखा और अल्लाह की इबादत की। इधर मस्जिदों में शुक्रवार को माहे रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद मुल्क की सलामती की दुआ अल्लाह से मांगी गई।

भाई फिरोज ने बताया कि रमजान का महीना हमें गुनाहों से बचने और भलाई के रास्ते पर चलने की सीख देता है। उन्होंने कहा माहे रमजान तीन आशरा में बांटा गया है, पहला रहमत का दूसरा मगफिरत का और तीसरा निजात का है।एक आशरा 10 दिन का होता है। उन्होंने बताया कि अभी दूसरा आसरा चल रहा है, यह आशरा मगफिरत का होता है। इस अशरे में रोजेदार को चाहिए अपने गुनाहों की माफी के लिए रात दिन अल्लाह से दुआ करें। उन्होंने बताया कि इस मुबारक महीने के अवसर पर अल्लाह पाक मगफिरत का दरवाजा खोल देता है। इस अशरे में मगफिरत चाहने वालों की अल्लाह

पाक माफ कर देता है। उन्होंने बताया कि अंतिम आशरा में पांच सबसे महत्वपूर्ण रात है, 21,अल्लाह से सलामती की दुआ मांगते नमाजी 23, 25, 27 और 29वीं रात शब ए कद्र ही होती है। उन्होंने कहा कि शब-ए-कद्र को रात भर इबादत के बाद अपने पूर्वजों के लिए मगफिरत के लिए दुआएं मांगते हैं। इस रात में अल्लाह की इबादत करने वाले मोमिन के दर्जे बुलंद होते हैं। गुनाह दिए जाते हैं। दोजख की आग से मिलती है। वैसे तो पूरे माहे रमजान में बरकतों और रहमतों की बारिश होती है। चेयरमैन साहब ने कहा कि ये अल्लाह की रहमत का वो सिला है कि रमजान में एक नेकी के बदले 70 किया नामे आम में जुड़ जाती है, लेकिन शब-ए- कद्र को विशेष रात में इबादत तिलावत और दुआएं कुतू मकबूल होती है। उन्होंने रोजेदारों से इस पांचों रात को जगकर पूरी रात इबादत में गुजारने की अपील किया। उन्होंने रमजान को रहमतों व बरकतों वाला महीना बताया जिसमें अल्लाह शैतान को कैद कर देता है.जिससे वह लोगों की इबादत में खलल न डाले.

हर नवाफिल का सवाब सुन्नतों के बराबर व हर सुन्नत का सवाब फर्ज के बराबर कर दिया जाता है।इस तरह सभी फर्ज का सवाब 70 गुना कर दिया जाता है. मतलब यह कि इस माहे- मुबारक में अल्लाह की रहमत खुलकर अपने बन्दों पर बरसती है. रमजान में ही पाक कुरआन शरीफ हजरत मुहम्मद पैगंबर रमजान में अपनी इबादत बढ़ा दिया करते थे. वे दिन भर रोजा रखते व रात भर इबादत में गुजारते थे. उन्होंने कहा कि रमजान के पहले अशरे में अल्लाह की रहमत के लिए ज्यादा से ज्यादा इबादत की जानी चाहिए. इसी तरह रमजान के दूसरे अशरे में अल्लाह से अपने गुनाहों की रो रोकर माफी मांगनी चाहिए, करनी चाहिए।

रमजान के तीसरे अशरे में जहन्नम की आग से अल्लाह की पनाह मांगने का है. रोजा खुलवाने के लिए सभी मसजिदों में इफ्तार का एहतमाम किया जा रहा है. वहीं लोगों के द्वारा भी इफ्तार पार्टी देने का दौर शुरू हो गया है. मौके पर राहतुन नईम ने कहा कि रमजान के महीने में जहां तक संभव हो, गरीब- दुखियों की सेवा करनी चाहिए. अनेकता में एकता बनाए रखने का संकल्प लेनी चाहिए और मुल्क के सलामती और अमन की दुआ करनी चाहिए।

भाजपा नेता डा.अशोक यादव के फर्म हाउस मानिकपुर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

पड़ोसी देश नेपाल सहित विभिन्न राजनीतिक दल से जुड़े लोगों एवम रोजेदार भाइयों का हुआ जमघट

फुलकाहा मानिकपुर। दैनिक समाज जागरण

माह-ए-रमजन का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है, वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता सह भारत नेपाल सीमा के चर्चित लकवा रोग विशेषज्ञ मानिकपुर स्टेट व जमींदार परिवार से आने वाले सभी मामलों में दक्ष समाजसेवी डा.अशोक यादव के अवतरण स्थली मानिकपुर फर्म हाऊस पर दावत-ए-इफ्तार का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। लगभग दो हजार से ज्यादा लोग इसमें शरीक हुए।जिसमें सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत की। इस आयोजन में इफ्तार करने के बाद नमाज अदा कि गई। बगल के मस्जिद में दी गई मगरीब नमाज की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी।।इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी व कर्मचारी सहित स्थानीय लोग शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया।

इस बाबत डा.अशोक बाबू ने बताया कि दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। रमजान में दावते इफ्तार के परंपरा से आपसी वैमनस्यता,कटुता समाप्त होती है।रमजान का महीना एक ट्रेनिंग का महीना है। जिस तरह से इस माह में लोग अपनी जज्बात को मार कर रोजा रखते हैं और एक दूसरें के साथ प्यार मोहब्बत से रहते है। ठीक शेष महिनों में इसी तरह से जिंदगी गुजारनी चाहिए। जिसमें हिन्दु, मुसलमान भाई आपस में मिलकर रोजा जैसे पवित्र त्यौहार मनाते हैं। इधर वरीय समाजसेवी भाई फिरोज आलम ने रोजा इफ्तारी का फजीलत बताते हुए कहा कि जिस आदमी ने

किसी रोजेदार को इफ्तार करवाया तो उस आदमी को भी उतना ही शबाब मिलेगा जितना शबाब रोजेदार के लिए है। उन्होंने कहा कि जो रमजान के महीने में रोजेदार को इफ्तार कराता है। उसके गुनाहों की मगफिरत की जाती है। साथ ही रोजेदार के बराबर ही इफ्तार कराने वाले को शबाब मिलता है।

डा. अशोक बाबू बड़े हीं नेक दिल इंसान हैं अल्लाह इन्हें सभी सुख दें। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना लोगों के लिए काफी अजीम है। इस महीने में लोगों को ज्यादा से ज्यादा खुदा की इबादत करनी चाहिए। इस महीने में कुरान- ए- पाक का अवतरण हुआ था।

इस मौके पर नेपाल देश के रामचन्द्र यादव, टाईल्स फैक्ट्री के मालिक कुंदन यादव, छोटू ठिकेदार, नरपतगंज प्रमुख मनोज यादव, कोपरेटिव चेयरमैन प्रत्याशी रामचन्द्र यादव, पोसदाहा के धनंजय यादव, पूर्व फौजी एच पी गैस एजेंसी के मालिक ओम प्रकाश यादव, पत्रकार सह गैस एजेंसी के ओनर राजेश रजक, फुलाकाहा के एन भंडारी, फुलकाहा थानाध्यक्ष शर्मा जी, दीवानगंज ईलाका प्रहरी के इंचार्ज केटी दास, ए पी एफ गुलमा कप्तानगंज के डी एस पी नेपाल देश विजय चौधरी, बेला के मुखिया सरपंच, दीवानगंज के प्रमुख बेचन मेहता नेपाल, मनोज भगत, डा अशोक यादव के साला सरला कॉलेज के बड़ा बाबू, बेला के मुखिया व वार्ड सदस्य, अरराहा के मुखिया, समिति, नवाबगंज के मुखिया, समिति, बसमतिया के मुखिया समिति, मानिकपुर, भोरहर, सोनापुर के मुखिया, समिति, फारबिसगंज नगर परिषद, अररिया नगर परिषद के जनप्रतिनिधि, अमौना, डिपोल के युवा के अलावे

अहद ईमाम, नेयाज बक्श, रू फैजान, शब्बीर, फैज हसन, रिंकु, ईरफानउल्लाह, सकिल मास्टर, प्रवेज, पिंकु, सैफ, सहनवाज, वार्ड पार्षद, मो० मिनहाज समेत समाज के गणमान्य लोग मौजुद थे। इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की संख्या में रोजेदार सहित जनप्रतिनिधि,अधिकारी व कर्मचारी सहित स्थानीय लोग शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया।

भाजपा ने चलाया संठा में जागरूकता अभियान

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण) भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गरखा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत के संठा गांव में सामाजिक न्याय सप्ताह के तहत अनुसूचित जनजाति के युवाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्य का आयोजनकर्ता गरखा जिला परिषद् रामावती देवी पति अजय मांझी ने किया।इस

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं प्रखंड स्तर के संघीय पदाधिकारियों ने भाग लिया जिसमें पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद,गरखा अध्यक्ष प्रो हरेंद्र सिंह, श्यामसुंदर प्रसाद, राजेश ओझा, राजेश सिंह, धर्मेंद्र साह, राजेश फैशन सुशील सिंह, विनोद सिंह, श्रीनिवास सिंह, धनंजय सिंह उर्फ टुनटुन सिंह, संजय सिंह सहित दर्जनों क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया।

सेवार्थ विद्यार्थी जमशेदपुर महानगर ने मानगो में शुरू की निःशुल्क कोचिंग

नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम

पूर्वी सिंहभूम, (झारखंड) , 08 अप्रैल 2023 : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के आयाम सेवार्थ विद्यार्थी (स्टूडेंट्स फॉर सेवा) जमशेदपुर महानगर द्वारा मानगो स्थित साउथ पॉइन्ट स्कूल प्रांगण में CUET की फ्री कोचिंग क्लास शुरू की गई. ज्ञात हो इस वर्ष स्नातक में दाखिला लेने वाले विद्याथीर्यों को उवएळ परीक्षा देना अनिवार्य है. इस लिए सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की गई है. शनिवार को प्रथम दिन CUET की परीक्षा से सम्बंधित विस्तार पूर्वक बताया गया और रविवार से विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के शिक्षकों के द्वारा निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी.

सेवार्थ विद्यार्थी जमशेदपुर महानगर कार्य प्रमुख अभिषेक कुमार ने कहा कि सेवार्थ विद्यार्थी समाज एवं विद्यार्थियों के लिए सदैव सेवा भावना के साथ तत्पर रहा है. इस वर्ष सभी राजकीय विश्वविद्यालय में भी दाखिला लेने के लिए विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (CUET-2023) की परीक्षा

देना अनिवार्य कर दिया गया है, जिस वजह से विद्यार्थियों में काफी परेशानी उत्पन्न हुई है. उनकी परेशानियों को देखते हुए सेवार्थ विद्यार्थी (स्टूडेंट्स फॉर सेवा) के द्वारा निःशुल्क कोचिंग का व्यवस्था की गई है. यहां आगामी प्रतियोगिता परीक्षा के विषय पर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक जानकारी दी जा रही है, ताकि विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा देने में आसानी हो. हमारे इस कार्य से कई विद्यार्थी लाभान्वित होंगे. छात्र नेता बापन घोष ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम सेवार्थ विद्यार्थी के बैनर तले विद्यार्थियों को महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में दाखिला लेते वक्त यथासम्भव सहयोग किया जाता है. उस कड़ी में हम लोगो ने इस वर्ष निःशुल्क कोचिंग की शुरूआत की है, जो आज से लेकर के विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (CUET-2023) के अंतिम दिन तक चलेगी. इस समय मुख्य रूप से शिक्षक के रूप मे डॉ कमलेश कुमार कमलेन्दु, बापन घोष, महानगर सेवार्थ विद्यार्थी प्रमुख अभिषेक कुमार, कार्तिक झा, यश अग्रहरि, सिद्धार्थ सिंह, विकास, दीपक, विवेक, विशाल, राज, सौरभ, युवराज, अमन समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने मून स्टार को आभूषणों से किया सम्मानित

चार दिवसीय खेलो इंडिया सब जूनियर महिला वुशु लीग मैच में अररिया की बेटी मून स्टार भारत में लाया तीसरा स्थान

अररिया दैनिक समाज जागरण

एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार मिश्रा ने शनिवार को प्रतिभावान युवती मून स्टार को सम्मानित किया। इस दौरान बिहार सहित अररिया को पहचान दिलाने वाली अररिया की बेटी मून स्टार को एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा ने चांदी का सिक्का, चांदी का कलम व साल देकर सम्मानित किया। वहीं मून स्टार सहित उसके परिवार परिवार की उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई। मून स्टार पूरे भारत में तीसरा स्थान प्राप्त की है जो बिहार की अररिया जिले के काली बाजार की निवासी है। गौरतलब हो कि खेलो इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला वुशु लीग मैच में इंडोर कॉम्प्लेक्स, भगवती नगर में शुरू हुई, जिसमें देश के 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिभागी शामिल हुए।

जम्मू-कश्मीर के भगवतीनगर इंडोर

स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय खेलो इंडिया सब जूनियर महिला वुशु लीग मैच में अररिया की बेटी मून स्टार तीसरे स्थान लाकर बिहार समेत जिले की नाम रौशन की है। जानकारी मुताबिक खेलो इंडिया में मणिपुर प्रथम स्थान हरियाणा द्वितीय स्थान बिहार तृतीय स्थान लाया। इस में बिहार की और से अररिया की बेटी मून स्टार प्रतिनिधित्व कर रही थी। बताया दें वूशु खेलो इंडिया सब जूनियर वूमेन लीग में बिहार पहली बार तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

27 मार्च से 31 मार्च तक वूशु खेलो इंडिया सब जूनियर वूमेन लीग भगवती नगर इंडोर स्टेडियम जम्मू वूशु ताइची इवेंट में तीसरा स्थान ब्रोंज मेडल लाई। इस तरह अररिया बिहार की मून स्टार ने कामयाबी की परचम लहराते हुए। इतिहास के पन्नों पर अररिया के नाम को तरोताजा की है।

पनोरमा ग्रुप का किडजी स्कूल का उद्घाटन आज, तैयारी पूरी

पनोरमा नगर रामपुर के किडजी स्कूल दुल्हन की तरह सजधज कर तैयार

छातापुर दैनिक समाज जागरण

प्रखंड मुख्यालय छातापुर के पनोरमा नगर रामपुर स्थित पनोरमा ग्रुप का

पनोरमा पब्लिक स्कूल के बाद अब रविवार को छोटे बच्चों के लिए किडजी स्कूल का शुभारंभ होगा. एजुकेशनल हब के रूप में तैयार हो रहे पनोरमा नगर रामपुर चर्चित हो रहा है।

उक्त आश्य की जानकारी शनिवार को पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने दी.

उन्होनें कहा की पनोरमा ग्रुप पिछले छः साल से कोशी-सीमांचल के लोगो को रियल इस्टेट के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रही हैं।

श्री मिश्रा ने बताया की पनोरमा ग्रुप का मुख्य उद्देश्य ही है कि कोशी-सीमांचल के सभी वर्गो के बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उन्हे आने



वाले कल(भविष्य)के लिए राष्ट्र निर्माण करने योग्य बनाया जा सके इसके लिए हम लगातार प्रयासरत भी रहते हैं।

वही स्कूल के प्राधानाचार्य ने जानकारी देते हुए कहा की पनोरमा ग्रुप द्वारा छातापुर के रामपुर जैसे सुदूरवर्ती इलाके में किड्जी स्कूल में इस क्षेत्र के अभिभावक अपने छोटे बच्चों का नामांकन करवा सकते हैं इसके लिए काउंटर पर नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई हैं।

गर्भकाल में माँ का तनावग्रस्त होने गर्भस्थ शिशु के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए घातक- डॉ. अरुण कुमार सिंह

- *जीवन के पहले 1000 दिन की महत्ता पर वेबिनार का हुआ आयोजन*
- *आईसीडीएस एवं पाथ के तत्वावधान में वेबिनार का हुआ आयोजन*

पटना दैनिक समाज जागरण

जीवन के प्रथम हजार दिन में सही व पर्याप्त पोषण स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कुंजी है. शिशु के विकास, प्रतिरोधक क्षमता एवं स्वस्थ जीवन की नीव प्रथम हजार दिनों में ही तय हो जाती है. प्रथम हजार दिनों में ही शिशु के मस्तिष्क का विकास प्रारंभ हो जाता है और इसी समय उसके जीवन भर के स्वास्थ्य की नीव पड़ती है. प्रथम हजार दिनों की महत्ता को उजागर करने एवं मातृ एवं शिशु पोषण की जरुरत को उजागर करने के लिए आईसीडीएस एवं पाथ संस्था के तत्वावधान में वेबिनार का आयोजन किया गया. वेबिनार में निदेशक, समेकित बाल विकास सेवाएं, डॉ. कौशल किशोर, पाथ के राज्य प्रमुख अजीत कुमार सिंह, एम्स जोधपुर के नियोनेटोलोजी विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सहित कई स्वयंसेवी संस्था के सदस्य तथा विशेषग्य शामिल रहे. कार्यक्रम का संचालन पाथ के राज्य प्रमुख अजीत कुमार सिंह ने किया.

गर्भवती माता का तनावग्रस्त रहना उसके गर्भस्थ शिशु के लिए घातक वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एम्स जोधपुर के नियोनेटोलोजी विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गर्भस्थ शिशु का अपने माँ के साथ मानसिक और शारीरिक दोनों जुड़ाव होता है. गर्भकाल में

माता का तनावग्रस्त होना उसके गर्भस्थ शिशु के मानसिक विकास में अवरोधक साबित होता है. डॉ. सिंह ने बताया कि 30 प्रतिशत समय से पहले जन्मे शिशु के पीछे नवजात की माँ का तनाव में रहना होता है. एक तनावग्रस्त माता का नवजात अल्पवजनी एवं मानसिक रूप से कमजोर होता है.

40 माह तक विकसित होता है गर्भस्थ शिशु के दिमाग

डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि अक्सर आज के समय में चिकित्सक माता के गर्भधारण के 9 माह पूरे होते ही प्रसव कराने का प्रयास करते हैं. यह सही नहीं है क्यूंकि एक बच्चा अपने जन्म का समय और दिन खुद तय करता है. गर्भस्थ शिशु का मानसिक विकास माँ के गर्भ में 40 हफ़्तों तक होता है. उन्होंने बताया कि सभी चिकिसकों को बच्चे के जन्म के लिए 40 हफ़्तों तक इंतजार करना चाहिए अगर माता के साथ कोई गम्भित स्थिति नहीं हो।

माँ के भोजन से तय होता बच्चे के भविष्य में खानपान में रूचि डॉ. सिंह ने बताया कि गर्भकाल में एक महिला क्या भोजन करती है इसका सीधा असर उसके होने वाले बच्चे के खानपान की ओर झुकाव पर पड़ता है. गर्भकाल के तीसरी तिमाही से गर्भस्थ शिशु के मष्तिष्क का जुड़ाव सीधा उसकी माँ से होता है. डॉ. सिंह ने बताया कि इस समय माँ का तनाव में होना अथवा उससे रुखा व्यवहार शिशु के मष्तिष्क पर नकारात्मक प्रभाव डालता है जिसे हमेशा ध्यान में रखा जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि घर में उपलब्ध वस्तुओं से पोषण पाया जा सकता है. उन्होंने प्रतिभागियों को भोजन में पोषण को बरकरार रखने के टिप्स भी बताये।

सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज के नये शैक्षणिक सत्र का हुआ शुरूआत

समाज जागरण, कौशल किशोर प्रखंड संवाददात्ता, विश्रामपुर

पलामू (झारखंड) 08 अप्रैल 2023 :- रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय

द्वारा संचालित विश्रामपुर के सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलज के नये शैक्षणिक सत्र (2022 : 24) का आज शुरूआत हुआ. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अथिति आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी,विशिष्ट अतिथि उप कुलपति कल्याण कुमार,सम्मानित अतिथि डॉ विनय कुमार व डॉ ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्ज्वलित कर किया.डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्र-छात्राओं को कई टिप्स दिया.कहा कि मंजिल पाने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है.कार्यक्रम में सहदेव चंद्रवंशी बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ महेश कुमार सिंह ने नये सत्रे के 100 छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कॉलेज के नियमो की जानकारी दी.मौके पर पंकज कुमार,ऊषा शर्मा,अजय कुमार सिंह,सुरेंद्र कुमार पांडेय,महबूब आलम,रोहित कुमार तिवारी,अखिलेश कुमार,अनिल कुमार,कुतुबदीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे.

विभिन्न गांवों में विधायक निधि से तीन योजना का शिलान्यास

दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 08 अप्रैल 2023- गुड़ाबांन्दा प्रखण्ड अंतर्गत

बालिजुड़ी पंचायत के दौरे के दौरान बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक समीर कुमार मोहंती जी ने नाईकानशोल गांव में अल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू के मुर्तियां के समीप पर शेड निर्माण कार्य,पांण्ड्रापाथर गांव में रिंग कुंआ का निर्माण कार्य,नुआडी गांव में शिवम हेम्ब्रम के जमीन पर डीप वोरिंग का अधिष्ठान कार्य का शिलान्यास झामुमो कार्यकताओं और ग्रामीणों के उपस्थित में किया गया। साथ में बालिजुड़ी गांव के एक सवर परिवार को श्राद्धकर्म में सहयोग किया गया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों का हर समस्या का समाधान यथा संभव करेंगे। मौके पर बहरागोड़ा प्रखण्ड के 20 सूत्री सह झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष श्री असित मिश्रा जी, गुड़ाबांन्दा प्रखण्ड के प्रखण्ड के 20 सूत्री सह प्रखण्ड अध्यक्ष श्री सुराई टुडू, उपाध्यक्ष श्यामपदो टुडू,20 सूत्री सदस्य सह सुचिव बुकाई सोरेन,20 सूत्री सदस्य साकिला हेम्ब्रम,पुर्व जिला परिषद सदस्या बेलबुती मुर्मू, मुखिया कारिया हेम्ब्रम,तड़ो किस्कु,समित्र ओझा,राजीव लंका,अरुण बारीक, मेघराई हेम्ब्रम, विनोद कुमार बागाल, स्वपन पाल,सुगदा हेम्ब्रम,प्रशांतो घोष,युगल माण्डी, दशरथ माण्डी,पदमो बेरा,देबिलाल बेरा, देबिलाल सोरेन,दाशमात सोरेन,चामो हेम्ब्रम साथ में आदि झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

बड़े गौर से सुन रहा था जमाना, तुम्हीं सो गए दास्तां कहते-कहते: झारखण्ड क्रांति मंच

समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 9अप्रैल 2023:- झारखण्ड क्रांति मंच के

संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु व मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार के पूर्व प्रखण्ड प्रमुख रेणु देवी ने संयुक्त शोक विज्ञप्ति जारी कर झारखण्ड के शिक्षा मंत्री व झारखण्ड के टाइगर नाम से विख्यात, लोकप्रिय जननेता जगरनाथ महतो जी के असामसयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनके निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति करार दिया है। जारी शोक विज्ञप्ति में जेकेएम नेता दृश्य ने कहा है कि दिवंगत राजनेता के तौर पर जगरनाथ दा,हमेशा झारखण्डी जनता के दिलों में जिंदा रहेंगे। स्पष्टवादिता,निर्भिकता व निडरता के जीवंत मिशाल के तौर पर अपने राजनीतिक व समाजिक जीवन काल में राजनीतिक कार्यकताओं व आम जनों के बीच खासी लोकप्रियता प्राप्त कर चुके जगरनाथ महतो जी के अचानक हमारे बीच से गुजर जाना हमें स्तब्ध,निःशब्द व मर्माहत करनेवाला दुःखद घटना है,जो हमें गहरा जख्म दे गया है। शोक विज्ञप्ति में जेकेएम नेता द्वय ने कहा है कि " बड़े गौर से सुन रहा था जमाना, तुम्हीं सो गए दास्तां कहते-कहते" वाली शायरी को चरितार्थ करता उनका जीवन चरित्र हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

हम कुदरत से उस महान आत्मा को शांति देने व उनके चाहने वालों को धैर्य धारण करने की शक्ति देने की प्रार्थना करते हैं। शोक विज्ञप्ति के अंत में जेकेएम अध्यक्ष/सचिव ने तुकबेरा ग्रामवासी सेवानिवृत्त चौकीदार, मृदुभाषी,ग्रामीण संस्कृति व भाईचारे के जीवंत प्रतिक श्याम नारायण पासवान जी के अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से ह्दयविदारक मौत पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए गहरा दुःख के साथ कुदरत से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना किया है। विज्ञप्ति में इस घटना की जांच कर पर्याप्त मुआवजा के साथ एन०

एच०98 के दूर्घटना जोन में वाहनों की गति सीमा निर्धारित करने की मांग जिला प्रशासन से किया है।

झामुमों कार्यकताओं ने मानगो मे दिवंगत मंत्री जगन्नाथ महतो के निधन पर शोक सभा आयोजित किया

नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम

जमशेदपुर । गांधी मैदान में झारखंड के शिक्षा मंत्री दिवंगत टाइगर जगन्नाथ

महतो को श्रद्धांजलि दी गयी । उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन मानगो नगर समिति (झामूमो) के कोषाध्यक्ष उज्जवल दास के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया ।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमों मानगो नगर समिति के पदाधिकारी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक उपस्थित रहे । दिवंगत मंत्री जगन्नाथ महतो के तस्वीर पर सभी लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामनाएं की । इस मौके पर मानगो नगर समिति के अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू, सचिव उमर खान, उपाध्यक्ष होंदा दास, सैयद नौशाद, वरिष्ठ नेता कन्हैया रजक, प्रभात सिंह, अजहर खान, जावेद खान,हैप्पी तंतुबाई,डैनलिएल जी,धन्नू तंतुबाई मुख्य रूप से उपस्थित थे।

ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री आगामी 24 अप्रैल को टाटा स्टील के खिलाफ बैठेंगी एक दिवसीय धरना पर

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- बैठक कर प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ न मार्डी ने की घोषणा

ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री, झारखंड चैप्टर के द्वारा ट्राईबल कल्चर सेंटर, सोनारी में आज शनिवार को बैठक हुई।इधर इस बैठक में टाटा ग्रुप के द्वारा एफर्मेटिव एक्शन का क्रियान्यवन नहीं होने एवं आदिवासी उधमिता की उपेक्षा के विरोध में आगामी 24 अप्रैल को टाटा स्टील गेट पर एक दिवसीय धरना आहूत करने का फैसला लिया गया। इसके पूर्व झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के असमय निधन पर दो मिनट का मौन रख कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई।

इस मौके पर ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स इन इंडस्ट्री टिक्की के प्रदेश अध्यक्ष वैद्यनाथ मांडी ने बताया कि वर्ष 2006 में आदिवासियों के विकास के लिए निजी क्षेत्रों में एफर्मेटिव एक्शन योजना बनाई गई थी जिसे वर्ष 2011 में प्रथम बार टाटा ग्रुप द्वारा इस योजना को अपने प्रतिष्ठानों में लागू कराया ' जिसमें कुछ आदिवासियों को बिजनेस व्यापार से

जोड़ा गया था एवं अन्य टाटा ग्रुप से जोड़ना था परंतु वर्ष 2011 के बाद एफर्मेटिव एक्शन योजना को केवल अखबार में प्रदर्शित किया गया व भाषा संस्कृति संबंधित कार्यक्रमों से उधमिता को गायब ही कर दिया गया एवं खानापूर्ति किया गया ' मात्र दो-चार आदिवासी वेंडरों को छोड़कर बाकि सभी वेंडरों को इंक्वायरी तक नहीं दी जाती है काम मिलना तो दूर की बात है ।कुछ अधिकारियों द्वारा आदिवासी वेंडरों उद्योग व्यापार से वंचित रखने का काम कर रही है ' उनकी मांग है कि निजी क्षेत्रों में ठेकेदारी एवं आपूर्ति कार्यों में 75% प्रतिशत स्थानीय को प्राथमिकता दी जाए जिसमें 25% प्रतिशत एसटी - एससी के लिए आरक्षित किया जाए '

बैठक में शामिल लोग

बैठक में मुख्य रूप से चंचल लकड़ा, बसंत तिर्की, जोसेफ कंडीर, सुखराम टूडू , सुरेंद्र टुडू, रांजन मराडी, राज मार्शल मारदी, रतन मंडल, लक्ष्मी सामंत, अनिल चौधरी, अमित सूरीन, सुबोध सरदार, श्रीकांत सरदार, विजय गोंड, धरणीधर कालिंदी , कुंवर नाग, रामलाल महली, अजय देवगन, ब्रज देवगम, सौरव बेसरा ने हिस्सा लिया।

सारठ : डॉ बशीर हत्याकांड के पांच दिन बाद भी हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होने से दहशत में रतजग्गा कर रहे हैं टोले के लोग

हत्यारे की धमकी से डरे लोगों ने एसडीपीओ से टोले में की पुलिस तैनाती की मांग, थानेदार के रवैये पर भी जताई नाराजगी, बोले एसडीपीओ ; जल्द होगी हत्यारों की गिरफ्तारी

शिव कुमार यादव, दैनिक समाज जागरण संवाददाता, सारठ, देवघर

देवघर (झारखंड) 08 अप्रैल 2023 :- सारठ के जाने माने ग्रामीण चिकित्सक एमडी बशीर की हत्या के पांच दिन बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने से पूरे शाह मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं लोगों में भय का माहौल इस तरह बन गया है कि टोले में चौकीदार की तैनाती के बाद भी लोग रात में सोने के बजाय रतजग्गा कर जीने को मजबूर हो रहे हैं। इधर घटना के बाद से ही हत्यारे की लगातार आ रही धमकी से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को एसडीपीओ धीरेंद्र नारायण बंका को लिखित आवेदन देकर टोले में सशस्त्र सुरक्षा बलों को तैनात करने की मांग की है। बताते चलें कि बीते तीन अप्रैल की देर रात हथियार बन्द अपराधियों ने सारठ शाह टोला निवासी डॉक्टर बसीर को उनके घर के दरवाजे पर पत्नी व भतीजे के सामने चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दिया था। वहीं मृतक की पत्नी को भी गंभीर रूप जख्मी कर दिया था, जबकि 10 वर्षीय भतीजे ने भागकर जान बचाई थी और घटना से लोगों में खौफ का माहौल बन गया था। हालांकि सनसनीखेज हत्याकांड के बाद मृतक की पत्नी नूरसबा बीबी ने मुहल्ले के ही पांच नामजद लोगों पर उनके पति की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। लेकिन घटना के पांच दिन गुजरने के बावजूद पुलिस एक भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। जिसके कारण ग्रामीणों को पुलिस पर से धीरे-धीरे भरोसा भी उठता जा रहा है। वहीं तथाकथित हमलावरों द्वारा मृतक समेत पांच अन्य टोले के लोगों को भी जान मारने की धमकी दी गई थी और उसी धमकी के बाद पहले टारगेट में डॉक्टर बशीर की हत्या कर दी गई। वहीं अन्य का भी वहीं

अंजाम करने की लगातार धमकी दी जा रही है और पूरे शाह टोले के लोग परेशान हो गए हैं। शनिवार को एसडीपीओ से मिलने गए मृतक के परिजन व अन्य लोगों द्वारा बताया गया कि बीते शुक्रवार की रात दो बजे के करीब एक काले रंग का स्कॉर्पियो मुहल्ले में आकर रूकी और उससे दो युवक उतर कर आगे बढ़ रहे थे, तभी मुहल्ले के युवकों को उस पर नजर पड़ी जिसके बाद चार पांच युवक संगठित होकर जैसे ही स्कॉर्पियो की तरफ बड़े तो दोनों युवक स्कार्पियो में बैठकर तेजी से गाड़ी घुमाकर भाग निकले। जिसके बाद टोले में तैनात चौकीदार को ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दिया और चौकीदार द्वारा घटना की जानकारी देने के लिए तत्क्षण थाना प्रभारी को फोन किया, परन्तु कई बार कॉल करने के बाद भी थाना प्रभारी से बात नहीं हो पाई और ना ही सूचना के बाद टोले के कोई पुलिस अधिकारी ही पहुंचे। टोले के लोग थानेदार के रवैए से भी खासे नाराज दिखे। कई ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ मुहल्ले के ही लोगों को थाने बुलाकर पूछताछ करके कागजी खानापूरी कर रही है और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। मृतक के भाई इमरान शाह ने बताया कि घटना के एक दिन बाद ही घटना में प्रयुक्त चाकू घटना स्थल के बगल में स्थित पड़ोसी के नाले से प्राप्त हुआ था, जिसकी जानकारी थाना प्रभारी को देने पर उसे थाने पहुँचाने बोला गया, परन्तु थाना पहुँचने पर घंटो पुलिस का इंतजार करने के बाद थाना प्रभारी से मुलाकात जब हुआ, थानेदार ने फटकार लगाते हुए आगे से सुबह सुबह फोन नहीं करने की नसीहत दे डाली। मृतक के भाई समेत हमलावर के टारगेटेड कई लोगों ने थाना प्रभारी के क्रिया कलाप पर कई सवाल उठाते हुए कहा कि अगर लोग पुलिस को फोन करने के लिए भी समय देखगें तो कोई घटना की जानकारी लोग कैसे पुलिस को दे सकेंगे। इधर मामले को लेकर एसडीपीओ का भी रटा रटाया बयान ही आया है कि पुलिस घटना की अनुसंधान में जुटी है, हत्यारोपी जल्द गिरफ्तार होंगे। एसडीपीओ से फरियाद करने पहुंचे लोगों में ग्रामीण मुजफ्फर शाह , तोहिद शाह, इमरान शाह, एनुल शाह, सेनुल शाह, तमजिद शाह, सफरुल शाह समेत अन्य कई शामिल थे।

विद्यालय प्रांगण में मोबाइल टावर लगाने के लिए शिक्षा विभाग को विना सूचना दिए गड्ढा खोदा गया

दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की

रांची झारखण्ड 8अप्रेल2023:- अड़की प्रखंड के बाडीनिजकेल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मारंगबुरू के परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सूचना दिए बिना मोबाइल टावर का निर्माण कराया जा रहा है। और न ही मोबाइल टावर निर्माण को लेकर शिक्षा विभाग को जानकारी प्राप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि टावर का निर्माण को लेकर गांव में अन्य जगह पर जमीन दी जा रही थी। इसके बावजूद विद्यालय के जमीन के बीच में जहां बच्चे खेला करते हैं गड्ढा खोदा जा चुका है। इसके निर्माण से विद्यालय की जमीन कम हो जाएगी और नौनिहालों के खेलने की जगह

नहीं बचेगी। साथ ही विद्यालय परिसर में टावर बनने से कोई अनहोनी घटना की आशंका बनी रहेगी। विद्यालय भवन एवं टावर निर्माण के बीच मात्र 30 फीट का फासला है। खोदे गए गड्ढे के बगल में किचन सेड है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि टावर निर्माण को लेकर कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। किसके आदेश पर निर्माण चल रहा है जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय के प्रांगण में टावर निर्माण नहीं होना चाहिए।।

मधुकमपिड़ी में तीन दिवसीय श्री राम चरित मानस पाठ प्रवचन महायज्ञ के साथ सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की

रांची झारखण्ड 8अप्रेल 2023:- अड़की प्रखंड के बाडीनिजकेल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मारंगबुरू के परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सूचना दिए बिना मोबाइल टावर का निर्माण कराया जा रहा है। और न ही मोबाइल टावर निर्माण को लेकर शिक्षा विभाग को जानकारी प्राप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि टावर का निर्माण को लेकर गांव में अन्य जगह पर जमीन दी जा रही थी। इसके बावजूद विद्यालय के जमीन के बीच

में जहां बच्चे खेला करते हैं गड्ढा खोदा जा चुका है। इसके निर्माण से विद्यालय की जमीन कम हो जाएगी और नौनिहालों के खेलने की जगह नहीं बचेगी। साथ ही विद्यालय परिसर में टावर बनने से कोई अनहोनी घटना की आशंका बनी रहेगी। विद्यालय भवन एवं टावर निर्माण के बीच मात्र 30 फीट का फासला है। खोदे गए गड्ढे के बगल में किचन सेड है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि टावर निर्माण को लेकर कोई जानकारी प्राप्त नहीं है। किसके आदेश पर निर्माण चल रहा है जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय के प्रांगण में टावर निर्माण नहीं होना चाहिए।।

द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसवां का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

दैनिक समाज जागरण, दयाल लायक, ब्यूरो चीफ

सराइकेला (झारखण्ड) 8 अप्रेल- द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां का द्वितीय शपथ ग्रहण समारोह ऑटो क्लस्टर भवन आदित्यपुर में शनिवार को आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर जिले के उपायुक्त अरवा राजकमल, विशिष्ट अतिथि के रूप में आरक्षी अधीक्षक आनंद प्रकाश समेत जिले के एडीसी, सरायकेला के बीडीओ. मृत्युंजय कुमार, आदित्यपुर नप के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह, राजनगर 17 की जिप सदस्य अमोदिनी महतो, झामुमो के केन्द्रीय सदस्य गोपाल महतो, जिला जन संपर्क कार्यालय से नंदन उपाध्याय आदि उपस्थित थे. मुख्य अतिथि डीसी अरवा राजकमल ने अपने संबोधन में कहा कि इस पत्रकार संगठन ने पिछले दो वर्षों में एक माइल स्टोन सेट कर एक दृष्टांत प्रस्तुत किया है.

उपायुक्त ने प्रेस क्लब को बधाई व शुभकामनाएं दी

उन्होंने प्रेस क्लब को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब कोई संगठन अपने उद्देश्यों को लेकर सच्चे मन से आगे बढ़ता है और समाज हित में काम करता है और उसमें सफल भी होता है. उन्होंने प्रेस क्लब को अपने स्तर

से हर मुमकिन सहयोग का आश्वासन दिया. इस अवसर पर जिले के पुलिस कप्तान ने भी संबोधित किया. उन्होंने प्रेस क्लब के तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह में उपस्थित महिला उद्यमी उषा रानी झा, दुर्गेश नंदिनी और आदित्यपुर नगर पार्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह ने भी अपने संबोधन में प्रेस क्लब की उपलब्धियों की प्रशंसा की. अध्यक्ष ने आगे पूरी निष्ठा और तत्परता से समाज व पत्रकार हित में कार्य करने का वचन दिया. इससे पूर्व क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत ने पिछले दो वर्षों के कार्यकाल और उस दौर की चुनौतियों का जिक्र करते हुए आगे पूरी निष्ठा और तत्परता से समाज और पत्रकार हित में कार्य करने का वचन दिया.

अतिथियों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सभी अतिथियों को अंग-वस्त्र, पुष्प-गुच्छ और मोमेंटो देकर स्वागत व सम्मानित किया गया. इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला क्षेत्र में कार्यरत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुर्गेश नंदिनी ने प्रेस क्लब को 101 किलो की फुल माला भेंटकर सम्मानित किया. अतिथियों के संबोधन के पश्चात क्लब के तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों को उपायुक्त ने शपथ दिलाई और प्रशस्ति-पत्र दिया. इस अवसर पर राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर एक मिनट का मौन रखा गया और राष्ट्र गान के साथ समारोह संपन्न हुआ. समारोह का संचालन कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन महासचिव रमजान अंसारी ने किया.

पैरामाउंट अकादमी मे पुरस्कार समारोह का आयोजन

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी प्रखंड संवाददाता हंटरगंज

चतरा (झारखंड) 08 अप्रैल 2023 :- हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा मे पैरामाउंट अकादमी मे पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि मुखिया श्रीमति रेणु देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील रजक, हाई स्कूल, उप प्राचार्य मुकेश प्रजापति, सहायक शिक्षक कृष्णदेव ठाकुर, सुनील कुमार, धीरज कुमार, दीपक कुमार, सुधीर कुमार, आनंद कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार, अन्य लोग ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कियो जिसमें वार्षिक परीक्षा मे वर्ग पंचम का छात्र तरुण कुमार पिता राम बरत पासवान के पुत्र ने पुरे विद्यालय मे टॉप कियो उस बच्चे को मुखिया द्वारा मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गयो एवं सभी बच्चे प्रथम, द्वीतीय, तृतीय अंक लाने वाले बच्चों को बारी - बारी से सम्मानित किया गयो उसके

बाद बच्चों में बहुत खुशी और उत्साह नजर आई जहाँ सभी मुख्य अतिथि एवं अन्य ने बारी - बारी से बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बच्चों को जागरूक कियो और बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया `विद्यार्थियों को सकारात्मक के साथ कुछ नया करने को लेकर प्रेरित कियो इस मौके पर मुखिया रेणु देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील रजक, सुनील कुमार, पत्रकार रोहित अलवेला एवम् निशांत तिवारी, सुधीर कुमार, हाई स्कूल के उप प्राचार्य मुकेश प्रजापति पारा शिक्षक कृष्णदेव ठाकुर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सहायक शिक्षक/शिक्षिका मनोज कुमार सिन्हा, सर्वेश कुमार, सुधीर पासवान, ममता कुमारी, अनु कुमारी, प्रियंका कुमारी, सहित अन्य सैकड़ो बच्चे एवं उनके अविभावक मौजूद थे

जंगली हाथियों का कहर जारी, बालीडीह ग्राम में जंगली हाथी के हमले से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

सुनील कुमार गुप्ता दैनिक समाज जागरण अनुमंडल संवाददाता चांडिल

सरायकेला (झारखण्ड) 8 अप्रैल 2023 :- बता दें कि हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है ' ग्रामीण लोग दहशत में हैं, आखिर अपना घर बार खेती-बाड़ी छोड़कर जाएँ तो कहां जाएँ ? क्या एक ग्रामीण की जिंदगी का कीमत सिर्फ ड्ड400000 ही रह गई है ? जो वन विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को हाथी द्वारा मारे जाने पर दिया जाता है ' क्या चार लाख देकर क्या कोई एक जिंदगी खरीद सकता है? यह बहुत सोचने विचारने की बात है! इस पर झारखंड सरकार और वन विभाग के अधिकारियों को हाथियों और ग्रामीणों के बीच होने वाले युद्ध जिसका खामियाजा हमेशा ग्रामीणों को ही उठाना पड़ता है, के बारे में कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है! ऐसे ही, एक बार फिर एक दर्दनाक घटना शनिवार की सुबह को देखने को मिला '

चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह ग्राम मे 52 वर्षीय रोहिणा मुंडा को पटक कर जान से मार डाला ' घटना

शनिवार सुबह की है रोहिणा मुंडा शौच के लिए अपने घर से आधा किलोमीटर दूर स्वर्णरेखा नदी के तट पर गया था ' जहां पर झुंड से बिछड़े एक हाथी ने अपनी चपेट में ले लिया, और उसे पटक कर मार डाला ' वही मौके पर ही उसकी मौत हो गई ' घटना की सूचना मिलने वन विभाग टीम की और से अधिकारी सनातन रामानी, मुकेश महतो एवं चौका थाना के पुलिस पहुंचे ' एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया ' वन विभाग की ओर से मृतक रोहिणा मुंडा की पत्नी भूबनी देवी को तत्काल ड्ड50,000 नगद दिया, बाकी ड्ड 3 5 0 0 0 0 मुआवजा कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद देने की बात कही ' मृतक रोहिणा मुंडा मूल रूप से तमाड़ क्षेत्र के जोजोडीह हाडाम का रहने वाला था ' वह अपने परिवार के साथ बीते 30 वर्षों से बालीडीह मे रह कर मजदूरी का काम करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था ' मृतक का 4 बेटी और 1 बेटा है, जिसमें दो बेटी की शादी हो चुकी है '

जींवत झांकी व लड़की बुलैट राईडर्स के साथ निकलेगी जन्मोत्सव शोभायात्रा:युवा वाहिनी

समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 8अप्रैल2023:-लड़की बुलैट राईडर्स व जीवंत झांकी व तरसा पार्टी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव शोभायात्रा में।शोभायात्रा में वाराणसी से शंख बजाने वाले विशेषज्ञों की विप्र टोली इस शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए सबसे आगे चलेंगे।इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी,

जन्मोत्सव शोभायात्रा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी(पिंकू तिवारी),प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय(लल्लू पांडेय) व पलामू जिलाध्यक्ष पंडित विकास दूबे ने बताया कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में जीवंत झांकी में भगवान परशुराम,

मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का दरबार,देवो के देव महादेव व बीर बजरंग बली पर आधारित जींवत झांकी की प्रस्तुती की जाएगी।उन्होंने बताया कि लड़की बुलैट राईडर्स शहर के लिए अनोखा दृश्य होगा और शहर में इस प्रकार की यह पहली प्रस्तुती होगी,वहीं शोभायात्रा में लाईव भक्ति जागरण भी प्रस्तुत किया जाएगा।जिसमें बाहर के कलाकारों के द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुती की जाएगी।उन्होंने कहा कि रेड़मा रांची रोड(ठाकुरबाडी. के नजदीक)स्थित राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय से 22 अप्रैल को संध्या तीन बजे शोभायात्रा

निकाली जाएगी जो पंडित चंद्रशेखर आजाद चौक (रेड़मा)होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहूँचेगी जहाँ मंग्ला काली मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया की शोभायात्रा वहाँ से निकलकर सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए बेलवाटिका के रास्ते से गुजरते हुए रेड़मा ठाकुरबाडी.में भव्य आरती के साथ समाप्त होगा।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा समापन के बाद मिलन समारोह सह रात्रि भोज के साथ शोभायात्रा उत्सव के समापन की घोषणा की जाएगी।

हाई स्कूल में रोजगार परामर्श कार्यशाला का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेनासोल में किया गया!

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड), 8 अप्रैल 2023:- भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम के अध्यक्षता में प्रदेश द्वारा निर्देशित हाई स्कूल में रोजगार परामर्श कार्यशाला का आयोजन उत्क्रमित उच्च

विद्यालय बेनासोल में किया गया! कार्यशाला में अतिथि और वक्ता के रूप में घाटशिला के पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व प्रत्याशी सह हाई कोर्ट के अधिवक्ता लखन मारडी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाबनी के प्रभारी डॉक्टर एस एल माडी, विद्यालय के प्रधानाचार्य मालती भगत सभी ने छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए कहे की समय का सदुपयोग करें, मेहनत में कंजूसी नहीं करें और एक लक्ष्य बनाकर पढ़ने की सलाह दिए! सभी वक्ताओं ने बहुत ही विस्तार पूर्वक रूप से छात्रों को जीवन के मूल- मंत्र छात्रों के कंधों में आने वाले समय में देश की जिम्मा उठाने का आह्वान किया! साथ ही माता पिता के आज्ञा का पालन करते हुए मन लगाकर पढ़ने का बात बोलें! प्रखंड प्रमुख ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा पढ़ाई में अगर संसाधन और साधन की कोई समस्या होगी या कोई बाधा होगी तो निसंकोच उनसे संपर्क करने को कहा ताकि समस्या का निदान हो सके! कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष भुकतु मारडी, विधानसभा प्रभारी परमीत पूर्ति, जिला उपाध्यक्ष लिटाराम मुर्मू शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे!

पाटकीता विद्यालय में घटिया निर्माण का निरीक्षण में पाई गई गड़बड़ी

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- प्रखंड प्रमुख सह जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रामदेव हेंब्रम ने पाटकीता में डीएमएफटी फंड से निर्माण हो रहा है विद्यालय का निरीक्षण किया निरीक्षण में मजदूरों और ग्रामीणों से बात करते हुए देखा

कि विद्यालय निर्माण में उपयोग किए जा रहे सरिया लोकल मार्केट की है मजदूरों को सरकारी दर नहीं दिया जा रहा है योजना स्थल पर प्रकलित राशि और मानव दर की कोई बोर्ड नहीं लगी हुई है! ग्रामीणों ने बताया विभाग के इंजीनियर कोई दिन आते नहीं है संवेदक को आज तक हम लोगों ने देखा नहीं किससे बात करें समझ में नहीं आ रहा है! प्रमुख ने सुपरवाइजर को कड़ा निर्देश देते हुए कहा दो दिनों के अंदर बोर्ड लगनी चाहिए और मजदूरों को उनकी सही मजदूरी दिया जाए अन्यथा आंदोलन होगी प्रमुख ने बताया विद्यालय की स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधि से लेकर विधायक सांसद तक को ज्ञापन सौपे थे बड़ी मशक्कत के बाद विद्यालय का निर्माण हो रहा है लेकिन इस प्रकार घटिया सामग्री लगाकर कार्य करने की संस्कृति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा! मौके पर जिला उपाध्यक्ष लीटा राम मुरमू, बागुन केराई ,कुनुराम सोरेन, दिनेश ,साधु चरण हेमराम, सूरज हेंब्रम और ग्रामीण उपस्थित रहे!

महान वैग्यानिक सर जगदीश चंद्र बसु के पौत्री का गिरिडीह में आगमन

दैनिक समाज जागरण कपिल कुमार मिश्रा ब्युरो चीफ गिरिडीह

गिरिडीह(झारखंड):-गिरिडीह में प्रसिद्ध साईंटिस्ट सर जगदीश चंद्र बसु के पौत्री सुप्रीया राय का आगमन हुआ।यहां सरस्वती विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यालय के पुर्व सचिव रुबिका राजगढिया ने सुश्री राय को शाल ओढाकर

सम्मानीत किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानीत किया।मौके पर विभाग सदस्य राम रतन महर्षी,उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिन्हा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानीत किया।सभा को संबोधीत करते हुए सुश्री राय ने कहा कि मै अपने दादाजी के धरती पर स्वयं को गौरवान्वीत महसूस कर रही हूं।मै खुद अंग्रजी शिक्षिका हुं,लेकिन अपनी मातृभाषा पर गर्व करती हुं।राम रतन महर्षी ने कहा कि रुचिका ने गुरु शिष्य परंपरा को जिवीत रखा।

मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया

दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता मोहनपुर देवघर

मोहनपुर देवघर (झारखंड) दिनांक 8 अप्रैल 2023:
9 अप्रैल 2023 को देवघर में आयोजित होने वाली बैठक को सफल बनाने हेतु मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई जो दिनांक 08 अप्रैल 2023 को मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के

पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक प्रखंड अध्यक्ष हेमंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मोहनपुर विवाह भवन में आहूत की गई। इस बैठक में बतौर अतिथि प्रखंड प्रभारी डॉ. अनुप कुमार ने भाग लिया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित जय भारत सत्याग्रह यात्रा के तहत 9 अप्रैल 2023 मे देवघर में आयोजित होने वाली बैठक को सफल बनाने के लिए आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में निम्न हस्ताक्षित पार्टी पदाधिकारीयो सदस्य एवं कार्यकर्ता ने भाग लिया। जिला सचिव कृष्ण यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष नारायण यादव, खुशवंत प्रधान, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप यादव, एससी एसटी मोर्चा गौतम तुरी,उमेश कुमार यादव,मंडल अध्यक्ष मुकेश दास, दिलीप कुमार, राज कुमार, गोपाल तांती, इन्द्रदेव यादव, शंकर दास, दामोदर राय, धमेर्दर पाडेण्य इत्यादि। इस दौरान बैठक में चर्चा की गई की सभी अपने पंचायत स्तर से जागरूक करें जिससे भारतीय जनता पार्टी ने देश में किस तरह महंगाई एवं बेरोजगारी उत्पन्न कर दी है जिन्हें लोगों को जागरूक किया जाए एवं इनके प्रति कोई बोलने वाले होते हैं उन्हें झूठे केस में फसाया जाते हैं।

चैती काली पूजा विधि विधान पूर्वक किया गया

दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल गोस्वामी फतेहपुर

जामताड़ा (झारखण्ड) अपने आप को समर्पित करके पूजा पाठ करने से मोक्ष मिलती है•••••••अनादि गोस्वामी

हिन्दु सनातन धर्मावलंबी का जीवनचर्या पूजा पाठ से ही शुरू होता है। सदियों से यह परंपरा को अपना आधार भूत मानकर हिंदू समुदाय के लोग विभिन्न देवताओं का सानिध्य मंदिर में जाकर समर्पित भावनाओं से माथा टेकते हैं। इसी सिलसिले में 33 कोटी देवताओं में से चैती काली पूजा अर्चना आज विभिन्न हिंदू बहुल प्रांत में करते चले आ रहा है। इसी मे एक फतेहपुर प्रखंड के सिमलाडंगाल पंचायत के अंतर्गत जोरडिहा गांव में चैती काली मां की पूजा अर्चना विधि विधान पूर्वक किया गया। पूजा अर्चना में मूल रूप से पुरोहित के रूप में अनादि



गोस्वामी ने पूरा किया। ढोल डाक शंख तथा उलूध्वनी के बीच सम्पन्न हुआ। बता दें यह पूजा अर्चना वार्षिक है उसमे महीना के शनिवार और मंगलवार को ही किया जाता है। पूजा अनुष्ठान में सक्रिय रूप से गांव के गड़ात दिलीप बाउरी तथा पूजा में अपना अहम योगदान साथी कुमारी कर रही थी। मौके पर श्रद्धालु एवं भक्तों अपने मन्नत को मनाने तथा जिसका मन्नत पूरा हो गया है। वह अपने गछती (कबुल) पूरा करने में मां के दरबार में बैठे हैं। विशेष बात यह है कि पूर्व में परंपरा के अनुसार छाग तथा बकरा का बलि की प्रथा चलते आ रहा था। लेकिन इस दौरान अनादि गोस्वामी ने बताया कि छाग बकरा का बलि मां के सानिध्य में देना सही नही समझा । मेरा विवेक ने यह कर्मों को कबूला नहीं ।इसलिए हम संज्ञान लेते हुए कई वर्षों से निरामिष पूजा अर्थात बिना बलि से ही पूजा पाठ शुरू कर दिए। वैसे ही पूजा अर्चना करते आ रहे हैं छाग व बकरा बलि देना बड़ी बात नहीं है ।आपने ऋतुओ को अनुशासित करके मॉ के सानिध्य होकर अपने आप को समर्पित भाव से पूजा करने से परम शांति एवं मोक्ष को प्राप्त होती है।

शोषण मुक्त समाज के निर्माण के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होगा--रूचिर तिवारी

समाज जागरण,बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 8अप्रैल 2023:- आज भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत ग्राम - हरैया में शाखा की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता लखन राम ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पार्टी जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता नवीकरण को समय पर करने को कहा और उन्होंने कहा कि नौडीहा बाजार के ग्राम, हरैया, अमवाडीह, हुलसी कला,करकटा सहित सभी गांव में पार्टी की सदस्यता बढ़ रही है इस इलाके में पार्टी की सदस्यता को दुगना करना है तभी हम शोषण मुक्त समाज की स्थापना कर सकेंगे। इस इलाके में पहले जमींदार परिवार के शोषण से मुक्ति कम्युनिस्ट पार्टी ने करवाया था आज उसी जमीन को पूर्व जमींदार परिवार के लोग प्रशासनिक और अंचलाधिकारी के सहयोग से गरीबों के जोत कोढ़ एवं घरबारी की भूमि से लोगों को उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है

उनके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज देश में मोदी सरकार ने आम जनता पर भिन्न भिन्न तरह के टैक्स, जीएसटी लादकर गरीबों को मंगहाई में झोक दिया और देश के पुंजीपतियो को मालोमाल कर दिया है। मनरेगा में को काम नहीं हो रहा है।खेत में अकाल पड़ा हुआ है। मजदूरों के पास कोई काम नहीं है। राज्य सरकार के पास विकास का कोई विजन नहीं है। ऐसी परिस्थिति में पार्टी ने भाजपा भगाओ देश बचाओ का नारा कम्युनिस्ट पार्टी ने दिया है ओर भाजपा को भगाने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत होना होना। बैठक में राजेंद्र बैठा, चलितर भूइंया, बिनोद भूइंया, सुनर भूइंया, रामानन्द भूइंया, कमल भूइंया, बिगन राम, सुबोध भूइंया, भजन भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे।

चालकों की सुरक्षा पर शिक्षकों की शिक्षा कारगर है-अविनाशदेव

समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 8 अप्रैल 2023:- बच्चों की पढ़ाई लिखाई कई चीजों पर निर्भर है। घर पर तैयार होने नास्ता करने से लेकर विद्यालय पहुँचने के बीच अनेक चीजों का सामना बच्चों को करना पड़ता है। जिसमें खास है स्कूल बस से विद्यालय आना जाना।सुरक्षित सफर बस चालक के हाथों में है इसलिए आज चालक उपचालक के साथ विद्यालय प्रशाल में प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने बैठक कर यातायात नियमों के पालन पर गहनता से चर्चा किये। चालक, उपचालक को संबोधित करते प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श ने कहा गाड़ी के चाल नियंत्रित हो,बच्चों के सामने धुम्रपान निषेध करें,चलती वाहन में कान में ईयरफोन का प्रयोग सर्वथा वर्जित करें,अश्लील संवाद से बचें। रास्ते में किसी प्रकार की व्यवधान उत्तपन्न हो तत्काल विद्यालय प्रबंधन को सूचित करें,

हमेशा यूनिफॉर्म में रहें,हमेशा शिक्षकों बच्चों से कुछ अच्छी बातों को अमल करें ताकि आपके व्यवहारिक जीवन में काम आ सकें। विद्यार्थियों को किसी प्रकार का प्रतिकूल असर न पड़े आप सबों को ख़्याल रखना है। बस में बैठे बच्चे देश व समाज के होनहार भविष्य हैं क्या पता कोई उट, उट्ट मुस्कुरा रहे हों। मैं चलभाष से सभी ड्राइवर हेल्पर को शुभकामनाइं प्रेषित किया और आगे चल कर कुछ बेहतर व्यवस्था बनाने की उम्मीद भी दिये। सरकार के दिशा निदेर्शों, उइरए के मानक अनुरूप बसों में सी सी टी वी कैमरा,जी पी एस लगा हुआ अत्याधुनिक तकनीक से परिपूर्ण सभी बसें है जिसे बच्चे हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और समय को भी बचाते हैं। चाहें तो अभिभावक हर समय का मुआयना कर सकते हैं कि हमारा बच्चा अभी कहाँ पहुँचा और क्या कर रहा है। हम बेहतर शिक्षा के दिशा में हर सुविधा प्रदान करने के लिए ततपर हैं। मेरा मकशद है गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उत्तम संस्कार से बच्चों के भविष्य निर्माण।

घाटशिला के होटल आनंदिता पैलेस में भाजपा पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती के अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न हुई

दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला प्रभारी नंदजी प्रसाद,वरिष्ठ नेता लखन मार्डी।

पूर्वी सिंहभूम झारखंड 08 अप्रैल 2023 - इस बैठक मे हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ, आंदोलन के तहत भाजपा झारखण्ड द्वारा आगामी 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सचिवालय घेराव कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम जिला के कार्यकताओं की भागीदारी के संबंध में चर्चा की गई।जिसमे जिला के सभी मंडलों के प्रत्येक पंचायत से लोगो का जाना सुनिश्चित की गई जिसका नेतृत्व पंचायत के कार्यकर्ता करेंगे।

सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा वर्तमान सरकार ने सिर्फ युवाओं को सपने दिखाने का काम किया है 5 लाख नौकरी , बेरोजगारी भत्ता और न जाने क्या क्या हकीकत इसके परे है प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं पर डंडे बरसा कर अपने बर्बरता को दशार्या है। झारखंड के युवा के साथ भारतीय जनता पार्टी हमेशा साथ थी और आगे भी रहेगी इसी आश्वासन के साथ 11 तारिक को सफल बनाने के लिए युवा वर्ग हमारे साथ है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ गोस्वामी ने कहा रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने, प्राकृतिक संसाधन की लूट-खसोट, महिलाओं पर हो रहे

अत्याचार, तुष्टिकरण की नीति,भष्ट्राचार एवं सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रांची के सड़को में भाजपा के एक एक कार्यकर्ता उतरकर इस अहंकारी सरकार को उखाड़ फेंकने की नीव रखेंगे।

पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने कहा हेमंत सरकार से जनता त्रस्त है,विकास ठप है,युवा बेरोजगारी से परेशान है,महिलाए असुरक्षित है,भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता त्राहिमाम कर रही है।

जिला प्रभारी नंदजी प्रसाद ने कहा 11 अप्रैल सचिवालय घेराव कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता एवं आम जन मानस भाग लेंगे।

मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश साव,चंडीचरण साव,सरोज महापात्र,किसान मोर्चा कोल्हान प्रभारी बबलू प्रसाद, जिला महामंत्री हराधन सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माला दे,एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महादेव बैठा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नौशाद अहमद, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामदेव हेंब्रम, सुरेश माहली, रोहित सिंह परमार, लक्ष्मण राव,संजय तिवारी, बिनोद सिंह, चंचल दास, राजकुमार कर, शतदल महतो,

दिलीप पुराण, आशीष महापात्र, मुकेश भकत,बिमल कालिंदी, अमरदीप शर्मा, पोल्टु सरदार, दीपेश शर्मा, विजय पांडेय मनोज प्रताप सिंह, गौर पत्रो, राजीव महापात्र, सुखेन दास उपस्थित थे।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका को नम आंखों से दी गई विदाई

दैनिक सामाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला

(झारखण्ड)8 अप्रेल- उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित शिक्षिका संध्या प्रधान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया. शनिवार को स्कूल परिसर में शिक्षक और स्कूली बच्चों शुभेक्षा समारोह का आयोजन किया गया. इसमें संध्या प्रधान को नम आंखों से विदाई दी गई. शुभेच्छा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुब्रता महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह मौजूद रहे. सम्मान पत्र समेत उपहार देकर किया गया सम्मानित मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षिका संध्या प्रधान को सम्मानित किया. वही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें सम्मान पत्र समेत उपहार से सम्मानित किया. कार्यक्रम में बच्चों ने ह्लगुरुवर ना जाओ छोड़कर यह कहती है धड़कनह्व गीत प्रस्तुत कर सभी को भावुक कर दिया. सेवानिवृत शिक्षिका संध्या प्रधान ने कहा कि भले ही स्कूली पठन-पाठन कार्य से सेवानिवृत्त हुई है. लेकिन शिक्षा और बच्चों से दूर नहीं है. स्कूल में रहकर जो कार्य शिक्षा के लिए नहीं कर पाई वह अब सेवानिवृत्त होकर करेंगी. प्रधान ने कहा कि यह स्कूल इन के लिए रणक्षेत्र से कम नहीं था जिसे एक मुकाम तक पहुंचाया है. कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरेंद्र नारायण सिंह ने संध्या प्रधान के शिक्षा जगत में अतुलनीय योगदान की सराहना की. कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नथुनी सिंह, सिंहभूम बंगीय एसोसिएशन के संरक्षक पीके नंदी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे

रांची में बंद का असर शुरू

सड़कों पर उतरे आदिवासी संगठन, रांची प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

संजय सिंह, ब्यूरो चीफ सह प्रभारी, समाज जागरण

दक्षणी छोटा नागपुर प्रमंडल,राँची (झारखंड) 08 अप्रैल 2023:- राजधानी रांची में कई आदिवासी संगठनों के लोग शनिवार की सुबह से रांची बंद कराने में लग गये हैं. सरना झंडा के अपमान के विरोध में सड़कों पर जहां-तहां पारंपरिक हथियारों, लाठियां लेकर आवागमन बाधित कर रहे हैं. बिरसा चौक पर चारों ओर से घेराबंदी कर दी है और टायर जलाए जा रहे है. रातू रोड-बिरसा चौक बायपास रोड को भी डिस्टर्ब कर रखा है. इससे इस रूट पर स्थित डीपीएस स्कूल सहित अन्य स्कूलों, संस्थानों में आने जाने वाले स्टूडेंट्स और अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है. इसी तरह राजधानी के अन्य हिस्सों में भी परिवहन सेवाओं पर असर पड़ा है. इधर, रांची जिला प्रशासन ने सीएम

आवास, सचिवालय की 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा रखी है. डीसी और एसएसपी 7 अप्रैल को संयुक्त आदेश जारी कर इस संबंध में चेतावनी जारी कर दी थी. इसका उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही थी. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने को 1500 जवानों की मदद शहर भर में ली गई है.झारखंड प्रदेश पाहन महासंघ के जगदीश पाहन, चंदन पाहन और अन्य पिछले कुछ दिनों से मांग करते आ रहे हैं कि सरना झंडा का जहाँ तहाँ अपमान हुआ है. ऐसा करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए. ऐसा नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन होगा. इसके बाद 7 अप्रैल को मशाल जुलूस निकाला गया. अब शनिवार को संगठनों के लोग रांची बंद के लिए सड़कों पर उतर गये हैं.

मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती सीमा कुमारी द्वारा कुईलीसुता पंचायत का औचक निरीक्षण किया

समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन प्रखंड संवाददाता मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- आज दिनांक 08.04.2023 को मुसाबनी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती सीमा कुमारी द्वारा कुईलीसुता पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मनरेगा योजना से क्रियान्वयन योजना, आम बागवानी, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित कर्मचारियों को आवश्कता अनुसार दिशा-निर्देश भी दी गई। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा मनरेगा के तहत चल रहे दीदी बाड़ी योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत संचालित आम बागवानी का निरीक्षण किया। लाभुको द्वारा आम बागवानी पर किए गए मेहनत से काफी संतुष्ट दिखे और उसे आम के सिचाई के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद पास में ही मनरेगा योजना के तहत डोभा एवं तालाब में काम कर रहे मजदूरों से बात चीत कि गई। तथा सभी मजदूरों से अपिल की गई कि

किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो तत्काल प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेग या फिर हमको सूचित करें। कार्य स्थल में जॉब कार्ड, मजदूरों के लिए पानी, दवाई किट आदि का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत आवास योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द ससमय आवास को पुनः करे ताकि गृह प्रवेश कराया जा सके तथा संबंधित पंचायत सचिव को निर्देश दी गई किसी भी प्रकार से कोई परेशानी होती है तो तत्काल सूचित करेगें। ऑगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया केन्द्र में बहुत कम ही बच्चे उपस्थित है इसपर सेविकाओं निर्देशित किया गया कि किस परिस्थिति में कम बच्चे उपस्थित हुए है आपके द्वारा गांव में जागुरूकता अभियांन चलाया जाए ताकि अधिक से अधिक बच्चे उपस्थित हो सकें। इसके बाद बच्चों के लिए बनाया जा रहा भोजन के गुणवक्ता की जांच की गई और सेविकाओं को आवश्कता अनुसार दिशा-निर्देश दी गई।

चौथे दिन कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने की है योजना

दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता ,मुसाबनी

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),8अप्रैल 2023:- कुड़मी को आदिवासी का दर्जा देने की मांग को लेकर कुड़मी समर्थकों का चौथे दिन भी रेल चक्का जाम खेलासुली स्टेशन पर जारी है. रेल चक्का जाम से रेलवे को भारी राजस्व की क्षति हो रही है. इसको ध्यान में रखते हुये चौथे दिन कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने की योजना बनायी गयी है. मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को भेजा गया है. शाम तक आवागमन सामान्य करने की कवायद चल रही है.चारों तरफ से कई राज्यों से भेजा गया फोर्स कुड़मी समर्थकों को रेलवे लाइन से हटाने के लिये कई राज्यों से पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा गया है. वे किसी से बात भी नहीं कर रहे हैं. ऐसे में समस्या का समाधान होता नहीं दिख रहा है. रेल चक्का जाम की जानकारी पीएम मोदी को पहले दिन ही मिल गयी थी,

लेकिन यह घाव अब ठीक होने के बजाये नासुर बनता जा रहा है.

बलपूर्वक हटाने की कवायद रेलवे की ओर से कुड़मी समर्थकों को खेलमासुली स्टेशन से बलपूर्वक हटाने की योजना बनायी गयी है. रेलवे की यह योजना कितनी कारगर साबित होती है यह समय ही बतायेगा. देश को झकझोर दिया है रेल चक्का जाम ने कुड़मियों का रेल चक्का जाम का प्रभाव सिर्फ झारखंड, बंगाल या ओड़िशा पर ही नहीं पड़ा है बल्कि इसका असर पूरे देश में पड़ रहा है. चर्चा यही हो रही है कि क्या केंद्र सरकार भी इस समस्या का समाधान कर पाने में सक्षम नहीं है. इसके पहले भी रेल चक्का जाम स्टेशनों पर किया जाता रहा है, लेकिन लगातार चार दिनों तक नहीं पहुंचता था. कुड़मियों का रेल चक्का जाम से पूरी अर्थव्यवस्था ही चरमराती दिख रही है.

कुड़मी / कुरमी जनजाति को एसपी में शामिल करने की मांग को लेकर रेल और हाईवे का चक्का जाम से जानता हल्कापन, ट्रेनें रद्द, सामानों की ढुलाई प्रभावित, कीमतों में बढ़ोतरी

दैनिक समाज जागरण, रंजीत राणा अनुमंडल संवाददाता, जादूगोड़ा

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) 08 अप्रैल 2023 - कुड़मी / कुरमी जनजाति को एसटी में शामिल करने और कुड़मी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में शामिल करने की मांग को लेकर रेल चक्का जाम अब हाईवे तक पहुंच चुका है, आज शनिवार है। और लगातार चौथे दिन भी जाम बदस्तूर जारी है, जिसके कारण सामान्य जन - जीवन अस्त - व्यस्त सा हो गया है, पश्चिम बंगाल के खेमाशूली में जाम का नजारा देखने लायक है, अब तो इस आंदोलन में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हो चुकी है, ज्ञात हो कि कुड़मी नेता राजेश महतो के नेतृत्व मैं विगत 4 अप्रैल से हाईवे छोटी 49 को जाम रखा गया है वही 5 अप्रैल से रेलवे लाइन को जाम कर सभी आंदोलनकारी पटरी पर डेरा डाल कर बैठ गया मालवाहक और पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह से ठप पड़ गया है, जिसके कारण एक और जहां जानता के लिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन मुश्किल हो गया है वही रोजना जरूरत के सामानों की धुलाई भी बंद है जिसके कारण सब्जी फलों समेत दूसरी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है, गरीबों की थाली से सब्जियां गायब हो रही है ट्रेन में सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले वेंडरों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हुई है कुल मिलाकर इस आंदोलन में स्थिति और भी विकट होती जा रही है, मगर सरकार के स्तर से इस दिशा में कोई भी पहल नहीं की जा रही है, जो गहन चिंता का विषय है इधर आंदोलनकारी 1 इंच भी पीछे हटने के लिए तैयार नहीं दिखते

आदिवासी कुड़मी समाज के नेताओं ने साफ कर दिया है कि जब तक उसकी मांगे मानी नहीं जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

कुड़मी/ कुरमी जाति के लोग क्यों कर रहे हैं आंदोलनः

झारखंड में कुड़मी / कुरमी जाति की बहुलता है, इनकी जमीन सीएनटी के दायरे में आती है, झारखंड से लगे पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के सीमावर्ती इलाकों में भी कुड़मी / कुरमी जाति के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं, उनकी लंबे समय से मांग है कि उन्हें एसटी यानी अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिलना चाहिए, समाज की तरफ से कुरमाली भाषा को भी आठवीं सूची में शामिल करने की मांग की जा रही है,

किस के बैनर तले हो रहा है आंदोलनः

कुड़मी / कुरमी जाति को एसटी का दर्जा नहीं देने की मांग को लेकर तीन राज्यों में आंदोलन चल रहा है, इसकी शुरूआत पश्चिम बंगाल के कुड़मी समाज और आदिवासी कुड़मी समाज की ओर से किया गया है इसका समर्थन झारखंड के कुड़मी / कुरमी विकास मोर्चा और कुड़मी संस्कृति विकास समिति कर रही है, इस आंदोलन को ओडिशा की कुड़मी सेना भी समर्थन प्राप्त है आंदोलन में एकजुटता बनाए रखने के लिए रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होता है।